

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 317 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 04 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## राजस्थान: एम्बुलेंस के थमे पहिए,

### कर्मचारी उतरे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, मरीजों की बढ़ी मुश्किलें



जयपुर. राजधानी जयपुर में प्रदेश के एम्बुलेंस कर्मचारी खुद को संविदा रूल्स में शामिल किए जाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं. एम्बुलेंस सेवा 108 और 104 के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में जयपुर में जुटकर सरकार से संविदा नियमों में एम्बुलेंस कर्मियों को शामिल किए जाने की मांग की. राजस्थान के एम्बुलेंस कर्मी पिछले 10 बरसों से ठेका प्रथा बंद करने की लगातार मांग कर रहे हैं. एम्बुलेंस कर्मियों के प्रदेश अध्यक्ष सूजाराम सारण का कहना है कि हमारी सरकार से एक ही मांग है कि एम्बुलेंस कर्मियों को संविदा नियमों में शामिल किया जाए.

सारण ने कहा कि हम नहीं चाहते हैं कि किसी मरीज को परेशानी हो लेकिन सरकार हमें आंदोलन के लिए मजबूर कर रही है. बता दें की प्रदेश में 6200 एम्बुलेंसकर्मी हैं. 108 और 104 की 900 एम्बुलेंस रविवार से सड़कों पर दिखना बंद हो गई हैं. एम्बुलेंस कर्मियों के हड़ताल पर जाने से मरीजों एवं सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए बड़ी समस्या पैदा हो सकती है. एम्बुलेंस कर्मियों का कहना है कि इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी.

**सरकार से कर रहे स्थाईकरण की मांग**

एम्बुलेंस कर्मचारी संघ के बैनर तले चल रहे इस आंदोलन की मुख्य मांग ठेका प्रथा को समाप्त कर एम्बुलेंस कर्मचारियों को संविदा कर्मचारी मानकर स्थाईकरण करने की है. आंदोलन कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि संविदा पर काम कर रहे कर्मचारियों को स्थाईकरण का लाभ मिलता है लेकिन एम्बुलेंसकर्मी आज भी कम वेतन में काम करने के लिए मजबूर हैं. सरकार हमें जल्द से जल्द संविदा रूल्स 2022 में शामिल करने की हमारी मांग को स्वीकार करे.

### 2 साल पहले स्वास्थ्य विभाग के साथ वार्ता रही थी विफल

राजस्थान एम्बुलेंस कर्मचारी यूनियन द्वारा 2 साल पहले किए गए आंदोलन में स्वास्थ्य विभाग के साथ वार्ता विफल हो गई थी. उसके बाद कर्मचारियों ने आंदोलन का ऐलान किया था. एम्बुलेंस कर्मचारियों की मांग थी कि 20 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी के साथ 8 घंटे का कार्य समय तय किया जाए. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में 20 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी पर तो सहमति बन गई थी लेकिन 8 घंटे कार्य समय पर वार्ता विफल रही थी.

## हरियाणा में अभी जारी रहेगी गर्मी, बारिश की संभावना नहीं ! अगले 5 दिन ऐसा रहेगा मौसम

समाज जागरण




हरियाणा में आज यानी रविवार को भी मौसम साफ है और सुबह से धूप खिली हुई है. मॉनसून पर ब्रेक सा लग गया है. पिछले कई दिनों से राज्य में बारिश नहीं हुई है जिससे लोगों को गर्मी और उमस झेलना पड़ रहा है. मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में भी लोगों को गर्मी से निजात नहीं मिलेगी. शनिवार को भी प्रदेश में मौसम साफ रहा और आसमान में दिन भर धूप खिली रही.

मौसम विभाग के पूवार्नुमान अनुसार रविवार को भी हरियाणा में मौसम साफ रहेगा और बारिश की कोई संभावना नहीं है. आने वाले पांच दिनों में भी यहां बारिश होने की संभावना नहीं है. पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल में मौसम शुष्क ही रहेगा. साथ ही, दक्षिण और दक्षिण पूर्व हरियाणा के महेंद्रगढ़ रेवाड़ी, झज्जर, गुरुग्राम, नूंह, पलवल, फरीदाबाद, रोहतक, सोनीपत, पानीपत जिलों में भी बारिश होने की संभावना नहीं है. वहीं, पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम हरियाणा के सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद, भिवानी, चरखी दादरी में मौसम पूवार्नुमान के अनुसार मौसम शुष्क रहने वाला है.

शनिवार के तापमान की बात करें तो, राज्य के हिसार जिले में सबसे अधिक तापमान रहा. यहां 39.1 डिग्री अधिकतम और 24.9 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया. महेंद्रगढ़ में भी न्यूनतम तापमान 24.9 डिग्री दर्ज किया गया.

### माता प्रथम गुरु, इसलिए जो साक्षर नही उनके लिए एक मुहिम

## प्राथमिक विद्यालय में माताओं को साक्षर बनाने की चल रही मुहिम

**हम बनेंगे साक्षर, खुद करेंगे अपना हस्ताक्षर हौसले के साथ सहभाग**

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के मामले में जनपद में बेहतर प्रदर्शन क[illegible] मिक विद्यालय [illegible] एक अनूठे प्रयास ने एक और कीर्तिमान की ओर कदम बढ़ाया है. विद्यालय ने बच्चों के साथ निरक्षर माताओं को भी साक्षर करने का कार्य जारी रखा है। निरक्षर माताएं भी हम बनेंगे साक्षर खुद करेंगे हस्ताक्षर हौसले संग सहभागिता रहीं हैं।





प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक प्रतिमा उपाध्याय पीहू के इस अभियान की सराहन पूरा जनपद पूरे मनोयोग से कर रहा है। प्रतिमा उपाध्याय ने विद्यालय में उपस्थित माताओं द्वारा जब अंगूठा लगाने की स्थिति देखी तो निश्चय किया कि अब बच्चों की शिक्षा के साथ उनकी माताओं को भी साक्षर किया जाएगा। बच्चे शिक्षित होंगे और माताएं साक्षर। प्राथमिक विद्यालय अमृतपाली के सभी अध्यापकों ने प्रधानाध्यापिका के इस अभियान का समर्थन किया और सभी ने माताओं को साक्षर करने का कार्य प्रारंभ कर दिया. निरीक्षर माताओं ने भी विद्यालय के इस मुहिम में इस नारे के साथ सहभाग किया कि "हम बनेंगे साक्षर अब करेंगे अपना खुद हस्ताक्षर"।

### स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतलाकिया दहन

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद। भारतीय सवर्ण महासभा के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में बंबा चौराहे पर ब्राह्मण विरोधी सनातन धर्म विरोधी



मानसिकता और बयान देने पर स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला दहन किया गया और मुरादाबाद के नारे लगाए

प्रदेश अध्यक्ष संजीव उपाध्याय ने कहा स्वामी प्रसाद मौर्य लगातार सनातन धर्म ब्राह्मण विरोधी बयान देकर अपमान करने का काम कर रहे हैं। निश्चित तौर पर इसकी जांच होनी चाहिए यह एक बड़ी साजिश हो सकती है क्योंकि ब्राह्मण समाज सनातन धर्म का हमेशा प्रचार करता है। आज भारत और विश्व में सनातन धर्म का झंडा बुलंद है उसे कमजोर करने के लिए ऐसे नेता खुलेआम अपमान कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार को ऐसे नेताओं पर कार्रवाई करनी चाहिए जिससे किसी भी जाति व धर्म का अपमान ना हो सके पुतला दहन में अंकित ठाकुर सोम कुमार उपाध्याय विनोद दीक्षित विष्णु कांत पचौरी पवन शर्मा संजय शर्मा आदि।

### कराह रहे है जनता, बुद्धिजीवी और पत्रकार !!!

## जहां जाओगे ,हमें पाओगे। हम से बचकर कर अजी तू कहां जाओगे - थानेदार! कटुसत्य।।

## गर्दन पर लटका है एससी एसटी एक्ट एवं महिला उत्पीड़न की तलवार !!

**वाह रे बिहार ! पार्ट : -6,**

**लूट की राशि से मालामाल होते जा रहे हैं थानेदार, पंचायती राज्य व्यवस्था के अधिकारी एवं पंयायत सरकार!!!! वाह रे बिहार!!!!!**

दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र ,ब्यूरोचीफ बिहार- -झारखंड प्रदेश /धनंजय कुमार विधि संवाददाता/ सत्य प्रकाश नारायण सहायक विधि संवाददाता बिहार- झारखंड तथा अन्य सहयोगी संवाददाता का संयुक्त रिपोर्ट।




बिहार प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था की एक झलक में थानेदारों का भूमिका लुटेरे वर्ग को संरक्षण प्रदान करता है। सरकारी राशि एवं सरकारी संपदा की लूट का पोषक थानेदार " फिल्मी स्टाइल में" कहा करते हैं ,जहां जाओगे ,हमें पाओगे। हम से बचकर कर अजी तू कहां जाओगे ! पत्रकारों को नसिहत देते हुए कहा जाता है कि, आप चाहे जहां भी जाए ,जांच यहां ही आना है, और जब हम चाहेंगे तभी आपको न्याय मिलेगा ! नहीं चाहेंगे तो न्याय संभव नहीं है ।ऐसी बातें, कोई एक दो अधिकारी द्वारा नहीं कही गई है ! ऐसी बातें करने वाले अधिकारियों का औरंगाबाद जिले में ताता लगा हुआ है।


वर्तमान हालातों से ऐसा प्रतीत होता है कि अनैतिक कार्य को अंजाम देने वाले लोग का औरंगाबाद बाद जिला के संबंधित थाने के अधिकारी गुलाम बन चुके हैं। ऐसा कोई एक दो उदाहरण नहीं है सैकड़ो उदाहरण है !

आखिर उद्देश्यों से भटक चुके हैं संबंधित थानेदार एवं सहायक दारोगा जी,अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके चहते दबंग लोगों, अनैतिक रूप से नौकरी प्राप्त करने वाले , सरकारी योजनाओं को लूटने वाले ,सरकारी संपदा एवं वन संपदा को लूटने वाले , हरे वृक्षों की कटाई कर अवैध रूप से बेचने वाले के प्रति औरंगाबाद जिले के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मेहरबान क्यों है? यह लोगों की समझ से परे हो चुका है!

### आखिर जिला प्रशासन के साथ ऐसी कौन सी मजबूरियां है?

.... जो क्षेत्र में आतंक का पर्याय बन चुके थानेदार, संबंधित अधिकारी व कर्मचारी, क्षेत्रीय विचौलीय एवं अनैतिक रूप से नौकरी प्राप्त कर चुके लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने के जगह तमाशबीन हैं और सभी साक्ष्यों के बाबजूद भी जॉच के नाम पर उद्देश्यों से भटक चुके लोगों एवं अनैतिक रूप से नौकरी प्राप्त कर चुके लोगों के बचाव में तमाम अधिकारी लगे हुए है। यह सर्वेक्षण रिपोर्ट दैनिक समाज जागरण टीम का सच्ची घटना से अधारित हैं ,शेष अगले अंक, गतांक से आगे.....

## ओणम के दौरान केरल में खरीदी गई 759 करोड़ की शराब



समाज जागरण

केरल में ओणम के खास अवसर पर दो दिनों के लिए शराब की सभी दूकानें बंद की गई थी। इसके बाद भी आलम ये रहा कि केरल में लोगों ने चंद्रयान 3 की लागत से भी ज्यादा शराब की खरीदारी कर डाली। राज्य सरकार ने शराब की बिक्री से हुए फायदे को ध्यान में रखते हुए कई अहम निर्णय भी लिए। त्योहारों के समय पर स्टाफ को लोगों के साथ को-ऑपरेट करने के लिए कहा गया है।

ओणम सेलिब्रेशन के दौरान केरल में लोगों ने 759 करोड़ रुपए की शराब खरीदी। सबसे हैरत करने वाली बात ये है कि इससे कम चंद्रयान 3 की लागत है। चंद्रयान 3 की कुल लागत 600 करोड़ रुपए है। केरल की स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन ने ओणम के चलते बुधवार और गुरुवार को शराब की दूकानें बंद कर दी थीं जिसके बावजूद राज्य में दस दिनों के भीतर ही रिकॉर्ड तोड़ शराब खरीद ली गई। पिछले साल के मुकाबले शराब की खरीदारी में 8.5 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है।

### लोगों को भाई रम, तो जमकर लुटाए शराब पर पैसे

ओणम की शाम यानी उथराधम के दौरान केरल में Bevco ने 116 करोड़ रुपए की शराब बेची। न्यूज मिनट की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में ओणम के त्योहार वाले हफ्ते में कुल 624 करोड़ रुपए की शराब बिक्री हुई थी। 2021 में में भी इस खास त्योहार के समय 529 करोड़ रुपए की शराब लोगों ने खरीद डाली थी। केरल में इस दौरान खंदल्ल ब्रांड की खास रम सबसे ज्यादा बेची जाती है। 21 अगस्त से लेकर 30 अगस्त के बीच इस शराब के 70,000 केसों की बिक्री हुई थी। कम कीमत की ये रम पूरे राज्य में खासकर फाइनेंशियल तौर पर कमजोर तबकों में सबसे ज्यादा पॉपुलर है।

### त्योहारों के समय शराब की बिक्री में इजाफा

इस साल केरल के त्रिस्सुर जिले, तिरुर, मलप्पुरम और इरिजलाकुडा में सबसे ज्यादा शराब बेची गई। उथराधम के दौरान इरिजलाकुडा के एक आउटलेट ने 1.06 करोड़ की अल्कोहल बेचकर पूरे राज्य में टॉप किया। अल्कोहल की इस मेगा सेल ने राज्य सरकार को फाइनेंशियल क्राइसिस से थोड़ी राहत दी है। राज्य सरकार ने त्योहारों पर ज्यादा शराब की सेल को देखते हुए स्टाफ को ज्यादा को ऑपरेट करने की सलाह दी है। साथ ही कस्टमर्स के लिए ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा का ऑप्शन भी देने के निर्देश दिए। सरकार ने पीक सीजन के दौरान स्टाफ को छुट्टियाँ ना लेने का भी अनुरोध किया है।

## IAS संजय खत्री बनाए गए एसीईओ नोएडा प्राधिकरण, मानवेन्द्र सिंह होंगे मुरादाबाद के डीएम

**समाज जागरण**

नोएडा आथारिटी के एसीओ बनाए गए आईएएस संजय खत्री, वही वर्तमान एसीओ आईएएस मानवेन्द्र सिह को मुरादाबाद मे जिलाधिकारी के पद पर तैनाती मिली है। आईएएस संजय खत्री 2010 बैच के आईएएस है और अपनी शादी को लेकर काफी सुर्खियों मे रहे है। आईएएस होने के बावजूद एक साधारण परिवार के लड़की से विवाह करने पर लोगों ने काफी सराहा था। उस समय मे गाजीपुर मे जिलाधिकारी के पद पर तैनात थे ।लड़की से मुलाकात एक जिलाधिकारी और फरियादी के तौर पर हुई थी जो बाद मे साथ फेरे लेकर जीवन संगीनी बनी। इसको लेकर लोगों ने काफी सराहना की।







वर्तमान मे आईएएस संजय खत्री, मानवेन्द्र सिंह का स्थान लेंगे जिनको मुरादाबाद के जिलाधिकारी पद पर तैनाती मिली है। आईएएस संजय खत्री इससे पहले गाजीपुर, रायबरेली और प्रयागराज के जिलाधिकारी रह चुके है।

नोएडा मे फैले अतिक्रमण और प्राधिकरण मे फैले भ्रष्टाचार को कितना कम कर पायेंगे यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

## नोएडा सेक्टर 78 : भव्य श्रीकृष्णाजन्माष्टमी महोत्सव 7 सितंबर को।

**समाज जागरण डेस्क नोएडा**

नोएडा सेक्टर 78 स्थिति अंतरिक्ष गोल्फ ब्यू मे श्रीकृष्णाजन्माष्टमी का भव्य आयोजन किया जायेगा। मंदिर समिति के तत्वावधान मे आयोजित होने वाली इस भव्य आयोजन मे मथुरा के प्रसिद्ध रासलीला मंडली के द्वारा दानलीला तथा कृष्ण सुदामा का लीला मंचन किया जायेगा।

इस धार्मिक आयोजन मे बच्चों के आकर्षण के लिए भी व्यवसथा होगा, जिसमे बच्चे हेतू लक्की ड्रा, टैटू आर्टिस्ट, कार्टून कैरेक्टर , छोटा भीम और अन्य उपहार शामिल है।




कार्यक्रम के निर्धारित समय सारिणि कुछ इस प्रकार से है: दोपहर साढ़े तीन बजे सोसायटी मे शोभा यात्रा निकाली जायेंगी। शाम के 4 बजे से 7:45 तक बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। रात्री 8 बजे से रात्री 12 बजे तक मथुरा के रासलीला मंडली के द्वारा दानलीला तथा कृष्ण-सुदामा लीला का मंचन होगा। इसके पश्चात माखन मिश्री एवं फलो का प्रसाद वितरण किया जायेगा।

## अमेरिका अब रोबोटिक ड्रोन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से चीन का मुकाबला करेगा'

# अमेरिकी भारत संबंधों में और प्रगढ़ता की आवश्यकता

**दैनिक समाज जागरण**

वाशिंगटन की एजेंसी के अनुसार अमेरिका को भारत की चीन के बढ़ते प्रभाव और विस्तारवाद के खिलाफ ज्यादा आवश्यकता होगी' भारत के तेजी से विज्ञान टेक्नोलॉजी और प्रतिरक्षा में बढ़ते कदम को देखते हुए अमेरिका की उप रक्षा मंत्री ने अपने बयान में कहा है की प्रशांत महासागर में ड्रैगन की बढ़ती हसरतों को रोकने के लिए भारत से ज्यादा से ज्यादा प्रतिरक्षा समझौते और सामरिक संयुक्त सैन्य अभ्यास की जरूरत होगी। उन्होंने कहा है कि अमेरिका अब चीन की बढ़ती ताकत को रोकने के लिए हजारों स्वायत्त हथियार प्रणालियों का उपयोग करने की योजना बना रही है।इसके लिए अमेरिका एक विशेष रिप्लिकेटर सामरिक प्रणाली का उपयोग युद्ध के मैदान में करने जा रही है इसके लिए रोबोट और और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा स्वचालित शास्त्रों से लैस ड्रोन पद्धति से युद्ध लड़ने पर विचार कर रही है।अब युद्ध का भविष्य बदल चुका है पहले रोबोट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विचारों में था लेकिन अब उसे हकीकत में बदलने समय आ गया है। युद्ध के उद्देश्य के लिए रोबोटिक प्रणाली का ज्यादा से ज्यादा सर्वोत्तम उपयोग किया जाना होगा गौरतलब है कि यूक्रेन में रूस के साथ युद्ध में दिखा दिया है कि रोबोट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का वास्तविक दुनिया में कैसे उपयोग किया जाता है। रूस और यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन ने रूस के खिलाफ बख्तरबंद वाहनों और तोपखाने का पता लगाने के उन पर रोबोटिक तथा ड्रोन से व्यापक हमले का उपयोग किया है यूक्रेनी नौसेना ने अपने हमलावर ड्रोन से रूस के काला सागर फ्लीट को लगभग पंगु बनाकर उन्हें युद्ध पोत बंदरगाह से आगे नहीं बढ़ने दिया है। इसके अलावा यूक्रेन ने मास्को में ड्रोन अटैक से रूस के मुख्यालय में राष्ट्रपति पुतिन और उसके कमांडरों को मुसीबत में डाल दिया था। उपसेना प्रमुख ने बताया कि अमेरिका की जिम्मेदारी रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को न सुरक्षित रख पाने और चीन पर ताइवान की कुदृष्टि से बचाने के लिए जिम्मेदारी बहुत अहम हो जाती है। ऐसे में अमेरिका तथा नाटो देश अपने दुश्मनों के खिलाफ स्वायत्त रक्षा प्रणाली जिसका सीधा-सीधा मतलब ऐसे रोबोट के उपयोग से है जिसे मानव हस्तक्षेप के बिना जटिल सेवा के अभियानों को अंजाम दिया जा सकता है। इसके अलावा एंट्रीटेबल रक्षा प्रणाली जिसका अर्थ रोबोट को इतना सस्ता बनाकर उसे उच्च प्राथमिकता वाले सेना के मिशन में रोबोट को जोखिम में डालकर इसके नष्ट होने का खतरा मोल लिया जा सकता है। यह रोबोट बहुत ही किफायती होंगे इसलिए इन्हें बड़ी संख्या में बनाया जा सकता है एवं अन्य देश इसे खरीद भी सकते हैं जिसके फल स्वरुप युद्ध में नुकसान की भरपाई की जा सकती है।

अब यह तो अब तय हो चुका है कि युद्ध अब अत्यधिक आधुनिक रोबोट टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपकरणों से लड़े जाएंगे इसके अलावा यदि विश्व युद्ध होता है तो जैविक हथियारों के साथ परमाणु बम का इस्तेमाल भी किया जा सकता है पर यह मानवीय सभ्यता के लिए बहुत ही ज्यादा खतरनाक एवं विनाशकारी होगा। इसका सबक अमेरिका द्वारा जापान के हिरोशिमा तथा नागासाकी में किए गए परमाणु विस्फोटों से ले सकते हैं। भारत सदैव युद्ध के खिलाफ रहा है और परमाणु बम के परीक्षण के समय ही यह नीति स्पष्ट कर दी थी की भारत अपनी रक्षा के लिए परमाणु बम तथा सेना का उपयोग युद्ध के समय करेगा। पर भारत की परमाणु तथा सामरिक शक्ति के अलावा स्पेस टेक्नोलॉजी के बढ़ते प्रभाव के कारण यूरोपीय तथा अमेरिका के सहयोगी देश अब भारत की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाने के लिए आकर्षित होने लगे हैं। भारत की चंद्रयान तीन की सफलता के बाद भारत का कद अब स्पेस रिसर्च में भी काफी ऊंचा हो गया है चंद्रमा के साउथ पोल में पहुंचने वाला पहला देश बनने के बाद भारत की हैसियत गिनती के देशों में होने लगी है। कुल मिलाकर वैश्विक परिदृश्य युद्ध की पृष्ठभूमि भूमि को तैयार करने में लगा हुआ है। रूस का चीन की तरफ बढ़ता हुआ दोस्ताना रुख, अमेरिका तथा नाटो देशों को चिंता में डाल रहा है और यही वजह है कि एशिया में अमेरिका,ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, फ्रांस, कनाडा ,इजरायल अपने शांतिप्रिय मित्र भारत की तरफ तेजी से मित्रता बढ़ाने के लिए अग्रसर हो रहे हैं। यह भारत के लिए शुभ संकेत भी है पर भारत के लिए यह अत्यंत सावधानी का विषय होगा कि वह अपने परंपरागत मित्र रूस से मित्रता में कहीं भी कमी ना आने दे यही भारत की कूटनीतिक सफलता होगी।



**संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# चांद के बाद अब भारत की सूरज पर छलांग

**दैनिक समाज जागरण**

भारत की कामयाबी और सफलता पर आज दुनिया आश्चर्य चकित है। भारत ने दस दिन में ही चांद के बाद अब सूर्य पर छलांग लगा दी। दस दिन पूर्व चंद्रयान के चांद के दक्षिण ध्रुव पर कामयाब लैंडिग के बाद भारत का अंतरिक्ष यान सूर्य के बारे में जानकारी एकत्र करने करने के लिए रवाना हो गया ।भारत के मिशन सूर्य के लिए आदित्य एलवन का कल दो सितंबर सफलतापूर्वक प्रेक्षण हुआ। आदित्य सूरय का अध्ययन करेगा। सूर्य के रहस्यों को खोलेगा।इससे भारत के सूर्य विज्ञान की पूरी दुनिया में धाक जमेगी। भारत के आय के साधन बढ़ेंगे। भारत के वैज्ञानिकों की दुनिया में मांग होगी।

चंद्रयान-3 की चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग के 10वें दिन इसरो ने शनिवार को आदित्य एलवन मिशन लॉन्च कर दिया। आदित्य सूर्य की स्टडी करेगा। इसे दो सितंबर की सुबह 11.50 बजे पीएसएलवी-सी57 के एक्सएल वर्जन रॉकेट के जरिए श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से भेजा गया।

रॉकेट ने 63 मिनट 19 सेकेंड बाद आदित्य को 235 ७ 19500 किलोमीटर की पृथ्वी की ऑर्बिट में छोड़ दिया। करीब चार महीने बाद यह 15 लाख किलोमीटर दूर लैगरेंज पॉइंट-एक तक पहुंचेगा। इस पॉइंट पर ग्रहण का प्रभाव नहीं पड़ता। इसके चलते यहां से सूरज पर आसानी से रिसर्च की जा सकती है। इसरो ने बताया कि जिस सोलर सिस्टम में हमारी पृथ्वी है, उसका केंद्र सूर्य ही है। सभी आठ ग्रह सूर्य के ही चक्कर लगाते हैं। सूर्य की वजह से ही पृथ्वी पर जीवन है। पृथ्वी पर जीवन पनपने की मुख्य वजह सूरज ही है।सूर्य से लगातार ऊर्जा बहती है। इन्हें हम चार्ज्ड पार्टिकल्स कहते हैं। सूर्य का अध्ययन करके ये समझा जा सकता है कि सूर्य में होने वाले बदलाव अंतरिक्ष को और पृथ्वी पर जीवन को कैसे प्रभावित कर सकते हैं।

स्पेस एप्लिकेशन सेंटर के डायरेक्टर नीलेश देसाई ने कहा कि जितनी जरूरी हमारे रहने के लिए पृथ्वी है, उतना ही जरूरी हमारे जीवन के लिए सूरज है। पृथ्वी पर जीवन पनपने की वजह ही सूरज है। यदि सूर्य समाप्त हो जाए तो कुछ ही समय बाद पृथ्वी पर जीवन का भी नाश हो जाएगा।हम पृथ्वी के प्राकृतिक माहौल के अनुसार बने हैं, लेकिन सूरज पर हुआ छोटे से छोटा बदलाव भी जीवन को समाप्त कर सकता है। सूर्य की गर्मी व प्रकाश जीवन का मुख्य आधार है। हम पृथ्वी के प्राकृतिक माहौल के अनुसार बने हैं। प्रकाश का सामान्य प्रवाह जो पृथ्वी को रोशन करता है और जीवन को संभव बनाता है।

वैज्ञानिक मानते हैं कि सूरज के रहस्य इतने अनजाने हैं कि सारी दुनिया उसके बारे में जानना चाहती है। धरती से सूरज 150,920 हजार किलोमीटर दूर है और हमारा मिशन धरती से 15 लाख किलोमीटर दूर जाकर वहां स्थिर होकर स्टडी करेगा। धरती से सूरज पूरा 13 लाख गुना बड़ा है। सूरज पर अब तक दुनिया की स्पेस एजेंसियों के गिने चुने मिशन ही गए। इस लिहाज से भारत का ये मिशन काफी अहम है।सूर्य हमारा सबसे नजदीकी सितारा है और इसलिए हम उसे दूसरे सितारों से ज्यादा अच्छे से देख सकते हैं। सूर्य का अध्ययन करने से हमें दूसरे सितारों के बारे में भी ज्यादा जानकारी प्राप्त होगी। इससे हमारी इस ब्रह्मांड की समझ थोड़ी और बढ़ेगी। सूर्य से ही पृथ्वी पर सब जीवन को ऊर्जा मिलती है, लेकिन सूर्य में विस्फोटक घटनाएं भी होती हैं। ये घटनाएं हमारे उपग्रह और संचार तंत्र को नुकसान पहुंचा सकती हैं। सूर्य का अध्ययन करके हम ऐसी घटनाओं से पहले ही सावधान होकर इन दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं।

सूर्य का अध्ययन अंतरिक्ष से करना जरूरी है, क्योंकि पृथ्वी का वायुमंडल और चुम्बकीय क्षेत्र हानिकारक किरणों, जैसे यूवी किरण, को रोक देते हैं. इसका मतलब है कि सूर्य पर ये प्रयोग करने के लिए जरूरी सामग्री पृथ्वी पर उपलब्ध नहीं है. इसलिए, पृथ्वी से सूर्य का पूरा अध्ययन नहीं किया जा सकता।

यह मिशन, चंद्रयान की तरह, पहले ऊंचाई पर पृथ्वी की परिक्रमा करेगा और फिर यह अधिक तेजी से सूर्य की ओर उड़ान भरेगा। 'आदित्य-एल वन' पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर की ऊंचाई तक पहुंचेगा. जब तक कि यह पृथ्वी और सूर्य के गुरुत्वाकर्षण बल पर काबू नहीं पा लेता, ये बीच में एक बिंदु (लैगरेंज प्वाइंट) पर रुकेगा जिसे वैज्ञानिक भाषा में एल1' नाम दिया गया है।

आदित्यएल वन अंतरिक्ष यान अपनी दूरी करीब चार माह में पूरी करेगा। अपने गन्तव्य पर पंहुच कर यह वहां से सूर्य की विभिन्न गतिविधियों, आंतरिक और बाहरी वातावरण आदि का अध्ययन करेगा.संयुक्त राज्य अमेरिका पहले इसी तरह का एक मिशन एल-टू क्षेत्र में सूर्य के करीब भेज चुका है।

23 अगस्त को चंद्रमा पर चंद्रयान-3 उतारने वाला भारत संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन के बाद दुनिया का चौथा देश बन गया।यह अंतरिक्ष यान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा है, जहां अभी तक किसी भी देश का कोई मिशन नहीं पहुंचा है. यह भारतीय वैज्ञानिकों की एक बड़ी उपलब्धि है। दुनिया के वैज्ञानिक मान रहे हैं कि "चंद्रयान तीन के रोवर को बहुत ही स्मार्ट तरीके से डिजाइन किया गया है। छह पहियों वाली यह छोटी सी मशीन एक कार की तरह है। रोवर अपने निर्णय स्वयं लेता है, अपने रास्ते स्वयं चुनता है। चंद्रमा की सतह के वातावरण और तापमान आदि पर नजर रखता है। यह अपना काम अच्छे से कर रहा है।"

भारत ने 1950 और 1960 के दशक में जब अंतरिक्ष अनुसंधान पर काम शुरू किया था, तक किसी को यकीन नही था, कि भारत इतनी तरक्की करेगा। आज भारत अंतरिक्ष तकनीक में रूस और अमेरिका जैसे देशों से स्पर्धा कर रहा है।अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अब यह निश्चित रूप से दुनिया के प्रमुख देशों, संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, चीन और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसियों की कतार में खड़ा है।


भारत ने चंद्रयान-3 मिशन पर लगभग 70 मिलियन डॉलर खर्च किए हैं, जो क्रिस्टोफर नोलन की 2014 की अंतरिक्ष मिशन फिल्म 'इंटरस्टेलर' पर खर्च किए गए 131 मिलियन डॉलर के आधे से भी कम है।

अंतरिक्ष अनुसंधान और विकास को आमतौर पर अमीर देशों का साहसिक कार्य माना जाता है,लेकिन भारत की सफलता ने दुनिया के उभरते देशों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक नया उत्साह और जुनून भी पैदा किया है।चंद्रमा या सूर्य के अनुसंधान और उससे प्राप्त ज्ञान पर किसी एक देश का एकाधिकार नहीं है. यह दुनिया भर में मानव विकास और मानवता के लिए समर्पित है।चंद्रमा और सूर्य के अनुसंधान से भारतीय वैज्ञानिकों को जो भी मिलेगा, उससे पूरी दुनिया को फायदा होगा। दुनिया ने जो भी प्रगति की है वह वैज्ञानिक अनुसंधान और नए आविष्कारों के कारण ही संभव हो पाई है।

श्रीहरिकोटा से आदित्य एल1 की सफल लॉन्चिंग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वैज्ञानिकों को बधाई दी है। चौथे चरण की कामयाबी के बाद ये कक्ष में स्थापित हो गया। इससे पहले अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा )ने अगस्त 2018 में पार्कर सोलर प्रोब लॉन्च किया था। दिसंबर 2021 में पार्कर ने सूर्य के ऊपरी वायुमंडल, कोरोना से उड़ान भरी और वहां कणों और चुंबकीय क्षेत्रों का नमूना लिया। नासा के अनुसार, यह पहली बार था कि किसी अंतरिक्ष यान ने सूर्य को छुआ। फरवरी 2020 में नासा ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के साथ हाथ मिलाया और डेटा एकत्र करने के लिए सोलर ऑर्बिटर लॉन्च किया ताकि यह पता लगाया जा सके कि सूर्य ने पूरे सौर मंडल में लगातार बदलते अंतरिक्ष वातावरण को कैसे बनाया और नियंत्रित किया। नासा द्वारा अन्य सक्रिय सौर मिशन अगस्त, 1997 में लॉन्च किए गए एडवांस्ड कंपोज़िशन एक्सप्लोरर हैं। अक्टूबर, 2006 में सौर स्थलीय संबंध वेधशाला, फरवरी, 2010 में सोलर डायनेमिक्स वेधशाला और इंटरफेस रीजन इमेजिंग स्पेक्ट्रोग्राफ जून, 2013 में लॉन्च किया गया।जापान यूरोप और चीन भी सूरज के अध्ययन में लगे हैं।

पिछले चार वर्षों में भारत में लगभग डेढ़ सौ निजी अंतरिक्ष कंपनियाँ अस्तित्व में आई हैं। ये टेक स्टार्टअप बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इन कंपनियों में अरबों रुपये का निवेश किया जा रहा है।इसरो के अंतरिक्ष मिशन में उच्च प्रौद्योगिकी स्टार्टअप और निजी कंपनियों की भूमिका बढ़ती जा रही है।ये कंपनियां भी अपने दम पर आगे बढ़ रही हैं. 2022 में, 'स्काईरूट' नामक एक निजी कंपनी ने भारत में निर्मित रॉकेट पर अपना उपग्रह अंतरिक्ष में लॉन्च किया था।यह पहली बार था कि भारत की किसी निजी कंपनी ने अपने ही रॉकेट से अपना उपग्रह सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया था।हैदराबाद स्थित यह कंपनी इस साल के अंत तक एक बड़ा उपग्रह अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रही है।

भारत हर एक क्षेत्र में खुद का काफी तेजी से विकसित कर रहा है, चाहे वो रक्षा क्षेत्र हो या विज्ञान क्षेत्र। मिशन मार्स से लेकर मून मिशन तक हर जगह भारत ने एक अमिट छाप छोड़ी है।इतना ही नहीं, भारत की मदद से दूसरे देशों के सैटेलाइट भी अंतरिक्ष में लॉन्च किए जा रहे हैं। अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत को आज एक महाशक्ति के रूप में देखा जाने लगा है। भारत एक साथ 100 से अधिक सैटेलाइट लॉन्च कर पहले ही रिकॉर्ड बना चुका है। दूसरे देशों की सेटेलाइट छोड़ने से भारत की आय बढ़ रही है, भारत का व्यापार बढ़ रहा है।भारत इस क्षेत्र में जितना आगे बढ़ेगा, उतनी ही उसकी आय बढ़ेगी। पूरी दुनिया में भारत की तकनीकि कला विशेषज्ञ, वैज्ञानिक और इंजीयर की मांग बढ़ेगी।



**अशोक मधुप**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# गुरु का आदर करना ही पहली शिक्षा है, जिंदगी में शिक्षक की अहम भूमिका

**समाज जागरण**

बलिया : सन 1888 में जन्मे पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था कि शिक्षक वह नहीं होता जो छात्रों के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूंसे बल्कि वास्तविक शिक्षक वह होता जो उसे आने वाली कल की चुनौतियों के लिए तैयार करें। किसी की भी क्षेत्र में तरक्की पाने के लिए गुरु की आवश्यकता होती है, इंसान की जिंदगी में कामयाबी के पीछे सबसे अहम भूमिका माता-पिता के साथ शिक्षक की भी होती है। शिक्षक ही अपने विद्यार्थियों की जिंदगी में शिक्षा का प्रकाश भरता है।

हर शिक्षक का या सपना होता है कि उसके पढ़ाए हुए विद्यार्थी एक अच्छा मुकाम हासिल करें। शिक्षक भगवान से बढ़कर माना जाता है परंतु आज आधुनिकता की अंधी दौड़ में कुछ बच्चे अपने शिक्षकों का आदर नहीं करते, पीछे-पीछे क्या उनके सामने भी उनका मजाक बनाने से नहीं चूकते। एक समय वह भी था जब कोई शिक्षक शिक्षा संस्थान के अलावा कहीं और भी सामने आता हुआ दिखता तो छात्र रास्ता बदल लेते और नहीं तो उनका नमस्कार जरूर करते। जो छात्र शिक्षकों का आदर नहीं करते उनसे दूसरों के आदर की क्या अपेक्षा की जा सकती है। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता की आधुनिकता के दौर में शिक्षा भी एक व्यापार बन गई। अर्थात कुछ लोग अपने ज्ञान को बांटने के लिए बहुत मोटी रकम लेते हैं इस कारण गरीब बच्चे इससे अछूते रह जाते है। इसलिए जरूरी है कि हम इस व्यवस्था को खत्म करने का प्रयास करें और अपन बच्चों को सभी का सम्मान करना सिखाए ताकि शिक्षक और विद्यार्थी का रिश्ता आदर और सम्मान से भरा हो। साथी यह भी कोशिश की जाए कि लोग इस रिश्ते को पैसे से ना तौले, अगर इस तरह का हम सभी मिलकर सार्थक प्रयास करते हैं तो डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जयंती पर उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



**अंजली तोमर (सहायक अध्यापक)**
**प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर**
**विखं-हनुमानगंज (बलिया)**

# मेरा भारत महान

**दैनिक समाज जागरण**

हमारा देश महान है, आज
सुनते इसकी कहानी,
खूब लड़ी मदार्नी जहां की
झासी वाली रानी।
आर्यभट्ट का अविष्कार
अनोखा, चाणक्य राजनीति
का जोड़ न दूजा,
कालीदास का अभिज्ञान
शाकुंतलम, देश हमारा
शिवम सुंदरम।
आदि शक्ति की जन्मस्थली
श्रीराम चंद्र जी की कर्म
स्थली,
मीरा, गार्गी के कर्म महान,
सभी मिलके बनाते इस धरा
को शोभायमान।
रंग रूप भले अलग हो, पर
हम सब हर स्थितियों में
एक है,
संघर्ष करते विचारों को
रखते सदैव महान।
तभी तो एक साथ सभी ये
कहते सच मे भारत कितना
महान।

**प्रतीमा उपाध्याय "पीहू"**
**(शिक्षक)**
**प्रधानाध्यापिका-प्रावि**
**अमृतपाली**
**विखं-दुबहड़ (बलिया)**

# सरस काव्यगोष्ठी' का आयोजन किया गया

**दैनिक समाज जागरण**

'साहित्य चेतना समाज' के तत्वावधान में 'चेतना - प्रवाह' के अन्तर्गत देश के ख्यात मंच-संचालक, 'गाजीपुर गौरव सम्मान' से सम्मानित कवि हरिनारायण 'हरीश'के तिलक नगर कॉलोनी स्थित आवास पर उनके 78 वें जन्मदिवस के अवसर पर एक 'सरस काव्यगोष्ठी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समस्त कवियों के द्वारा माँ वीणापाणि के चरणों में दीप-प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के उपरान्त चर्चित कवयित्री संज्ञा तिवारी की वाणी-वंदना से हुआ। युवा गजलगो गोपाल गौरव ने अपनी गजल -

**"बिना कश्ती के कैसे जाओगे**
**घर है नदी के पार उसका,**
**उठो अब घर चलो 'गौरव'**
**बहुत हुआ इन्तजार उसका।"**

सुनाकर अतीव प्रशंसा अर्जित की; तदुपरांत युवा नवगीतकार डॉ.अक्षय पाण्डेय ने कवि के 78वें जन्मदिन पर शताब्दी साहित्यकार बनने की मंगलकामना के साथ स्नेहिल बधाई दी। अपने वक्तव्य में हरीश जी के अवदान को रेखांकित करते हुए कहा कि "यदि डॉ.पी.एन.सिंह ने अपने समय-समाज को अकादमिक-संस्कार दिया है तो कवि हरीश ने अपने उत्कृष्ट संचालन के द्वारा भारतीय मंचों को एक श्रेष्ठ काव्यात्मक-संस्कार दिया है।" इसी के साथ ही डॉ.पाण्डेय ने अपना नवगीत-



**"जन-मन में हो प्रीति**
**प्रीति में जन-मन हो भाई!**
**जीवन में हो गीत**
**गीत में जीवन हो भाई!"**

सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। इसी क्रम में कवयित्री संज्ञा तिवारी ने अपना गीत-
"तुझे दिल में बसाना चाहती हूँ।
मगर कोई बहाना चाहती हूँ।
बुलाकर देखते इक बार मुझको,
मैं तेरे पास आना चाहती हूँ।।"

सुनाया और श्रोता मंत्रमुग्ध हो,रससिक्त होते रहे। 'साहित्य चेतना समाज' के संस्थापक अमरनाथ तिवारी 'अमर' ने हरीश जी को जन्मदिन की अकूत बधाई देते हुए कहा कि -"हमारी संस्था, हरीश जी जैसे महनीय साहित्यिक व्यक्तित्व को 'गाजीपुर गौरव सम्मान' प्रदान कर स्वयं गौरवान्वित हुई।" साथ ही अपनी व्यंग्य कविता -

**"बनकर रहना**
**अपने पति के चरणों की दासी,**
**घर को बनाना स्वर्ग**
**और घर वालों को स्वर्गवासी।"**

सुनाकर श्रोताओं को ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया। महाकाव्यकार कामेश्वर द्विवेदी ने कवि हरीश के जन्मदिन पर ढेर सारी शुभकामनाएं दी, साथ ही अपनी राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत छांदस कविता -

**"अनगिन प्रतिभाएं इस भव्य**
**भारत की,**
**चाँद चूम ली हैं अब भानु**
**पै पयान है।**
**सारा विश्व चकित है देख**
**करतब, यह**
**शोभनीय परम अनूप**
**हिन्दुस्तान है।"**

सुनाकर खूब प्रशंसित रहे।इस कार्यक्रम के केन्द्रीय व्यक्तित्व हरिनारायण 'हरीश' ने अपने जीवन के अविस्मरणीय साहित्यिक संस्मरणों को सुनाते हुए अपनी चर्चित गजल -
"मत लिखो अब हास की परिहास की बातें।
अब लिखो कुछ भूख की कुछ प्यास की बातें।"
पढ़ी और श्रोता आनंदित हो अनवरत ताली बजाते रहे। अध्यक्षीय काव्यपाठ के रूप में नगर के वरिष्ठतम कवि अनन्तदेव पाण्डेय 'अनन्त' ने अपनी गजल

**"बस में चढ़ते बुजुर्गों के**
**उठ गए जवॉं,**
**जिस किसी ने निहारा तो**
**अच्छा लगा।**
**एक जलती हुई झोपड़ी के लिए**
**चल पड़ा गॉंव सारा तो**
**अच्छा लगा।"**

सुनाकर खूब वाहवाही बटोरी साथ ही कवि हरिनारायण 'हरीश' के साथ की सुदीर्घ काव्य-यात्रा के मंचीय संस्मरणों को सुनाया। अन्त में समस्त स्वजन-परिजन के साथ ही उपस्थित कवियों ने कवि हरीश को निरामय जीवन जीते हुए शतायु होने की मंगलकामना के साथ ही जन्मदिन की अशेष बधाई दी।श्रोता के रूप में वंशनारायण राय, डॉ.रविनंदन वर्मा ,मंजु हरीश , अनामिका, अक्षिता,रक्षिता , अनुराग आदि उपस्थित रहे।

इस सरस काव्यगोष्ठी की अध्यक्षता नगर के वरिष्ठ कवि अनन्तदेव पाण्डेय 'अनन्त' एवं सफल संचालन सुपरिचित नवगीतकार डॉ.अक्षय पाण्डेय ने किया।अन्त में संस्था के संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी ने समस्त सहभागी कवि गण एवं आगंतुक श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

**बिकास राय**
**ब्यूरो चीफ गाजीपुर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# वेदवलिया गांव में एक युवक को करंट से हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिला अंर्तगत कोचस थाना के सहायक ओपी परसथुआ ओपी के वेदवलिया गांव मे एक युवक ने खराब पड़े अपने घर में तार को जोड़ रहा था जिसमे करंट लगने से 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान युवक दशरथ पासवान का पुत्र ओमप्रकाश पासवान गांव वेदवलिया का बताया जाता है । परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार घर में बिगड़े पड़े तार को तोड़कर ओमप्रकाश से जोड़ने का काम कर रहा था तभी 440 वोल्ट के धारा प्रवाह तार के चपेट में आ जाने से उसकी वही तबियत बिगड़ गई जहां घर के लोगो ने युवक को अस्पताल ले जाया गया,अस्पताल में मौके पर मौजूद चिकित्सा डॉक्टर तुषार कुमार ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। वही इस घटना के बाद परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

# दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल

**दैनिक समाज जागरण लाल बिहारी गुप्ता, तिलौथू रोहतास**

रोहतास जिला अंर्तगत तिलौथू थाना क्षेत्र के निमियाडिगह मोड़ के समीप दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें एक बाइक सवार युवक घायल हो गया। राहगीरों ने 112 नंबर पर फोन कर कर पुलिस को बुलाया पुलिस की टीम ने इलाज के लिए सदर हॉस्पिटल सासाराम में ले गया। डॉक्टर में प्राथमिक उपचार हायर सेंटर भेज दिया है। कोई घायल युवा के बारे में बताया जाता है कि तिलौथू थाना क्षेत्र के बीडीहा गाँव के निवाशी नवल किशोर शाह 16 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार गुप्ता का फिलहाल बनारस में इलाज किया जा रहा है। स्थिति गंभीर बताई जा रही है। वहीं परिजन ने पुलिस टीम को आभार व्यक्त किया है।

# प्रखंड मुख्यालय पर पांच सितम्बर को धरना देंगे ग्राम कचहरी के प्रतिनिधि

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

सरपंच संघ प्रदेश इकाई के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर आगामी पांच सितंबर को प्रखंड मुख्यालय पर सरपंच, उप-सरपंच एवं पंच एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे।इसकी तैयारी को लेकर रोहतास जिले के दिनारा प्रखंड अंतर्गत बेलवैयां स्थित बालेश्वर भवन में सरपंच संघ की बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड सरपंच संघ के अध्यक्ष राजवंश सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमोद कुमार निराला के आह्वान पर 11 सूत्री मांगों के समर्थन में प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में ग्राम कचहरी प्रतिनिधियों के सुविधा को देने के बजाय उनके अधिकारों में कटौती की जा रही है। पंचायती राज अधिनियम के तहत जो अधिकार सरपंचों को दिए गए हैं वह महज कागजी साबित हो रहा है। धरना के माध्यम से 11 सूत्री मांगों को लेकर सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मौके पर जनार्दन चौधरी, रीना देवी, पूनम देवी, सियाराम पासवान, नकटु रजक, बसीरन खातून, उषा देवी, विजय सिंह, मीना देवी, प्रेम कुमार तिवारी सहित कई अन्य सरपंच, उप सरपंच एवं पंच उपस्थित थे।

# पुलिस ने तीन वारंटियों को भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा**

रोहतास जिले के दिनारा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।दिनारा थाना से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पोंगाढ़ी गांव से ध्रुपराज राम के पुत्र रमाशंकर राम, छोटेलाल राम तथा उमाशंकर राम को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार करने के लिए बिक्रमगंज न्यायालय द्वारा निर्देश जारी किया गया था।

# कामरेड राजाराम को श्रद्धा-सुमन अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र डेहरी आन सोन रोहतास**

रोहतास जिले के डेहरी आन सोन अंतर्गत रविवार को चूना भट्टा स्थित आपीएफ कार्यालय में संस्थापकों में से एक कामरेड नेता कामरेड राजाराम के स्मृति में सभा में श्रद्धा-सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस श्रद्धांजलि



सभा के संबोधित करते हुए एरिया कमेटी के सचिव कामरेड अशोक सिंह ने कहा कि कॉमरेड राजाराम ने अपने जीवन के राजनीतिक कल से पार्टी के लिए अपने जीवन समर्पित कर दिये उन्होंने भाकपा माले एवं आई पीएफ को बिहार और देश मे एक रौशनी दे कर गरीब मजदूर एवं किसानो को पहचान एंव हक दिलाने के काम किया। उनकी यह कृति को सदैव हम आगे बढ़ाने के लिए जीवन कोशिश कर उनके अधुरे सपने को पुरा करने का हम सभी उपस्थित साथियों ने शपथ ली और श्रद्धांजलि दी। मौके पर नगर कमिटी के सचिव कामरेड राम किशुन सिंह, कामरेड कामता यादव, सुदामा राम, अंजय पंडित, ओमप्रकाश गुप्ता, समेत कई साथी मौजूद थे।

# मारपीट के मामले में चार अभियुक्त गए जेल

**दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिले के कछवां थाने की पुलिस ने मारपीट के मामले में चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम मंगरांव (नोआंव टोला) निवासी कछवां थाना कांड संख्या 128/ 23 के आलोक में सुसंगत धारा 341/ 323/ 307/ 325/ 34 आईपीसी तहत प्रथम पक्ष के अभियुक्त रंग बाबू यादव एवं मनजी यादव और कछवां थाना कांड संख्या 129/23 के आलोक में सुसंगत धारा-341/323/307/ 34 आईपीसी तहत द्वितीय पक्ष के अभियुक्त रमेश यादव एवं उमेश यादव को गिरफ्तार किया गया। मारपीट के मामले में दोनों पक्षों की ओर से कुल 10 लोगों के विरुद्ध स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। जिस मामले में दोनों पक्षों की ओर से दो-दो यानी चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# श्राद्धकर्म में पहुँचकर लोगों ने स्व०प्रहलाद पासवान के तैल्यचित्र पर किया माल्यार्पण

## सभी आगंतुक अतिथियों ने श्रद्धा-सुमन अर्पित कर दी श्रद्धांजली

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी,करगहर रोहतास**

बिहार राज्य चौकीदार- दफादर संघ के रोहतास जिला सचिव राजेन्द्र पासवान के पैतृक गाँव बैशपुरा गाँव में रविवार को उनके पिता स्व० प्रहलाद पासवान के श्राद्धकर्म में स्थानीय प्रखंड के बैशपुरा गांव में श्राद्ध संस्कार व श्राद्ध भोज में काफी संख्या में शामिल होने आए सगे-संबंधियों, क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों,जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों, साहित्यकारों आदि के अलावा जिले के काफी संख्या में पत्रकार बंधुओं ने दिवंगत स्व०प्रहलाद पासवान के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान ब्राम्हण भोज, अंगवस्त्र आदि का वितरण ब्राह्मणों व जरुरतमंदों के बीच परिजनों की ओर से किया गया। इस मौके पर श्राद्ध क्रम में पहुंचे पूर्व विधायक चेनारी ललन पासवान, अजीत सिंह, विष्णु नारद सिंह, सरपंच संघ अध्यक्ष करगहर अयोध्या पासवान, भोखरी सरपंच प्रतिनिधी संतोष सिंह, धनन्जय




पासवान, पूर्व एम पी डा. सत्यानंद शर्मा , पूर्व विधायक प्रत्याशी शिवशंकर कुशवाहा, पूर्व थानाध्यक्ष कमलेश पासवान , उद्घोषक अनिल विश्वास , बाबा क्रान्ति, भोखरी मुखिया प्रतिनिधी विरेन्द्र सिंह उर्फ मिथलेश सिंह, भोखरी पैक्स अध्यक्ष पांडेय, पत्रकार शमशाद आलम अजय कुमार सोनी सहित कई बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने चौकीदार के पिता के तैल्यचित्र पर अपना श्रद्धा-सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही भोज का प्रसाद भी ग्रहण किया।

# खेल दिवस पर पटना में सम्मानित हुए राष्ट्रीय पैरा एथलीट शेखर चौरसिया को लोगों ने दी बधाई

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर बिहार राज्य कला संस्कृति एवं युवा विभाग और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा ज्ञान भवन पटना में आयोजित बिहार राज्य खेल सम्मान समरोह में रोहतास जिला अंतर्गत दिनारा प्रखंड के गुनसेज गांव निवासी दीनदयाल चौरसिया के बड़े पुत्र व राष्ट्रीय पैरा एथलीट शेखर चौरसिया को महानिदेशक डीजी स्पोर्ट्स बिहार राज्य खेल प्राधिकरण,श्री रविन्द्र शंकरन,अपर मुख्य सचिव कला संस्कृति एवं युवा विभाग, हरजोत कौर, कला संस्कृति एवं युवा विभाग खेल मंत्री श्री जितेंद्र कुमार राय, विशेष सचिव सह निदेशक कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक खिलाड़ियों की उपस्थिति में वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय स्तर पर देश के विभिन्न राज्य में एथलीट खेल विधा के 800 मीटर दौड़ व 18 वीं पैरा एथलीट चैंपियनशिप 2023 पटना में 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य का सम्मान बढ़ाया।जिसको लेकर बिहार राज्य खेल सम्मान व राष्ट्रीय श्रेणी राज्य उत्कृष्ट खिलाड़ी सम्मान एवं दो लाख रुपए की राशि से नवाजा गया।

बेहद साधारण परिवार से तालुक रखने वाले शेखर चौरसिया का



जीवन पैरा एथलीट खेल की दुनियां में बेहद संघर्षपूर्ण रहा है। पर कहते है न लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती और कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। यह सिर्फ एक पंक्ति नहीं बल्कि किसी की जिन्दगी का सार है। जहां इसे चरितार्थ कर जीत हासिल करने वालों में बिहार के राष्ट्रीय पैरा एथलीट शेखर चौरसिया का नाम भी शामिल है। जिन्होंने लाख परेशानियां देखी लेकिन खुद पर यकीन ऐसा रहा कि आज खेल की दुनियां में उनके जज्बे को सलाम किया जाता है। बताते चलें कि वर्ष 2010 में एक ट्रक एक्सीडेंट में शेखर ने अपनी पूरी शारिरिक प्रक्रिया खोने के बाद पांच सालों तक हॉस्पिटल में रहे उसके बाद भी शेखर ने शारीरिक,आर्थिक परिस्थितियों से कभी हार नहीं मानी। पिता दीनदयाल चौरसिया एक सामान्य व साधारण परिवार से होने के बावजूद भी तन-मन से अपने बेटे को सहयोग देते रहे।पिता के हौसले को देख बेटा शेखर चौरसिया ने जीवन के हर एक कठिन रास्तों से लड़कर अब तक राष्ट्रीय स्तर पर देश के अलग-अलग राज्यों में आयोजित राष्ट्रीय पैरा एथलीट चैंपियनशिप में कुल 14 स्वर्ण पदक,7 सिल्वर 3 ब्रॉन्ज जीत चुके है। जिसको लेकर बधाई देने वालों में दिनारा नगर पंचायत उप मुख्य पार्षद विवेकानंद पांडेय,अमित राय,विजय क्रांति, पारितोष कुमार चौबे,कांग्रेस नेता वीर बाबा, चितरंजन दुबे,भाजपा नेता जनार्दन सिंह, विद्यासागर सिंह मनीष देव,बैजू केसरी सहित कई अन्य लोग शामिल है।

# दुर्गावती जलाशये परियोजना के मुख्य नहर में स्कॉर्पियो गिरने से एक सैलानी की मौत

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला,चेनारी रोहतास**

रोहतास जिले के चेनारी प्रखंड अंतर्गत दुर्गावती जलाशय परियोजना के नहर में एक स्कॉर्पियो गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें दो लोगों का इलाज वाराणसी में चल रहा है। जहां घायलों की हालत गंभीर बताई जाती है। मृतक की पहचान डेहरी पाली रोड के 32 वर्षीय कौशिक कुमार बताया जा रहा है। वही पुलिस ने देर रात उनके शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है। वही घायलों में 28 वर्षीय राहुल कुमार व 42 वर्षीय दीपक कुमार का इलाज वाराणसी में चल रहा है। जबकि अमन कुमार को इलाज के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया जहां परिजनों के द्वारा गोपाल नारायण सिंह अस्पताल जमुहार में इलाज के लिए भर्ती कराया। इलाज के बाद अमन कुमार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई हैं। सभी लोग दुर्गावती परियोजना पर सावन समाप्ति के बाद पिकनिक मनाने तीन गाड़ी से पहुंचे हुए थे। पिकनिक मनाने के बाद घर लौटने के दौरान सबसे पीछे वाली गाड़ी बादलगढ़ गांव के समीप मुख्य नहर में गिर गया। जिसमें पांच लोग सवार थे। बादलगढ़ के ग्रामीणों ने चार लोगों की जान बचा ली। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौप दिया गया है। बादलगढ़ के ग्रामीण ने स्कॉर्पियो के शीशा तोड़कर चार लोगों की जान बचाई। जबकि एक के गाड़ी में दब जाने के कारण मौत हो गई थी। नहर के मुख्य फाटक बंद करने के बाद घटनास्थल से 200 गज दूरी पर शव को ग्रामीण और पुलिस प्रशासन के सहयोग से बरामद किया गया।

# " मेरी माटी मेरा देश " के तहत निकली गई शोभायात्रा

**दैनिक समाज जागरण लाल बिहारी गुप्ता,तिलौथू रोहतास**

रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र रोहतास (सासाराम) के तत्वाधान में रविवार को " मेरी माटी मेरा देश " कार्यक्रम के तहत क्लब के सदस्यों के द्वारा शोभायात्रा निकाला गया। नव भारत विकास समिति तिलौथू द्वारा घर-घर जाकर मिट्टी एवं चावल एकत्रित किया गया। कलश यात्रा के दौरान ढोल और झाल के द्वारा शोभायात्रा निकाला गया। यह कार्यक्रम" मेरी माटी मेरा देश " का दूसरा चरण है जो 1 सितंबर से 15 सितंबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम के तहत कलश में प्रत्येक गांव के हर घर से मिट्टी या चावल को एकत्रित करना है। वही एकत्रित करके जिला कार्यालय में ले




जाना है । इस कार्यक्रम के मौके पर नेहरू युवा केंद्र के भारत विकास समिती के हरिओम कुमार , शुभम कुमार ,सनी कुमार, मनमोहन राज, अंश कुमार व अमृत कुमार उपस्थित रहे। मौके पर नेहरू युवा केंद्र के एमटीएस जितेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत पूरा कार्यक्रम युवा मंडल / महिला मंडल/समाजसेवी शासन / प्रशासन के सहयोग से स्वयं सेवा भाव से करना है व ढोल नगाड़ों के साथ मिट्टी चावल को इकट्ठा करने के उपरांत सेल्फी, रिल ,वीडियो ,फोटो युवा जीओभी. इन पर अपलोड करना है।

# " मेरी माटी मेरा देश " कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर एक -एक मुट्ठी चावल किया गया एकत्रित

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

नेहरू युवा केंद्र रोहतास (सासाराम) के तत्वधान मे करगहर प्रखंड के आदर्श युवा संघ एवं ग्रामोदय सेवा संस्थान करगहर, सिरिसिया के बैनर तले अमृत वाटिका " मेरी माटी मेरा देश " वीरों के सम्मान मे दूसरे चरण के अंतर्गत सिरिसियां मे एक मुट्ठी चावल घर-घर जाकर एकत्रित किया गया। इस अभियान के तहत अमृत वाटिका का निर्माण देश की राजधानी दिल्ली में अमृत कलश स्थापित किया जाएगा । इसका नेतृत्व नीतू कुमारी राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ने की। जिसमे युवा क्लब के सदस्यों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। मौके पर



अनुपम कुमार (प्रशिक्षक) नेहरू युवा केन्द्र रोहतास से बच्चा सिंह, पंकज कुमार प्रियांशु (निदेशक प्रशासन एवम लेखा) ग्रामोदय सेवा संस्थान करगहर सिरिसिया धनंजय पाण्डेय, सुनील पाण्डेय विश्वजीत कुमार, टुनटुन प्रजापति, ओमकार पाण्डेय, बनारसी प्रजापति, ओमप्रकाश चौरसिया, राजू कुमार,आयुष कुमार, विनोद चौरसिया, धीरज कुमार, प्रियांशु सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सैंसड़ पूर्व पैक्स अध्यक्ष पर बारह लाख रुपए की राशि गबन का आरोप

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले के दिनारा प्रखंड अंतर्गत सैंसड़ पैक्स पूर्व अध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता द्वारा पैक्स का 1186110 रुपए की राशि गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सैंसड़ पैक्स के निवर्तमान अध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता द्वारा वर्ष 2019-20 में पैक्स के बचत खाते से 1186110 रुपए की राशि निकासी कर लिया गया लेकिन आज तक न तो राशि जमा की गई न ही उपयोगिता जमा कर पाए हैं । जबकि फिलहाल वे पैक्स अध्यक्ष भी नहीं है। इस संबंध में 2022 में जिला अंकेक्षण पदाधिकारी बैजनाथ राय द्वारा जांच की बाद उक्त गबन का मामला प्रकाश में आया। जिला अंकेक्षण पदाधिकारी द्वारा नंद कुमार गुप्ता को उक्त राशि जमा करने का कई बार निर्देश दिया गया बावजूद जब राशि जमा नहीं की गई तो संयुक्त निबंधक सहयोग समितियां पटना प्रमंडल पटना के न्यायालय में अधिभार प्रस्ताव संख्या 149/2022 मामला दायर किया गया जिसकी कार्रवाई अभी जारी है। सैंसड़ पैक्स के वर्तमान अध्यक्ष उमाशंकर साह द्वारा आरोप लगाया गया है कि नंद कुमार गुप्ता द्वारा अध्यक्ष पद छोड़ने के चार वर्ष बाद अब फर्जी वाउचर जमा किया जा रहा है। उन्होंने जिला अंकेक्षण पदाधिकारी पर फजीर्वाड़ी में मिली भगत तथा पूरे मामले का लिपापोती करने का आरोप लगाया है। अध्यक्ष ने बताया कि जिला अंकेक्षण पदाधिकारी द्वारा मुझपर समिति का बैठक कर उक्त राशि का किसी तरह से समायोजन करने का दबाव बनाया जा रहा है।इस संबंध में जिला अंकेक्षण पदाधिकारी बैजनाथ राय से संपर्क करने पर बताया कि अभी मैं कार्यालय कार्य में व्यस्त हूं इसलिए इस संबंध में बाद में बात करूंगा।

# हम तभी हारते है जब तक हम एक नही होते - पप्पू यादव

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र, डेहरी आन सोन रोहतास**

रोहतास जिले के डेहरी आन सोन अंतर्गत तीसरी बार डालमियानगर के झंडा चौक पर जन अधिकार पार्टी के सुप्रीमो पप्पू यादव पहुंचे। वहीं अपनी संबोधन में उन्होंने कहा कि हम तभी हारते हैं, जब तक एक नहीं होते हैं। हाल में इस लड़ाई को हम सबको मिलकर लड़ना होगा और डालमियानगर को फिर से अब बात करना होगा एवं इंडिया में डालमियानगर को उद्योग का अड्डा बनाना होगा। पप्पू यादव ने कहा है कि हम अपनी आखिरी सांस तक डालमियानगर की लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे, मेरे ओर से खुली मदद होगी। उक्त बाते डालमियानगर मैदान में उद्योग समूह के क्वार्टर बचाओ आंदोलन में उच्चतम न्यायालय द्वारा कुछ क्वार्टर खाली कराने पर रोक को लेकर आयोजित कर धन्यवाद सभा को संबोधित करते हुए जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव ने बात को कही। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जो वेतन मिलता है। वह वेतन हमारे द्वारा दिये गये कर से मिलते है। और वो लोग हमारे लिए काम करे, तभी व्यवस्था परिवर्तन होगा। क्वार्टर की लड़ाई सभी को एक साथ मिलकर लड़ना होगा तभी हमारी जीत निश्चित होगी। समाज सभी जाति धर्म विचार से बनते है, इसलिए समाज की निर्माण करने की



आवश्यकता है। क्वार्टर की लड़ाई अंतिम दम तक लड़ेंगे। उच्चतम न्यायलय का फैसला आदरणीय है, जो गरीबों की आवाज सुनी। राजनीति करना है तो मिलकर डालमियानगर के चमन को बचाने की राजनीत करे। डालमिया नगर में रेलवे फैक्ट्री लगाने तक आर- पार की लड़ाई लड़ते रहेंगे। कधवन जलाशय बनाने की लड़ाई लड़ते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पूर्व विधायक रामचंद्र सिंह यादव ने कहां के डेहरी से पटना तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी, प्रदेश महासचिव समीर दुबे ने कहा कि हम लोग आखरी सांस तक क्वार्टर की लड़ाई लड़ी जाएगी । वही युवा शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष तोराब नेयाजी ने कहा कि हम लोग मजबूती के साथ हर एक संवैधानिक लड़ाई निश्चित रूप से लड़ेंगे और जीतेंगे। जिलाध्यक्ष विशाल कुशवाहा ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि हमलोग को एक हो कर लड़ना होगा। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव राजेश पप्पू , अभिजीत सिंह, लाल साहेब सिंह यादव , आलोक सिंघानिया, विनोद सिंह यादव, रोहित आनद, ललित नारायण सिन्हा समेत कई लोगो ने सभा को संबोधित किया।

# महिला कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य ने पूर्व सभापति से मुलाकात कर कॉलेज के विकास पर की चर्चा

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र, डेहरी आन सोन रोहतास**

रोहतास जिला के डालमियानगर अंर्तगत महिला कॉलेज डालमियानगर के प्रभारी प्राचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह ने पद भार ग्रहण करने के बाद रविवार को पूर्व सभापति अवधेश नारायण सिंह से उनके निवास पर मुलाकात कर कॉलेज के विकास एवं शिक्षा के क्षेत्र में सुधार करने को लेकर विचार विमर्श की। सभापति ने उन्हें प्रभारी प्राचार्य बनने पर शुभकामना एवं आशीर्वाद देते हुए कॉलेज के हित में सहयोग करने की बातें कहि। कहां की महाविद्यालय विकास में आप अग्रतर रहे, मेरे द्वारा आपको हमेशा विकास कार्य एवं छात्रों के हित से संबंधित कार्य में सहयोग रहेगा। साथ ही प्राचार्य के द्वारा उन्हें बताया गया कि विगत वर्षों



से बीएससी एवं बीकॉम की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। जिसे अभिलंब प्रारंभ किया जाए। सभापति के द्वारा आश्वासन दिए जाने एवं प्रत्येक क्षेत्र में सहयोग करने की बातें की गई। मौके पर जगजीवन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ बलराम सिंह, अभय कुमार सिंह, प्रकाश गोस्वामी के अलावे कॉलेज के बड़ा बाबू सुनील कुमार सिंह एवं अन्य कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सहयोग करने की बातें की।

# रालोजद के प्रखंड अध्यक्ष ने बैठक आयोजित कर सदस्यता अभियान पर दिया जोर

**दैनिक समाज जागरण संझौली,रोहतास**

रोहतास जिले के संझौली प्रखंड अंतर्गत रविवार को सेभ इंडिया पब्लिक स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय लोक जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। बैठक में पार्टी की विस्तार हेतू कई विन्दुओं पर चर्चा की गई । प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा का आगमन संझौली प्रखंड में होने वाला है, जो प्रखंड के लगभग हर गांव में दौरा करेंगें। जिसकी तैयारी को लेकर कार्यकताओं के साथ बैठक आयोजित कर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही पार्टी की मजबूती को ले सदस्यता अभियान चलाने पर भी बल दिया गया। उक्त बैठक में प्रदेश महासचिव चंद्रकांत सिंह कुशवाहा, गौतम कुमार, मनोज कुमार, अजमेर अंसारी,



विनोद कुमार, देवेंद्र कुमार, इस्लामुद्दीन व राधेश्याम कुमार सहित दर्जनों कार्यकताओं ने भाग लिया।

# गैस सिलेंडर के दाम में 200 रू. की कटौती बीजेपी का चुनावी स्टंट,प्रेस वार्ता के मुख्य बिंदु

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ (पूर्वी सिंहभूम) चांद कुमार लायेक 3.9.2023**

भाजपा के डीएनए में लूट वाली राजनीति मौजूद है, केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर एवं गरीबों को और गरीब बना रही है। क्या यह बहुत आश्चर्य की बात नहीं है, कि प्रधानमंत्री मोदी जी, जिन्होंने एलपीजी सिलेंडर सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमत में अत्यधिक वृद्धि के कारण आमजनों की पीड़ा की कभी परवाह नहीं की और वर्षों बाद चुनाव के नजदीक आने पर उन्हें जनता की दर्द का अहसास हुआ और रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 200 /- रुपए कम कर दी ? रसोई गैस की कीमत 2014 से लगातार बढ़ी है और पिछले 07 वर्षों में दोगुनी से ज्यादा हो गई है और 2020 से भाजपा सरकार ने सब्सिडी देने भी बंद कर दिया है। पिछले 02 दशकों में एलपीजी सिलेंडर की मूल्य वृद्धि पर बारीकी से नजर डालने पर हर मतदाता की आँखें खुल जाएँगी और एक साधारण व्यक्ति भी स्पष्ट रूप से समझ सकता है कि कीमतें केवल भाजपा शासन के दौरान ही बेरहमी से बढ़ाई गई है। पिछले साढ़े 9 वर्षों में मोदी सरकार ने रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाकर 31.37 करोड़ लोगों को लूटा है, उन्होंने जनता की जेब से रू. 8,33,640.76 (आठ लाख तैंतीस हजार, छः सौ चालीस करोड़ रुपए) से ज्यादा की लूट की। सिर्फ हमारे उज्जवला बहनों से ही 2017 से अब तक मोदी जी ने रू. 68,702.76 (अड़सठ हजार सात सौ दो करोड़ रुपए ) से अधिक की लूट किए। एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 200 रु० की कटौती मोदी सरकार द्वारा आगामी दिनों में 05 राज्यों में होने वाले चुनाव तथा उसके बाद लोकचुनाव में मतदाताओं को लुभाने का एक राजनीतिक स्टंट है। गैस सिलेंडर अब भी महंगा ( 960 रु) है, मगर भाजपा यह ढोल पीट रही है कि गैस सिलेंडर सस्ता हो गया है। मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर सस्ता नहीं हुआ है बल्कि महंगाई का बेंचमार्क बदल दिया गया है। वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा जनता की हालत ऐसी कर दी गई है कि "प्यास से गला सूख जाए फिर दो बूंद पानी पिला कर कहो कि सबको पानी मिल गया है,

## विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में 75% उपस्थित पर छात्र-छात्राओं के समक्ष उत्पन्न समस्याओं पर अभाविप ने बैठक में चर्चा की

### *शिक्षा विभाग को यह निर्देश देना चाहिए कि छात्र-छात्राओं के नामांकन के लिए चयन उसी जिले के महाविद्यालय में हो*

**अररिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर ईकाई अररिया की एक बैठक शिवपुरी स्थित परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के नगर अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने किया। बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में 75% उपस्थित पर छात्र-छात्राओं के समक्ष उत्पन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए परिषद के पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा कि महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के 75% उपस्थिति के निर्देश का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्वागत करता है लेकिन इसके कारण छात्र-छात्राओं के समक्ष जो समस्याएं आने वाली हैं, उनका समाधान भी जरूरी है। एमपी सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं के नामांकन के लिए



जो मेरिट लिस्ट जारी किया जाता है, उसमें शिक्षा विभाग को यह निर्देश देना चाहिए कि छात्र-छात्राओं के नामांकन के लिए चयन उसी जिले के महाविद्यालय में हो, जिस जिले के वे हैं। अन्य जिलों में नामांकन होने पर खासकर छात्राओं को बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है तथा अभिभावकों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ेगा। 75% उपस्थिति का फरमान जारी हो चुका है लेकिन महाविद्यालयों में शिक्षकों की कमी को कौन पूरा करेगा? अधिकतम महाविद्यालय में बहुत विषयों में शिक्षक ही नहीं हैं तो पठन- पाठन सुचारू रूप से कैसे संभव होगा? सरकार शिक्षकों की कमी को अविलंब पूरा करें नहीं तो इसका खामियाजा महाविद्यालय प्रशासन को भुगतना पड़ सकता है। इस अवसर पर जिला संयोजक अजीत रंजन ने कहा कि आगामी 5 सितंबर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जिले के प्रत्येक इकाई में शिक्षक दिवस को धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक में नगर मंत्री अंकित कुमार झा,अनमोल गुप्ता, पीयूष गुप्ता, निरंजन कुमार यादव, राहुल आर्यन, अंकित सिन्हा, विकास कुमार,राजेश कुमार, अंकित यादव,नितिन राज आदि उपस्थित थे।

## "वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम" के तहत एस एस बी 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने छात्र/छात्राओं को कराया भारत-नेपाल सीमा का भ्रमण

**सीमा पर ले जाकर नोमेंस लैंड तथा बॉर्डर पिलर के बारे में जानकारी दी**

**पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल की भाषा, संस्कृति आदि की जानकारी से भी कराया अवगत**

**अररिया /डा. रूद्र किंकर वर्मा।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय के तत्वाधान व श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट, 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में वाहिनी द्वारा प्राथमिक विद्यालय गरैया तथा +2 उच्च राजकीयकृत विद्यालय कुआरी के छात्र/छात्राओं को भारत-नेपाल सीमा का भ्रमण कराया गया। यह कार्यक्रम ह्ववाइब्रेंट विलेज प्रोग्रामह्व विषय पर आधारित है जिसमें कुल 70 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। कंपनी कमांडर उप निरीक्षक जबर सिंह ने छात्र/छात्राओं को एस एस बी के गठन तथा कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी व भविष्य में केन्द्रीय पुलिस बलों में भर्ती होकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही छात्र/छात्राओं को सीमा पर ले जाकर नोमेंस लैंड तथा बॉर्डर पिलर के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल की भाषा, संस्कृति आदि की जानकारी से अवगत कराया गया। श्री महेंद्र प्रताप, कमांडेंट ने कहा कि स्कूलीय बच्चों को भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय



सीमा और कैम्प भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्र/छात्राओं को भारतीय सशस्त्र बलों की ड्यूटी, जवानों की कार्यशैली तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा की जानकारी देना है। इस भ्रमण से छात्र/छात्राओं में देश के जवानों के प्रति सम्मान की भावना बढ़ेगी व केन्द्रीय सशस्त्र बलों में भर्ती होने हेतु इच्छा जाग्रत होगी। इस अवसर पर स०उ०नि० शंकर सिंह, मु० आ० रितेश कुमार सिंह और आ० अशोक जी० मौजूद रहे।

## राजद नेता प्रकाश पासवान लोजपा में हुए शामिल, हुए अररिया लोजपा अनुसूचित जाति जनजाति का जिला अध्यक्ष

**अररिया** आगामी लोकसभा के चुनाव को देखते हुए लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) अररिया को विस्तार किया गया, जिसमें ढोलबजा निवासी राजद के पूर्व नेता, श्री प्रकाश पासवान जी को माननीय अध्यक्ष व सांसद श्री चिराग पासवान जी के निर्देशानुसार, अनुसूचित जाति जनजाति, के प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान जी के द्वारा प्रकाश पासवान जी को अररिया ज़िला लोजपा रामविलास अनुसूचित जाति जनजाति का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया।अररिया जिला अध्यक्ष ओम



प्रकाश पोद्दार ने कहा कि श्री प्रकाश पासवान जी का पार्टी में आने से अररिया लोजपा को काफी मजबूती मिलेगी, और बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे, जिला अध्यक्ष बनाए जाने अररिया जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश पोद्दार के अलावा आईटी सेल के जिला अध्यक्ष अमित कुमार पासवान, छात्र जिला अध्यक्ष मनीष राज सूर्य भारती, युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद मुकर्रम तथा जिले के सभी लोजपा कार्यकताओं ने उन्हें बधाई दी

## आपसी समन्वय से प्रभावकारी होगी ट्राफिक व्यवस्था : न्यौपाने

**बिराटनगर/कृष्ण कुमार वर्मा।** बिराटनगर में ट्राफिक व्यवस्थापन सचेतना अभियान तथा दुर्घटना न्यूनीकरण करने के लिए स्थानीय नागरिक के साथ समन्वय व सहकार्य आवश्यक होने की बात जिला ट्राफिक पुलिस कार्यालय मोरंग के ट्राफिक पुलिस प्रमुख सुमन न्यौपाने ने नेपाली कांग्रेस विराटनगर महानगर समिति सदस्य तथा नेपाली कांग्रेस प्रचार,प्रसार समिति के जिला सदस्य एवम नेपाल सोनार समाज मोरंग के अध्यक्ष महेश साह स्वर्णकार, भारत नेपाल रेलयात्री सहजीकरण समिति के संयोजक राजेश कुमार शर्मा ,नेपाली कांग्रेस महासमिति सदस्य रामबाबु पासवान, नेपाली कांग्रेस वार्ड वडा सभापति रामसुन्दर



राजवंशी,व पत्रकार पवन विक्रम शाह के द्वारा मोरंग जिला मे नव पद स्थापित ट्राफिक पुलिस निरीक्षक सुमन न्यौपाने को कार्यालय स्वागत तथा भेंट कार्यक्रम मे उक्त बातें कही । स्वागत तथा भेंट के क्रम मे मोरंग जिला ट्राफिक पुलिस प्रमुख न्यौपाने ने दुर्घटना न्यूनिकरण करने व ट्राफिक नियम सम्बन्धी विभिन्न सचेतनामुलक कार्यक्रम करने ट्राफिक पुलिस की भुमिका व सक्रियता को और प्रभावकारी बनाने के लिए आम जन का आपसी सहयोग व समन्वय आवश्यक होने व सामाजिक रुप में सहयोग की अपेक्षा करने की बात कही ।

## अररिया पुलिस विभिन्न मामले में नौ नामजद को किया गिरफ्तार

*एक देशी कट्टा, 03 खोखा शराब भी किया बरामद*

**अररिया।**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अररिया से प्राप्त जानकारी के मुताबिक 03/09/2023 को अररिया जिला अंतर्गत पुलिस की कार्रवाई एवं उपलब्धि से सम्बन्धित विवरण में कुल गिरफ्तार अभियुक्तों की संख्या 09 है जबकि 01 देशी कट्टा, 03 खोखा,कफ सिरप - 289 ली०,विदेशी शराब - 11 लीटर देशी शराब 49 लीटर,कार -01

मोटर साइकिल झ्र 04 बरामदगी करने में सफलता मिली है। अररिया पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा में सदैव तत्पर है।

## प्रकाश झा के निधानोंपरांत पंडित अजय झा से मिलने पहुंचे समाजसेवी संजय मिश्रा

### *इस दुःख की घड़ी में दिवंगत प्रकाश झा के परिवार के साथ हम सभी खड़े है – संजय मिश्रा*

**अररिया ।** सीमांचल कंस्ट्रक्शन के अभिन्न अंग, प्रकाश झा के दुःखद निधन पर, परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक,पंडित अजय झा से मिलने व जिज्ञासा करने पहुंचे समाजसेवी संजय मिश्रा ने बताया

प्रकाश झा जी के निधन से हम सभी दुखी हैं। उन्होंने सीमांचल कंट्रक्शन सहित समाज के लिए एक उत्कृष्ट सामाजिक सेवक के रूप में चर्चित रहे। संजय मिश्रा जी ने दिवंगत प्रकाश बाबू के बहनोई पंडित अजय झा जी के साथ मिलकर उनके कार्यों को सराहा है और उनके परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ और सहानुभूति प्रकट किया। बताते चले कि सड़क दुघर्टना के शिकार हुए 48 वर्षीय प्रकाश झा के निधन से अररिया में



मातमी सन्नाटा पसर गया। मृतक प्रकाश झा पंडित अजय झा के साले व परशुराम परिषद से भी जुड़े हुए थे । सड़क दुघर्टना के कारण शुक्रवार की देर रात पूर्णियां के एक निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान उनका निधन हो गया। सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी प्रकाश जी के निधन से जहां ब्राह्मण समाज मर्माहत हैं वहीं अररिया खरैया बस्ती वार्ड 13 उनके निज निवास पर कोहराम मचा हुआ है। बता दें कि सड़क दुर्घटना में अररिया बाजार समिति के निकट वे गंभीर रूप से घायल हो गये थे । बेहतर ईलाज के लिए उन्हें पूर्णिया के मैक्स 7 अस्पताल में भर्ती किया गया जहां ईलाज के दौरान वे परमधाम चले गए। ॐ शांति।

## पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के मैच रेफरी एवं विभिन्न खेलों में भाग ले रहे विद्यालयों के प्रधान एवं कप्तान की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय

***विद्यालय प्रधानों के अनुरोध पर फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए भी अंडर 11 एवं अंडर 16 आयु वर्ग के खेले जाएंगे मैच***

***बैडमिंटन, बास्केटबॉल वॉलीबॉल , शतरंज प्रतियोगिता हेतु भी बालक एवं बालिका वर्ग में ओपन टू ऑल कराने के लिए किया गया है अनुरोध***

पूर्णियां। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 दिनांक 29 सितम्बर से पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आयोजित होने जा रही है। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, फुटबॉल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग ले रहे बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतियोगिता में अभी तक रजिस्ट्रेशन करा लिए विद्यालयों , क्लब एवं विभिन्न खेलों के मैच रेफरी की बैठक में लिए गए कई अहम् निर्णय। बैठक की अध्यक्षता बिहार अंडर 16 आयु वर्ग पूर्व चयन समिति सदस्य व ईस्ट जोन पूर्व चैयरमेन व क्रिकेट प्रशिक्षक सह पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने की।

बैठक में विद्यालय प्रधान सिस्टर बंदिता, फुटबॉल सचिव श्री अजीत



सिंह, टेबल टेनिस प्रशिक्षक स्वरुप कुमार दास , क्रिकेट प्रशिक्षक मो नैयर अली, मो मंजर मोहशिम, एस एस प्रसाद पिंटू, एस एस सिंह गुड्डू, सैयद जब्बार हुसैन, जितेंद्र कुमार सिन्हा " गोपी " बास्केटबॉल के प्रशिक्षक पुनीत कुमार, बैडमिंटन प्रशिक्षक, विक्की कुमार, अनुराधा कुमारी सिंह, वॉलीबॉल महिला सिनियर खिलाड़ी खुशी कुमारी, राजीव कुमार के साथ - साथ विभिन्न खेलों के कप्तान ने अपने - अपने विचार व्यक्त किये।

बैठक में खिलाड़ियों की उत्साह देखते ही बनती थी। खिलाड़ियों एवं विभिन्न खेलों के पदाधिकारी गण पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 की शरूआत की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहें है। रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2023 है। टाईसीट ड्रॉ के माध्यम से दिनांक 22/09/2023 बनाई जाएगी। सर्व समिति से निर्णय लिया है कि जो पुरस्कार राशि रखी गई है। उसी पुरस्कार राशि को विभिन्न आयु वर्गों में विभक्त कर दी जाए और अधिक से अधिक खिलाड़ियों को खेलने का मौका दी जाए।

## पालीगंज में भाजपा कार्यकताओं ने किया अभिनन्दन समारोह का आयोजन

**समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ रविवार को स्थानीय बाजार स्थित स्वामी सहजानन्द सरस्वती भवन में भाजपा कार्यकताओं ने अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया। जानकारी के अनुसार भाजपा के बिहार प्रदेश कमिटी के निदेर्शानुसार पालीगंज के पूर्व बिधायक सह भाजपा नेत्री डॉ. उषा विद्यार्थी को भाजपा के बिहार प्रदेश मीडिया प्रवक्ता बनाया गया है. जिन्हें सम्मानित व स्वागत करने के लिए



रविवार को पालीगंज स्थित स्वामी सहजानन्द सरस्वती भवन में भाजपा कार्यकताओं की ओर से अभिनन्दन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता रघुवेन्द्र कुमार शाही व संचालन पुरुषोत्तम कुमार ने किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओ ने भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रवक्ता सह पालीगंज के पूर्व बिधायक डॉ.उषा विद्यार्थी को फूल माला तथा अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत व सम्मानित किया। मौके पर डॉ. उषा विद्यार्थी ने सभी कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा मेरी पहली पार्टी थी और आज भी है। यह देश को उन्नति के रास्ते पर ले जा रही है। पिछले दस वर्षों के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र में मौजूद भाजपा की सरकार भारत को विश्व मे एक अलग पहचान दिलाई है। मौके पर भाजपा के दुल्हिन बाजार मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु कुशवाहा, जीत कुमार, बंशीधर शर्मा, सुनील शर्मा, बिरेन्द्र शर्मा, अजेश कुमार, कुंदन कुमार, सिंधु शर्मा, सूर्यमोहन कुमार, शिवकुमार सिंह व चन्द्रमोहन शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## फ्रेंडशिप ट्रॉफी पर जेनिथ पब्लिक स्कूल जोगबनी ने किया कब्जा

**अररिया।** नेताजी सुभाष स्टेडियम में मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा फ्रेंडशिप ट्रॉफी का फाइनल मैच से पहले जूनियर खिलाड़ियों प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया जिसमें जेनिथ पब्लिक स्कूल जूनियर 6/0 मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब जूनियर को हराया इसके बाद पूर्व का स्थगित मैच का फाइनल मैच मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब अररिया बनाम जेनिथ पब्लिक स्कूल जोगबनी के बीच खेल शुरू हुआ मध्यांतर तक दोनों टीमें एक दूसरे पर हावी रहे पहले हाफ में दोनों टीमें शुन्य शुन्य से बराबरी पर रहे ।मध्यांतर के बाद जेनिथ पब्लिक स्कूल जोगबनी अभिषेक कामत एवं विराज रेगमी ने एक-एक गोल दाग कर 2/0 फ्रेंडशिप ट्रॉफी पर जेनिथ पब्लिक स्कूल ने कब्जा किया रेफरी



के भूमिका में बबलू ,मरांडी, सदरे आलम एवं गफ्फार आलम ने निभाई मॉडल स्पोर्ट्स क्लब अररिया के द्वारा खेल समाप्त होने के बाद इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया निम्नलिखित पत्रकारों को सम्मानित किया गया 1.मनीष कुमार 2.रवि कुमार 3.आमिर रजा 4.शाहिद बशीर मुन्ना 5.राजीव सिंह 6.तपेश कुमार7.विकास प्रकाश।

मैच के मुख्य अतिथि प्रोफेसर जाहिद हुसैन ,खुर्शीद खान डायरेक्टर जेनिथ पब्लिक स्कूल ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को सम्मानित किया ।क्लब केअध्यक्ष सत्येंद्र नाथ शरण, सचिव इश्तियाक आलम, मुस्तकीम जुबेरी जकीउल हुदा शादाब समीम सिकंदर कुमार, तंजीला अहमद जुन्नु शकील अंसारी चांद आजमी, वकार अहमद गोपाल झा भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## युवक को मारी गोलीः बाइक सवार अपराधी फरार

**जयनगर नित्यानंद झा राजू 03 सितम्बर**

मधुबनी जिले के जयनगर शहर मे शनिवार की देरे शाम अपने घर के बाहर खड़े युवक को अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार दी। घायल युवक को इलाज के लिए स्थानीय अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहों स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे



डॉक्टरों ने दरभंगा रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। घटना जयनगर कमला बांध के समीप की है। जयनगर प्रखंड के बेलही दक्षिणी पंचायत वार्ड संख्या 17 भेलवा टोल निवासी लगभग 30 वर्षीय युवके मो. नजामे ` बेल्डिंग का काम करता था। इनके पिता का नाम मो. गुलाब है। मृतक के दो बच्चे भी हैं। घटना के बाद पत्नी शबनम खातुन का रो रोकर बुरा हाल है। मुहल्ले में मातमी सन्नाटा पसरा है। घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी विप्लव कुमार और थानाध्यक्ष आशुतोष रंजन घटना स्थल पर पहुँच मामले की जानकारी ली। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच कर जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है`।

## राजनीति नारे से नही विचार की दृष्टि से चलेगा देश - जगदानंद सिंह

### *राष्ट्रीय जनता दल द्वारा शिक्षक सम्मान एंव संगठन प्रमाण-पत्र वितरण का किया आयोजन*

**पटना । समाज जागरण**

राष्ट्रीय जनता दल के शिक्षक प्रकोष्ठ के द्वारा शिक्षक दिवस के पूर्व रविवार 3 सितंबर 2023 को 11 बजे से शिक्षक सम्मान समारोह एंव संगठन प्रमाण-पत्र प्रदान पटना के कपूरी सभागार, प्रदेश कार्यालय में किया गया है। जिसमें विश्वविद्यालय, महाविद्यालय एंव विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित एंव नव-मनोनीत प्रदेश पदाधिकारी, विश्विद्यालय एंव जिला पदाधिकारी को राष्ट्रीय जनता दल के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा संगठन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस कार्यकर्म को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदानंद सिंह ने कहा कि शिक्षा को समावेशी होना चाहिए जिससे गरीबों के भी बच्चे समावेशी शिक्षा के अंतर्गत आ सके। राजनीति नारों से नही, विचार की दृष्टि से देश चलेगा। शिक्षक को परिवर्तन का वाहक बनना होगा। पुरखों के विचार को हिफाजत करना होगा। बिहार के सभी प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर संवाद करे। लोकतंत्र का ताकत संवाद है। शिक्षक राजनीति नही करेगा, तो क्या मंदिर के पुजारी करेगा। इसलिए समाज के अगुवा शिक्षक को बनना होगा। संविधान बदलने वाले को बदलने के लिए समाज को जागरूक करना होगा। अब्दुल बारी सिद्दकी ने संबोधित कहते हुए कहा कि शिक्षक प्रकोष्ठ सबसे ऊपर का है। शिक्षक संघ मजबूत संगठन है। उनका बहुत मांग जायद है। शिक्षक प्रकोष्ठ संकल्प ले कर शैक्षणिक माहौल बनाने में सहयोग करे। छात्र और शिक्षक समस्या को पार्टी तक पहुँचाकर शिक्षक का विश्वास जितने के लिए तत्पर रहना होगा। शिक्षक प्रकोष्ठ को पार्टी ने महत्वपूर्ण अंग माना है। समय समय पर शिक्षक समस्या को लेकर पदाधिकारी से लेकर शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री तक मिले। हर तीन माह पर विद्यालय स्तर पर छात्र शिक्षक अभिभावक मिलन समारोह आयोजित कर एक पहल करे। जयप्रकाश यादव ने कहा कि शिक्षा हमारी धरोहर है। कभी बिहार के शिक्षा व्यवस्था का डंका बजता था। आज शिक्षा व्यवस्था में औद्योगिकरण हो गया है। ग्रमीण स्कूल का काफी महत्व था। आज शिक्षा नही धन पर ध्यान दिया जा रहा है ताकि गरीब के बच्चे नहीं पढ़े । उदय नारायण चौधरी ने कहा कि सावित्री बाई फूले ने



समाज को शिक्षित किया उसी तरह लालू यादव चरवाहा विद्यालय खोलकर किया। पढ़ो और मरो का नारा दिए।प्रो. डॉ.चंद्रदीप ने कहा कि नई शिक्षा नीति गरीब विरोधी नीति है । पूरे देश में 43796 कॉलेज 1113 विश्वविद्यालय है। जिसमें निजी 78.06 प्रतिशत और 21. 94 प्रतिशत सरकारी संस्थान है ।प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी डॉ.सुमंत राव उर्फ बबलु सम्राट ने कहा कि एक चाणक्य ने सत्ता परिवर्तन कर दिया था। यहां तो हजारों चाणक्य शिक्षक प्रकोष्ठ में है जो गरीब और जन विरोधी सरकार बदलने का ताकत रखते है।

इस कार्यक्रम में माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दकी, राष्ट्रीय महासचिव श्री जयप्रकाश यादव , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अशोक कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व शिक्षा मंत्री वृषण पटेल, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, संस्कृत शिक्षा बोर्ड के सदस्य चितरंजन गगन, मदन शर्मा, प्रदेश महासचिव प्रो. डॉ.चंद्रदीप, युवा राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. नितेश कुमार यादव, हरलाखी के पूर्व विधायक रामाशीष यादव, अति प्रकोष्ठ के अरविंद सहनी, उर्मिला ठाकुर। शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुमर राय, प्रदेश महासचिव योगेंद प्रसाद यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.श्यामनंदन कुमार , उपाध्यक्ष डॉ.पवन कुमार, प्रदेश प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी डॉ.सुमंत राव उर्फ बबलु सम्राट, प्रदेश महासचिव प्रोफेसर डॉ. कुमारी अनुपम सिन्हा, कार्यालय प्रभारी डॉ.धनंजय कुमार धवन, पटना विश्वविद्यालय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. दिलीप राम, प्रो. डॉ.शिवसागर प्रसाद, मधेपुरा विश्विद्यालय अध्यक्ष डॉ.उदय कृष्ण, उपाध्यक्ष डॉ.विश्वनाथ विवेका, पाटलीपुत्रा विश्वविद्यालय अध्यक्ष डॉ.अजय कुमार, प्रोफेसर डॉ. पंकज यादव, प्रो.डॉ.कविता सिंह, चंदन ठाकुर, प्रियरंजन ठाकुर, हरि ओम यादव, निशांत कुमार मुख्य रूप से शामिल थे।

## लगातार 15 दिन स्कूल नहीं जाने वाले छात्र-छात्राओं का नामांकन होगा रद्द

### *प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का नाम भी सरकारी स्कूलों से कटेगा*

**पटना ।समाज जागरण**

राज्य में प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के नाम सरकारी स्कूलों से करेंगे। ऐसे छात्र-छात्राओं की ट्रैकिंग होगी। योजनाओं का लाभ लेने के लिए राज्य के सरकारी स्कूलों में नाम लिखाकर प्रदेश एवं दूसरे राज्यों के प्राइवेट संस्थानों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के नाम भी करेंगे। वहीं, स्कूल में लगातार 15 दिन अनुपस्थित रहने वाले छात्र- छात्राओं का नामांकन रद्द किया जाएगा। इससे संबंधित निर्देश शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने सभी जिलाधिकारियों को दिया है। दरअसल, एक जुलाई से राज्य में सरकारी स्कूलों के लिए मॉनीटरिंग की व्यवस्था लागू है। इसके तहत राज्य भर में सरकारी स्कूलों का निरीक्षण चल रहा है। जुलाई से अब तक 50% से कम उपस्थिति वाले स्कूलों की संख्या घट रही है। फिर भी लगभग 10 प्रतिशत स्कूल ऐसे हैं, जहां छात्र उपस्थिति 50 प्रतिशत से कम है। अपर मुख्य सचिव के निर्देश के अनुसार हर जिले के डीईओ एवं डीपीओ पांच-पांच स्कूल एडॉप्ट करेंगे। आरडीडीई भी जिला मुख्यालय के कम से कम पांच स्कूल एडॉप्ट करेंगे। जिस डीपीओ के कार्यक्षेत्र में 50 फीसदी से कम छात्र उपस्थिति वाले स्कूल नहीं हैं, तो उन्हें कार्यक्षेत्र के बाहर के स्कूल दिए जाएंगे। एडॉप्ट स्कूलों मैं अधिकारी हर दिन जाएंगे। छात्र और अभिभावक से बात करेंगे। लगातार तीन दिन अनुपस्थित मिलने वाले छात्रों के अभिभावकों को प्रधानाध्यापक नोटिस देंगे। 15 दिन लगातार अनुपस्थित रहने पर छात्र का नामांकन रद्द किया जाएगा। निर्देश के अनुसार हरेक छात्र की ट्रैकिंग होगी। यह देखा जाएगा कि वे कहीं एक साथ दो स्कूलों में तो नहीं पढ़ रहे हैं।

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत विश्व का सबसे कम लागत वाला स्वास्थ्य सेवा गंतव्य बनकर उभरा है"

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ; प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) , कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह जो कि एक प्रसिद्ध मधुमेह विशेषज्ञ और औषधि विज्ञान (मेडिसिन) के प्रोफेसर भी हैं, ने आज कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का लक्ष्य चिकित्सा शिक्षा को सस्ता और सुलभ बनाना है। ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को उसकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के कारण किसी हानि का सामना न करना पड़े। भारत के सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक, चेन्नई के स्टेनली मेडिकल कॉलेज में मुख्य अतिथि के रूप में एक अकादमिक बैठक को संबोधित करते हुए, डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा इस सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक रही है, जिसका अनुमान आंकड़ों से लगाया जा सकता है। मात्र 145 सरकारी मेडिकल कॉलेजों से यह संख्या बढ़कर 260 हो गई है। उन्होंने कहा कि नए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) की स्थापना के लिए केंद्रीय क्षेत्र की योजना के अंतर्गत 22 एम्स को स्वीकृति दी गई है, जबकि 19 एम्स में स्नातक पाठ्यक्रम शुरू हो गए हैं। मंत्री महोदय ने कहा कि एमबीबीएस स्नातक पाठ्क्रम (यूजी) सीटों की संख्या 2014 में 51,348 से बढ़कर अब 91,927 सीटें हो गई है जो 79 प्रतिशत की वृद्धि है। उन्होंने कहा कि स्नातकोत्तर (पीजी) सीटों की संख्या 2014 की 31,185 सीटों से 93 प्रतिशत बढ़कर अब 60,202 सीटें हो गई है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने मेडिकल प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और प्रवासी भारतीय कोटा के अंतर्गत महाविद्यालयों में पिछले दरवाजे से प्रवेश को रोकने के उद्देश्य से नीट यूजी के लिए मानदंड को संशोधित करने की मांग की है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने स्मरण कराया कि प्रधानमन्त्री श्री मोदी ने हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, गुजराती और बंगाली जैसी क्षेत्रीय भारतीय भाषाओं में मेडिकल और इंजीनियरिंग शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया है। "उन्होंने कहा कि मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में शुरू हो गई है और शीघ्र ही इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी हिंदी में शुरू होगी और इंजीनियरिंग की पुस्तकों का देश भर में आठ भाषाओं में अनुवाद भी शुरू हो गया है और आने वाले समय में देश भर के छात्र अपनी मातृभाषा में तकनीकी और मेडिकल शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।" डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि महामारी से सफलतापूर्वक निपटने के बाद स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में संपूर्ण विश्व अब भारत की ओर आशा से देख रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी और मानव संसाधन के मामले में हम अधिकांश अन्य देशों से बहुत आगे हैं। देश में पहली बार ' सुरक्षात्मक स्वास्थ्य देखभाल को केंद्रबिंदु में लाने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी को धन्यवाद देते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि उनके नेतृत्व में, केवल दो वर्ष की अवधि में ही भारत दो डीएनए वैक्सीन और एक नेजल वैक्सीन का उत्पादन कर सकता है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया ने कोविड-19 के दौरान भारत की नेतृत्वकारी भूमिका कोपहचाना, क्योंकि तब इसने पूरी तरह से डिजिटल प्लेटफॉर्म कोविन के माध्यम से 220 करोड़ से अधिक टीकाकरण करने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल की और यह प्रक्रिया अब भी जारी है," उन्होंने कहा, "भारत ने 130 करोड़ लोगों के साथ शेष विश्व को कोविड-19 के विरुद्ध लड़ाई में रास्ता दिखाया और कई देशों, विशेषकर पड़ोसियों को टीकों से सहायता भी की।" विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि कोविड के दौरान पश्चिम ने भी आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग, प्राकृतिक चिकित्सा आदि से ली गई प्रतिरक्षा निर्माण तकनीकों की खोज में भारत की ओर देखना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि ह्लभारत में स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र के वर्ष 2025 तक बढ़कर 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है, जबकि वैश्विक चिकित्सा पर्यटन बाजार लगभग 72 बिलियन डॉलर का होने का अनुमान है।

# कानपुर : एस ओ विनय तिवारी, मतलब गुजैनी में ऑल इज वेल , एक दर्जन गिरफ्तार

## - पुलिस ने घटना के 24 घंटे में भाड़े के दो हत्यारों समेत विभिन्न आरोपों में एक दर्जन से ज्यादा को दिखाय जेल का रास्ता

सुनील बाजपेई कानपुर। यहां की गुजैनी पुलिस ने घटना का 24 घंटे के अंदर सटीक खुलासा करते हुए भाड़े पर हत्या करने वाले दो शातिरों के साथ ही वाहन चोरों ,छेड़खानी करने वालों और मादक पदार्थ तस्करों समेत विभिन्न आरोपों में एक दर्जन से अधिक लोगों को जेल भेजने में सफलता प्राप्त की है।

इनमें ड्50 हजार के लेनदेन के विवाद में जीजा ने अपने ही साले साहिल की हत्या भाड़े के हत्यारे शिव सिंह उर्फ शिवम गौतम निवासी ग्राम सायपुर पोस्ट मेहरा थाना रसूलाबाद कानपुर देहात और बब्बन पुत्र मिश्री निवासी तात्याटोपे नगर से करवा दी थी। अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के इसी क्रम में वाहन चोरों , मादक पदार्थ तस्कर , छेड़खानी करने वालों समेत एक दर्जन से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

इन सभी आरोपियो को गिरफ्तार करने में जिस गुजैनी पुलिस को सफलता मिली है, थानाध्यक्ष के रुप में उसकी कमान आजकल अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित लोकहित में अपनी धुन के पक्के कठोर परिश्रमी सब इंस्पेक्टर विनय तिवारी के हाथ में है, जिनकी कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही अपनी नौकरी के अब तक के जुझारू कार्यकाल में अनेक शातिरों सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है।

इसी के साथ निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के मानवीय दृष्टिकोण के भी प्रबल पक्षधर थानाध्यक्ष विनय तिवारी की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले थाना प्रभारी विनय तिवारी जहां उचित पात्र लोगों की ना केवल हर संभव सहायता करते हैं वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक यही नहीं तेजतर्रार और व्यवहार कुशल सब इंस्पेक्टर विनय तिवारी के यूपी पुलिस के अब तक के कार्यकाल विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रतिष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। सरल और शालीन स्वभाव के थानाध्यक्ष विनय तिवारी के कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में लगातार जारी इस प्रभावी अभियान से गुजैनी क्षेत्र की जनता पहले से ज्यादा राहत भी महसूस कर रही है।

# सबसे अच्छा मीठा प्रसाद मधुरता जो कड़वी धर्नी को भी मीठा बना देती है- ब्रह्माकुमारी

रायसेन/ विदिशा । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मंसापूर्ण हनुमान मंदिर के पास स्थित सेवा केंद्र द्वारा गंजबासौदा की उप जेल में कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमें ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जीवन काल में हम ऐसे कर्म करें कि उसका फल हमें दुख के रूप में न भोगना पड़े। जो भी हम कर्म करते हैं, चाहे अज्ञानतावश चाहे काम, क्रोध आदि विकारों के वश या किसी भी प्रॉब्लम के वश, उसका फल इस जन्म में चाहे अगले किसी भी जन्म में हमें भोगना ही पड़ेगा। जिस प्रकार एक व्यक्ति ट्रेन से उतर कर गंतव्य स्थान पर पहुंचने के लिए दूसरी ट्रेन पकड़ता है, तो अपना सामान तो साथ ही लेकर जाता है, इसी प्रकार कर्म फल ही हमारा सामान है। हमारीअटैची है। तो सदा ध्यान रहे कि हम अपने अटैची में क्या भरा रहे हैं? यदि केवल अच्छे कर्म ही भरेंगे तभी भविष्य जीवन यात्रा सदा सुखमय, शांतिमय, आनंदमय रह सकती है। मन के विचार शुभ भावना और शुभकामना वाले हैं तो बोल भी शक्तिशाली शुद्ध और कल्याणकारी होंगे। जैसे हाथों से श्रेष्ठ कर्म करने से हमारा दुआओं का और पुण्य का खाता जमा होता है, इसी प्रकार से सुखद बोल बोलने से भी दुआओं का और पुण्य का खाता जमा होता है, आज व्यर्थ बोल के कारण हमारे से जाने अनजाने में कुछ गलतियां हो जाती हैं जिनके कारण हम आज यहां पर बैठे हुए है। प्रसाद से मुख मीठा थोड़े समय के लिए होता है लेकिन अगर हम खुद ही मीठे बन जाएं तो सदा मिठास का अनुभव करते रहेंगे जैसे मीठा खाने और खिलाने से खुशी होती है ऐसे ही मधुर बोल खुद को भी खुश करते



हैं और दूसरों को भी खुश करते हैं यही है सबसे अच्छा मीठा प्रसाद मधुरता एक ऐसी विशेष धारणा है जो कड़वी धरनी को भी मधुर बना देती है। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने राखी का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि यह बंधन एक ऐसा पवित्र बंधन है जिसमें एक बार बंद जाने से उस रिश्ते का सम्मान बढ़ जाता है फिर उस रिश्ते में कभी विकारी दृष्टि, वृत्ति उत्पन्न नहीं हो सकती, परंतु आज कलयुग के समय पर कुछ आत्मा इस पवित्र बंधन का सम्मान नहीं रखते आज के समय पर हर मनुष्य आत्माओं के अंदर यह जो पांच विकार हैं काम, क्रोध, लोभ, मोह अहंकार अपने चरम सीमा पर पहुंच चुके हैं जो कभी-कभी तो भाई बहन के पवित्र संबंध को भी कलंकित कर देते हैं। परमपिता परमात्मा अवतरित होकर हमें इस पवित्र बंधन राखी का वास्तविक रहस्य बताते हैं वह हमें अपना असली परिचय देते हैं कि वास्तव में हम सभी आत्मा है इस शरीर को चलाने वाली, परमात्मा हम सभी के बीच पवित्र संबंध की स्थापना कर रहे हैं सबको सच्ची राखी का अर्थ बता रहे हैं जिस दिन हम सब आत्माएं आपस में भाईचारे का संबंध जोड़ेंगे हम एक पिता के बच्चे इस संबंध की स्मृति में आपस में प्यार और सम्मान की लेनदेन करेंगे उसी दिन हम सब वास्तव में सच्चा सच्चा रक्षाबंधन मनाएंगे। उप जेल अधीक्षक आलोक भार्गव ने ब्रह्माकुमारी दीदीओं का शुक्रिया अदा करते हुए ऐसे कार्यक्रम करने की इच्छा जताई आपके आने से यहां परिवर्तन होता जा रहा है आप बीच-बीच में ऐसे कार्यक्रम करते रहें जिससे सकारात्मक उर्जा यहां फैली रहे। आखिर में सभी को रक्षा सूत्र बांधकर मुख मीठा कराया गया। अधिक संख्या में बंदी भाइयों ने कार्यक्रम का लाभ लिया।

# महिलाओ से छेड़छाड़ के मामले को लेकर व्यापारियों ने वारासिवनी रखा बंद

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 04 सितम्बर )जिले में आये दिन महिलाएं एवं छात्राएं आवारा किस्म के लोगों के द्वारा छेड़छाड़ की शिकार होती हैं जिसकी शिकायत करने के बाद भी पुलिस कार्यवाही नहीं करते जिसके विरोध में रविवार को वारासिवनी के व्यापारियों ने अपने अपने प्रतिष्ठान को बंद कर विरोध जताया।वारासिवनी तहसील मुख्यालय में एफसीआइ गोदाम के सामने स्थित मैदान में एक प्रदर्शनी में लगातार हो रही महिलाओं से छेड़खानी की घटना से नाराज व्यापारियों ने रविवार को शांतिपूर्ण तरीके से नगर को बंद किया। इसके एक दिन पूर्व शाम को वाहन के जरिए मुनादी करवा दी गई थी। व्यापारियों ने बताया कि एफसीआइ गोदाम के सामने एक प्रदर्शनी लगी है। जहां शहर, गांव के व्यापारियों के अलावा कई लोग परिवार के साथ घूमने के लिए जाते हैं।वहीं कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा महिलाओं, युवतियां के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दे रहे हैं। इस बात का विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं और इसकी शिकायत थाना में किए जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं



की जाती है। इसके लिए सभी व्यापारियों ने एकजुट होकर पूरे नगर को आज बंद रखा है। इसकी जानकारी ज्ञापन के माध्यम से एक दिन पूर्व ही थाना प्रभारी से लेकर एसडीओपी को भी दिए है।

### शिकायत के बाद भी कोई नहीं होती कार्रवाई

व्यापारियों ने बताया कि नगर में असामाजिक तत्वों का बोलबाला है। इन असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस में शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती हैं। नगर के एफसीआई गोदाम के सामने मैदान में लगी प्रदर्शनी में तो महिलाओं, युवतियों से लगातार छेड़छाड़ की घटना हो रही है। ऐसे में प्रदर्शनी को बंद कर देना चाहिए या समुचित व्यवस्था करनी चाहिए जिससे महिलाएं सुरक्षित रहें।एक व्यापारी परिवार के साथ गुरुवार की शाम प्रदर्शनी में घूमने गए थे तो वहां पर असामाजिक तत्वों द्वारा उनके परिवार के साथ छेड़छाड़ की वारदात को अंजाम दिया गया और मारपीट करने की नौबत बन गई थी, जिसे बीच बचाव कर शांत किया गया जिसके विरोध में व्यापारियों ने अपने अपने प्रतिष्ठान बंद कर रखे थे।

# जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों की अति महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन 5 सितंबर को।

***भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी देंगे मार्गदर्शन, जनआशीर्वाद यात्रा आगमन सहित कई विषयो पर होगी चर्चा।***

रायसेन। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में 5 सितंबर मंगलवार को जिला भाजपा के समस्त पदाधिकारीयो की बैठक आयोजित की गई है, जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं समीक्षा की जाएगी। आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में उत्तर प्रदेश शासन के सहकारिता मंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर, विभाग एवं भाजपा के संगठन मंत्री कांति देव सिंह, सांसद, मंत्री, जिले के समस्त भाजपा विधायक, जिला भाजपा अध्यक्ष, जिला संगठन प्रभारी बैठक में विशेष रूप से मौजूद रहकर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि उक्त प्रथम बैठक दोपहर 2:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे से आयोजित की गई है जिसमें मुख्यमंत्री की जन आशीर्वाद यात्रा का जिले में आगमन की तैयारी को लेकर रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा, आजीवन सहयोग निधि की समीक्षा, मंडल सम्मेलन, शक्ति केंद्र एवं बूथ बैठकों की समीक्षा, मतदाता सूची एवं मतदाताओं के नाम जोड़ने पर समीक्षा, घर-घर संपर्क अभियान की समीक्षा, मेरी माटी मेरा अभिमान की तैयारी के बारे में समीक्षा की जाएगी, इसके साथ ही अन्य आवश्यक विषयों पर चर्चा होगी । इसके अलावा बैठक का द्वितीय चरण 3:45 बजे से शुरू होगा जिसमें जिला भाजपा अध्यक्ष, जिला संगठन प्रभारी, भाजपा के समस्त पदाधिकारी सहित अपेक्षित पदाधिकारी में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत के सदस्य, भाजपा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक, जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष उपाध्यक्ष, सभी मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री, सभी भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, भाजपा मंडल प्रभारी, विधानसभा संयोजक एवं आकांक्षी विधानसभा प्रभारी, जन आशीर्वाद यात्रा के जिला एवं विधानसभा प्रभारी, विधानसभा विस्तारक आदि बैठक में विशेष रूप से भाग लेंगे। बैठक में सभी पदाधिकारियों की मौजूदगी अनिवार्य है।

# सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति ने शहर वासियों के साथ सावरकर बाल विहार में मनाया भुजरिया मिलन समारोह

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

विदिशा/ रायसेन। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति ने विदिशा शहर के बीचों-बीच स्थित सावरकर बाल विहार में पर भुजरिया मिलन समारोह का आयोजन किया, इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने नगरवासियों को हाथों में भुजरिया देकर उनसे गले मिले और उन्हें शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने कहा कि भुजरिया हमारी भारतीय संस्कृति की विशेष पहचान है। यह भारतीय संस्कृति की अमूल्य देन है। रूठों को मनाने और नए दोस्त बनाने के लिए भी इस महोत्सव का विशेष महत्व है। उक्त जानकारी देते पूर्व न.पा अध्यक्ष मुकेश टंडन ने बताया कि सनातन संस्कृति में उत्सवों का विशेष स्थान है प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी भुजरिया पर्व अवसर पर सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के साथ एकत्रित होकर नागरिकों को तिलक कर भुजरिया देकर गले मिलकर पर्व की शुभकामनाये बधाई दी गई। शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि अच्छी बारिश, फसल एवं सुख समृद्धि की



कामना के लिए रक्षाबंधन के दूसरे दिन भुजरिया पर्व मनाया जाता है। इस दिन जल स्त्रोतों में गेहूं के पौधों का सावन के महीने की अष्टमी और नवमीं को छोटी-छोटी बांस की टोकरियों में मिट्टी की तह बिछाकर गेहूं या जौं के दाने बोए जाते हैं। इसके बाद इन्हें रोजाना पानी दिया जाता है। सावन के महीने में इन भुजरियों को झूला देने का रिवाज भी है। तकरीबन एक सप्ताह में ये अन्न उग आता है जिन्हें भुजरियां कहा जाता है। इस अवसर पर भुजरिया मिलन समारोह कार्यकृम में विदिशा शहर के गणमान्य नागरिकों में प्रमुख रुप से सासंद प्रतिनिधि राकेश शर्मा, मनोज कटारे, संदीप डोंगर सिंह, राजेश जैन, अरविंद श्रीवास्तव, पूर्व नपा अध्यक्ष ज्योति शाह, बालविहार कल्याण समिति अध्यक्ष सचिन तिवारी, नरोत्तम सोनी, ओपी चतुवेर्दी के अतिरिक्त बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# जिला पंचायत सभापति राजेश्वर भार्गव ने ऊनी में कराया 60 लोगों को कांग्रेस प्रवेश

***मस्तुरी विधानसभा के कांग्रेसी नेता रायपुर में डेरा डालें हुए हैं तो वहीं राजमहंत अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर लोगों के बीच है***

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तुरी। मस्तूरी विधानसभा के अंतर्गत सीपत क्षेत्र के ग्राम पंचायत ऊनी में भाजपा एवं अन्य पार्टियों का परित्याग करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यों से प्रभावित होकर जिला सभापति राजेश्वर भार्गव के नेतृत्व में 60 से अधिक लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा उन्हें सदस्य ग्रहण कराते हुए राजेश्वर भार्गव ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार विकास की गंगा बहा रही है उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा की पूर्व में रमन सिंह की सरकार 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ में राज किया लेकिन किसानों के दुख दर्द को नहीं समझा हमारे किशनहा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने किसान गरीब, मजदूरों, महिलाओ युवाओं आंगनबाड़ी कार्यकताओं मितानिनों, सहित अन्य लोगो का दुख दर्द समझते हुए सभी के मांग पूरा करते हुए बखूबी से शासन चला रहे है भूपेश बघेल के कार्यों से प्रभावित होकर आज भाजपा के अनेक कार्यकताओं ने कांग्रेस का दामन थामा मैं उन्हें अपने पार्टी और अपनी तरफ से स्वागत करता हूं अभिनंदन करता हूं। कांग्रेस प्रवेश करने वालों में लक्ष्मी प्रसाद शिवरतन बाबूलाल साहू गौरव साहू रजत कुमार पुजारी मुन्ना दास कृष्ण कुमार केवट काशीराम केवट सियाराम यादव केशव प्रसाद साहू रामखेलावन साहू जीव रत्न साहू विनोद साहू प्रमोद साहू रामेश्वर जांगड़े, हर प्रसाद साहू



आनंद सुरेश ठाकुर रंग लाल यादव बजरंगदास मानिकपुरी सत्यनारायण साहू गंगाराम साहू एवं अन्य लोगों ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस में प्रवेश किए।

उक्त अवसर पर जिला सभापति राज महंत राजेश्वर भार्गव, युवा नेता सुभाष टंडन, भईया राम साहू, वीरेंद्र लयहर्षण,रामकुमार साहू की गरिमा में उपस्थिति में कांग्रेस प्रवेश कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# दमोह एवं जमुनिया में दिलायी मतदान करने की शपथ, कलेक्टर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 04 सितम्बर )कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ जिले के दूरस्थ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के ग्राम दमोह, सिंघनपुरी एवं जुमनिया में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल हुए और मतदाताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ दिलायी। मतदाताओं को शपथ दिलायी गई कि वे अपनी पसंद की सरकार चुनने एवं गांव के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मतदान के दिन सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करेंगें। मतदाताओं को यह भी शपथ दिलायी गई कि वे क्षेत्र, जाति, धर्म, सम्प्रदाय, भाषा, बोली, लिंग आदि का भेद किये गये बगैर और किसी के दबाव या प्रलोभन में आये बगैर स्वयं के विवेक से निर्भीक होकर मतदान करेंगें। इस दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाताओं का मतदान करना बहुत जरूरी है। इस दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है ।01 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले किसी युवा का या किसी मतदाता का नाम सूची में शामिल नही है तो वे 11 सितम्बर तक अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्र पर जाकर प्रारूप-06 में आवेदन कर सकते है। मतदाता सूची से मृत या बाहर जा चुके लोगों के नाम हटाने के लिए प्रारूप-07 एवं नाम संशोधन के लिए प्रारूत 08 में 11 सितम्बर तक आवेदन कर सकते है। कलेक्टर डॉ मिश्रा एवं एसपी समीर सौरभ ने दमोह एवं जमुनिया के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर बी एल ओ से जानकारी ली एवं मतदान केन्द्र में बुनियादी सुविधाओं के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# दो आदतन अपराधी चार माह के लिए जिलाबदर

**समाज जागरण रायसेन, 03 सितम्बर 2023**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी विष्णु लोवंशी पिता बाबूलाल लोवंशी निवासी ग्राम सलकनी थाना औबेदुल्लागंज जिला रायसेन को 04 माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2017 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 20 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी कैलाश मांझी को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से 04 माह के लिए निष्कासित किया गया है।

इसी प्रकार विभिन्न अपराधों में आरोपी जितेन्द्र पिता जीवन सिंह कुशवाह निवासी ग्राम काछी कान्हाखेड़ा थाना सांची जिला रायसेन को 04 माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2008 से लगातार अपराध घटित करता चला आ रहा है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 09 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी जितेन्द्र को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से 04 माह के लिए निष्कासित किया गया है।

# भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त ने सांची स्तूप का किया किया भ्रमण

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम तथा आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की ली जानकारी

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

रायसेन। भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेन्द्र शर्मा रविवार को सांची पहुंचे उन्होंने यहां बौद्ध स्तूपों का भ्रमण किया इसके उपरांत वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा जिले में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षणझ 2023 कार्य तथा आगामी विधानसभा



निर्वाचन हेतु की जा रही तैयारियों से अवगत कराया। इसके साथ ही स्वीप प्लान के तहत जिले में आयोजित की जा रहीं विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर एसपी विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ तथा स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती अंजू भदौरिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री अमृता गर्ग तथा एसडीएम मुकेश सिंह, सांची पुरातत्व विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर एवं एसपी ने किया नक्सल प्रभावित ग्रामों का दौरा,गोंडीटोला की शिक्षिका को निलंबित करने के निर्देश

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 04सितम्बर )कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने जिले के दूरस्थ नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामों का भ्रमण कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जानपुर के पांडियाटोला से हाईस्कूल मार्ग की ओर बनाई जा रही सीमेंट-कांक्रीट सड़क का निरीक्षण किया। इसके



साथ ही पांडियाटोला में स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण कर बीएलओ से जानकारी ली और मतदान केन्द्र में बुनियादी सुविधाओं में सुधार के संबंध में निर्देश दिए। प्राथमिक शाला गोंडीटोला चकरवाही की शाला का निरीक्षण करने पर वहां की शिक्षिका डेमेश्वरी पटले अनुपस्थित पायी गई। जिस पर शिक्षिका डेमेश्वरी पटले को निलंबित करने के निर्देश दिए गये। इस दौरान बैहर एसडीएम विवेक केव्ही, सहायक यंत्री भास्कर शिव भी उपस्थित थे।

# कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल जिला कांग्रेस चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष बनाए गए

रायसेन। रायसेन जिले के रायसेन जिले के ऊजार्वान कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल को मध्य प्रदेश कांग्रेस चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया ने रायसेन जिला कांग्रेस चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है उनकी नियुक्ति पर रायसेन जिला कांग्रेस कमेटी युवक कांग्रेस महिला कांग्रेस भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के अनेक पदाधिकारी और कार्यकताओं ने उन्हें बधाई देते हुए मध्य प्रदेश चुनाव अभियान



समिति के अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया के प्रति और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार प्रकट किया है।

# आयुष मंत्री ने 01.09 करोड़ रुपये के विकास कार्यो का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 04 सितम्बर )मध्य प्रदेश शासन के आयुष एवं जल संसाधन राज्य मंत्री रामकिशोर नानो कावरे ने परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहगांव, कुमादेही, धनवार एवं परसाटोला में 01 करोड़ 09 लाख रुपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया।



मंत्री ने ग्राम पंचायत परसाटोला के भिलेवानी में 15 लाख रुपये की लागत से बने सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र भवन का लोकार्पण किया तथा परसाटोला में 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाली राशन दुकान के लिए भूमिपूजन, ग्राम कुमादेही में खनिज निधि की 15 लाख रुपये की राशि हाईस्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण, परार्पुर सकराही नाला में 24 लाख 53 हजार रुपये की लागत से पुलिया निर्माण के लिए भूमिपूजन, ग्राम धनवार में नारना से सरेखा मार्ग पर 14 लाख 97 हजार रुपये की लागत से बनने वाली पुलिया व धनवार मे 15 लाख रुपये से बनने वाली राशन दुकान के लिए भूमिपूजन किया तथा ग्राम पंचायत सैला के ग्राम मालखेड़ी में 09 लाख 50 हजार रुपये की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया।

# रसिकनगर में दो दिवसीय लोक कला-संस्कृति का सांसद विद्युत वरण ने किया उद्घाटन

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : ईस्टर्न जोनल कल्चर सेंटर के सहयोग से झारखंड मानभूम लोक कलाकार संघ के तत्वावधान में रविवार को दो दिवसीय लोक उत्सव, मानभूम छऊ एवं झुमुर नृत्य कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया।

मौके पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति यह बताती है कि आपके लिए लोक कला कितना महत्व रखता है। यह कला-संस्कृति सिर्फ इस क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में पहुंच गया है। भीष्मदेव महतो की पहल पर इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। जिस समाज की संस्कृति नहीं है उसकी कोई पहचान नहीं होती है। टुसू, करम, भादो, करम पर्व का नाम सामने आते ही पता चलता है कि इसका आयोजन झारखंड के लोग ही करते हैं। हर राज्य की तरह यहां भी अपनी संस्कृति है जिसे गांव के लोग बचाकर रखे हुए हैं। कृषि प्रधान इस क्षेत्र के लोग कृषि कार्य को पूरा करने के बाद नाच, गाना का आयोजन करते हैं। सांसद ने कहा कि भुइयांसिनान से रसिकनगर बंगाल सीमा तक जो जर्जर सड़क है उसके पुनर्निर्माण हेतु राज्य सरकार के सचिव से मिला और जब उन्होंने अधिकतम 25 करोड़ रुपये तक देने की बात की तो वे सीआरएफ मद से 87 करोड़ रुपये की स्वीकृति दिलाई ताकि मजबूती से इसका निर्माण हो सके। सड़क निर्माण हेतु केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी शिलान्यास कर चुके हैं टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है और बहुत जल्द इसका भूमिपूजन भी किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि 8-10 दिनों के अंदर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीआरएफ निधि से जिले की कई सड़कों का निर्माण हो चुका है। इस सड़क के लिए राज्य सरकार सिर्फ मॉनिटरिंग करती है और सारा खर्च केन्द्र सरकार करती है।

ईस्टर्न जोनल कल्चर सेंटर के कार्यक्रम पदाधिकारी गौतम मुखर्जी ने कहा कि सांसद की पहल पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि यहां की लोक कला-संस्कृति को संरक्षित करने के साथ-साथ उचित सम्मान मिल सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि सनातन सिंह लाया व ललित हांसदा, मुचीराम बाउरी, माणिक महतो, झारखंड मानभूम लोक कलाकार संघ के सचिव भीष्मदेव महतो, अमित राज कुमार, प्रह्लाद महतो, सागर सिंह, रासु सिंह, विजय टुडू, संतोष महतो, आह्लाद महतो, रोहिन महतो आदि उपस्थित थे। इस दौरान पहला झुमुर गीत सुकला गांव की हरप्रिया महतो ने प्रस्तुत की।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का 30 वा स्थापना दिवस व्यापारी दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया

दैनिक समाज जागरण बहजोई/संभल।अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का 30 वा स्थापना दिवस व्यापारी दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया




गया स्टेशन रोड स्थित एबीसी मोंटसरी स्कूल में आयोजित प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार श्रीमती वंदना मिश्रा व संयुक्त अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हरविंदर सिंह रहे इसमें व्यापारिक क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य रूप से सतीश अरोड़ा प्रभात कृष्णा हाजी रिजवान प्रिंस मल्होत्रा नमन अग्रवाल प्रीति अग्रवाल डोली शर्मा व अशोक बजाज शामिल रहे दोनों मुख्य अतिथियों को भी व्यापार मंडल द्वारा सम्मानित किया गया प्रोग्राम की अध्यक्षता करते हुए प्रेम ग्रोवर ने कहा कि जिस तरीके से देश का प्रहरी फौजी होता है इस तरीके से देश की अर्थव्यवस्था का प्रहरी व्यापारी होता है शिक्षक दिवस बाल दिवस मजदूर दिवस व अन्य दिवस की तर्ज पर केंद्र सरकार से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मांग करता है की 3 सितंबर को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस घोषित किया जाए प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी ने कहा की 30 वर्षों से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश में ही नहीं पूरे देश में व्यापारियों के लिए संघर्ष करता आ रहा है राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने जो पौधा 30 वर्ष पूर्व लगाया था आज उसने वृक्ष का रूप ले लिया जिनकी टहनियां पूरे देश में फैली हुई है आज व्यापारी समाज ही समाज का सबसे बड़ा सेवक है और व्यापारियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के टैक्सों से केंद्र व राज्य सरकार की अर्थव्यवस्था चलती है व्यापारियों का सम्मान सर्वोपरि है साल के 365 दिन में एक दिन व्यापारियों के मान सम्मान के लिए मनाया जाए जिसको व्यापारी दिवस का नाम दिया जाना चाहिए बैठक में मुख्य रूप से अनुज वार्ष्णेय सुशील अग्रवाल राजू चड्ढा मोहम्मद अयूब सुभाष पाल शुभम अग्रवाल सुफियान शमसी उमेर शमसी मुदित गर्ग रिंकू अग्रवाल सुभाष मित्तल आशु उमेश वार्ष्णेय रुचि अग्रवाल प्रमोद अग्रवाल अब्दुल अहद रुचिका गुप्ता रेखा रस्तोगी मंजू अग्रवाल रहे प्रोग्राम की अध्यक्षता प्रेम ग्रोवर व संचालन शाह अलम मंसूरी ने किया

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने मुकेश कुमार शर्मा।

### कहा - संगठन के लिए ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा के साथ किया जाएगा कार्य।

दैनिक समाज जागरण संभल। संभल जनपद के गुन्नौर तहसील क्षेत्र के जिंजोड़ा डांडा निवासी मुकेश शर्मा को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। जिसको लेकर संगठन के कार्यकताओं तथा पदाधिकारी में खुशी की लहर दौड़ गई। जहां उनका संगठन के कार्यकताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। गुन्नौर



तहसील क्षेत्र के जिंजोड़ा टांडा निवासी मुकेश कुमार शर्मा अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा में बीते काफी समय से कार्य कर रहे हैं। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने मुकेश शर्मा की संगठन के प्रति कर्तव्य निष्ठा तथा लगन को देखते हुए उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। रविवार को संगठन द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत होने के बाद कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। जहां कार्यकताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। मुकेश शर्मा ने बताया कि संगठन द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसे कर्तव्य निष्ठा के साथ निभाया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी की जयंती मनाई गई

दैनिक समाज जागरण /संभल।जिला कैंप कार्यालय पर पूर्व रेल मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी की जयंती मनाई गई जिलाध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि पंडित कमलापति त्रिपाठी स्वाधीनता संग्राम आंदोलन के दौरान कई बार जेल गए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने पार्टी संगठन की मजबूती एवं अपूर्णीय योगदान दिया मुख्यमंत्री के तौर पर उत्तर प्रदेश के विकास में उनके द्वारा किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता देश के चहुंमुखी विकास के मद्देनजर केंद्रीय रेल मंत्री के रूप में उन्होंने पुणे में डीजल लोको सेट की शुरूआत की और कई नई ट्रेनों का संचालन किया जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकताओं द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री पंडित कमलापति त्रिपाठी की जयंती के अवसर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विजय शर्मा जिला सचिव चौधरी मनवीर सिंह जिला सचिव कासिम खान यूथ कांग्रेस जिला सचिव कासिम जैदी मोहम्मद ताबिश सचिन गुप्ता अरुण कुमार शर्मा मनोज प्रजापति लाल सिंह प्रजापति दीपक शर्मा आदि लोग मौजूद रहे

## क्या जी20 सम्मेलन के दौरान दिल्ली में लगा रहेगा लॉकडॉउन?

नई दिल्ली. जी20 शिखर सम्मेलन नजदीक आने के साथ दिल्ली पुलिस ने दो दिवसीय मेगा कार्यक्रम के संचालन और इस दौरान सुचारू यातायात व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए जरूरी व्यवस्थाएं की हैं. पुलिस ने दिल्लीवासियों से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील करते हुए लोगों से कहा कि वे घबराएं नहीं, क्योंकि जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर 9-10 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी में कोई लॉकडाउन नहीं होगा.

दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता) पर पुलिस ने एक फिल्मी पोस्टर शेयर किया जिसमें लिखा है, 'बॉयज एंड गर्ल्स, रिलैक्स!' G20 शिखर सम्मेलन के समय दिल्ली में लॉकडाउन नहीं होगा.'

इस पोस्ट में लिखा है, 'प्रिय दिल्लीवासियों, बिल्कुल भी घबराएं नहीं! कोई लॉकडाउन नहीं है. बस @dtpftraffic के वर्चुअल हेल्प डेस्क पर उपलब्ध ट्रैफिक जानकारी से खुद को अपडेट रखें.'

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने जी20 समिट के दौरान दिल्लीवासियों को शहर में ट्रैफिक अपडेट के बारे में सूचित रखने के लिए एक डेडिकेटेड हेल्पडेस्क शुरू की है.

### बस कुछ इलाकों पर लागू होंगी पाबंदियां

पहले भी यह स्पष्ट किया गया था कि दिल्ली मेट्रो सेवा में रहेगी और राष्ट्रीय राजधानी में कोई लॉकडाउन नहीं रहेगा. दिल्ली पुलिस की पीआरओ सुमन नलवा ने कहा, ह्यचूंकि कई राष्ट्रों के प्रमुख आ रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय संगठन इसमें शामिल हो रहे हैं, इसके मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने नई दिल्ली जिले में एक 'नियंत्रित क्षेत्र' बनाया है.

## रोडवेज कर्मियों द्वारा खाली सीट होने के बावजूद सीट न देना सेवा में घोर कमी व लापरवाही... उपभोक्ता योग

### यूपी रोडवेज के चालक व परिचालक द्वारा अधिवक्ता से उलझना पड़ा भारी

दैनिक समाज जागरण बहजोई।उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा विभिन्न रास्तों पर सवारी की सहूलियत के लिए बसे लगाई गई है उसी क्रम में दिनांक 16 फरवरी 2023 को बहजोई निवासी अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय मुरादाबाद कटघर से बहजोई अपने निवास के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बस संख्या यू पी 21 ए एन 2898 से अपने घर की ओर आ रहे थे। बस में सवारियां कम थी परंतु चालक और परीचालक बस में व्यावसायिक माल को लाद कर ले जा रहे थे जब चालक परीचालक से शीट होने के बावजूद यात्रियों को खड़ा होकर यात्रा करने की शिकायत की गई तो उन्होंने आगामी यात्रा कराए जाने से इनकार कर दिया जिस पर उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय ने उनकी शिकायत क्षेत्रीय प्रबंधक पीतल नगर डिपो तथा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम लखनऊ के कार्यालय से की जिसकी जांच की गई और जांच



करने पर अधिवक्ता द्वारा की गई शिकायत को सही पाया जिस पर चालक व परिचालक के वेतन से पांच पांच सौ रुपए का अर्थ दण्ड लगाकर उसकी वसूली के आदेश उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा दिए जाने की बात उपभोक्ता आयोग में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ओर से कही गई जिस पर अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय की जो शिकायत की गई है उसे शिकायत के आधार पर जांच को सही पाया है और सही पाए जाने के उपरांत थी उनकी सैलरी से पांच पांच सौ रुपए की कटौती के आदेश किए गए हैं जबकि परिवादी ने खड़े होकर बड़ी मुश्किल से अपनी यात्रा को पूर्ण किया तथा चालक व परिचालक का जो रवैया था वो बहुत ही खेद जनक था इसलिए चालक व परिचालक को जब विभाग में दोषी मान ही लिया है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उपभोक्ता आयोग परिवादी को क्षतिपूर्ति दिलाए जिस पर आयोग के अध्यक्ष व सदस्यगण द्वारा दोनों पक्षों की बहस सुनने के उपरांत अपना आदेश दिया कि विपक्षी उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम पीतल नगरी डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक को आदेशित किया जाता है कि वह प्रशनगत बस के चालक व परिचालक प्रत्येक के वेतन से मुबलिग दस दस हजार रुपए की कटौती करके परिवादी को बतौर क्षतिपूर्ति मुबलिग ₹20000 अंदर दो माह में अदा करें इसके अलावा विपक्षी परिवादी को 5000 बाद व्यय के मद में भी अदा करेगा नियत अवधि में धनराशि न अदा किये जाने की दशा में उस पर परिवाद संस्थान की तिथि से 7% वार्षिक की दर से ब्याज भी देय होगा।

## गोधन, वेंकट नगर में हो रहा अवैध उत्खनन

अनूपपुर । इन दिनों रेत माफिया के हौसले इतने बुलंद है कि जैतहरी क्षेत्र के गोधन ग्राम में दिन एवं रात में रात पुलिया के बंगल से तिपान नदी से रेत का अवैध उत्खनन जोरों से कारोबारियों के साथ मिलकर कर रहे है।अनूपपुर जिले के अंतर्गत जैतहरी एवं वेंकट नगर क्षेत्र में इन दिनों रेत माफियाओं केहौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं प्रशासनिक अधिकारियों के मिली भगत से गोधन के तिपान नदी इन दिनों रेत माफिया एवं रेट कारोबारी का गढ़ बनता जा रहा है रेत अवैध उत्खनन लगातार रात्रि 10:00 बजे से रेत की गाड़ियों अवैध उत्खनन लगातार वेंकट नगर चौकी एवं जैतहरी थाना अंतर्गत रेत का अवैधउत्खनन थमने का नाम नहीं ले रहा रेत का अवैध उत्खनन करने वाले रेत माफिया अपनी पकड़ के कारण अधिकारियों को ठेंगा दिख रहे हैं रात्रि कालीन रेत का अवैध उत्खनन प्रशासन के अधिकारी के नाक के नीचे रेत का अवैध उत्खनन लगातार कर रहे हैं, वेंकट नगर क्षेत्र में एलान नदी से रेत की अवैध निकासी की जा रही है। *आखिरकार रेत माफियाओं और बालू के कारोबारी को प्रशासनिक अधिकारियों का डर क्यों नहीं है। या फिर यह भी कहा जा सकता है कि इन्हें पुलिसिया संरक्षण प्राप्त है।
*सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हर महीने व्यवस्था पहुंचती है इसलिए कार्यवाही कुछ नहीं हो पा रही है।

## परिजनों ने लगाया हत्या का अंदेशा, समझाइश के बाद किया अंतिम संस्कार

### एसपी ने गठित की इन्वेस्टिगेशन टीम,एएसआई लाइन अटैच

**दैनिक समाज जागरण**


उमरिया /सोमवार को मानपुर थाने से चंद कदम दूर पर शहडोल निवासी चंद्रमोहन भट्ट के सुनसान मकान में अमर पिता हरप्रसाद सोनी उम्र 38 वर्ष निवासी नामदेव मोहल्ला ( मानपुर ) का क्षत विक्षत अवस्था मे लापता के 15 दिनों बाद संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला था।इस संवेदनशील मामले में परिजनों ने गम्भीर आरोप लगाते हुए हत्या का अंदेशा जताया है।इस पूरे मामले से व्यथित परिजन रविवार को थाने के सम्मुख शव रख प्रदर्शन किए है,जिसके बाद एड एसपी प्रतिपाल सिंह महोबिया मौके पर पहुंचे और समझाइश देते हुए दोषियों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया,जिसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार किया है।पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने इस पूरे मामले में पांच सदस्यीय स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित की है,जिन्हें जल्द जांच प्रतिवेदन पेश करने के निर्देश भी दिए गए है।बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित पांच सदस्यीय टीम में एसडीओपी पाली,थाना प्रभारी पाली,मानपुर थाना प्रभारी एवम साइबर सेल से दो पुलिस अधिकारी शामिल है,जो इस




पूरे प्रकरण की सूक्ष्मता से जांच कर रिपोर्ट पेश करेंगे। दरअसल मानपुर थाने में सहयोगी के रूप में काम कर रहे अमर सोनी उर्फ मोटू का शव थाने के चंद कदम की दूरी पर शनिवार को क्षत विक्षत अवस्था मे मिला था,जिसके बाद पुलिस हरकत में आई थी,बताया जाता है कि मृतक के शव की हालत इतनी खराब थी कि उसे किसी तरह कपड़ों से पहचाना गया है,वही उसके पास करींब 40 हजार की मोटी रकम भी मिली है।प्राथमिक द्दष्ट्या शव की हालत देख ये कयास लगाया जा रहा है कि हफ्ते भर पहले युवक की मौत हुई होगी।इस मामले में यह भी खास है कि मृत युवक 17 अगस्त से लापता रहा है,करींब 10 दिनों बाद यानी 27 अगस्त को पत्नी रूपा सोनी की शिकायत पर मानपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज की गई थी,गुमशुदगी शिकायत के 6 दिनों बाद युवक का शव खंडहर नुमा घर के बाहर मिला है,अतिसंवेदनशील इस मामले में कुछ भी कहना शायद जल्दबाजी होगी,पर परिजनों के आरोप अति गम्भीर है,इस पूरे मामले में पीएम रिपोर्ट,फोरेंसिक रिपोर्ट ,सीडीआर जैसे कई विश्वसनीय तथ्य जांच में सहयोगी बनेंगे,उम्मीद है पुलिस जल्द पूरे मामले का विधिवत इन्वेस्टिगेशन कर मामले का पटाक्षेप करेगी।रविवार को पीएम आदि होने के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार किया है,घटना के बाद से ही परिवार जनो का रोरोकर बुरा हाल है,वही स्थानीय जन इस पूरे मामले को लेकर शोक संतप्त है। इस मामले में ऐड एसपी प्रतिपाल सिंह महोबिया ने मीडिया से बातचीत में बताया कि मानपुर थाने में पदस्त एएसआई राजेन्द्र तिवारी को मामले में लापरवाही बरतने पर लाइन अटेच किया गया है,साथ ही 5 सदस्यीय एसआईटी टीम गठित की गई है,जो जल्द ही रिपोर्ट पेश करेगी।

## तेंदूपत्ता बना अतिरिक्त आमदनी का जरिया

अनूपपुर। मध्यप्रदेश वनोपज संघ, वन विभाग के द्वारा विगत वर्ष के तेंदूपत्ता संग्रहको को सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है जिसमें तेंदूपत्ता संग्रह को जूता, चप्पल, पानी की बांटल, साड़ी एवं छाता का वितरण तेंदूपत्ता फंड मुख्यालय स्थल के ग्राम पंचायत में किया जा रहा है,जिला स्तरीय सामग्री वितरण का आयोजन विगत दिनों से चल रहा है। जिस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित श्रीमती पार्वती जनपद सदस्य, गावं के लोकप्रिय मुखिया रमेश सिंह उपस्थित थे, श्री सिंह ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार वनक्षेत्र में रहने वाले वनवासियों जो वनों से मिलने वाली विभिन्न प्रकार के फलों व अन्य के साथ तेंदूपत्ता का संग्रहण करते चले आ रहे हैं जिसको सरकार द्वारा सुविधाओं को देखते हुए सामग्री का वितरण किया जा रहा है,उन्होंने वनक्षेत्र से जुड़े ग्रामीणों को तेंदूपत्ता सीजन में अधिक से अधिक तेंदूपत्ता संग्रहित कर फडो में दिए जाने का आह्वान किया। साथ ही साथ आर.एस. सिकरवार सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी ने इस अवसर पर बताया कि तेंदूपत्ता संग्राहकों को वन उपज सहकारी संघ के निदेर्शानुसार जूता, चप्पल, पानी की बाटल, साड़ी एवं छाता का वितरण तेंदूपत्ता फडो या ग्राम पंचायत मुख्यालय में अतिथियों



की उपस्थिति में किया जा रहा है, उन्होंने ग्रामीणों को तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान अधिक से अधिक संख्या में तेंदूपत्ता का संग्रहण कर फड़ों में




देकर तेंदूपत्ता की राशि के साथ बोनस एवं सामग्री के अलावा शासन द्वारा समय-समय पर संग्राहकों की प्रोत्साहन हेतु नियम बनाकर सहयोग कर रही है इस दौरान ग्राम पंचायत गौरेला में 290 संग्रहको को सामग्री वितरण की गई। जिसमें पार्वती राठौर जनपद सदस्य, रमेश सिंह सरपंच ग्राम पंचायत गौरेला, विवेक वन परिक्षेत्र अधिकारी, आर.एस. सिकरवार सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी, राकेश वन रक्षक, कुंदन शर्मा वनरक्षक, सत्येंद्र मिश्रा वनरक्षक, रामनिवास बैग, राजेश सिंह वनरक्षक तेंदूपत्ता सहायक, वित्तीय साक्षरता से विपुल राठौर विकासखंड अनूपपुर अधिकारी, वित्तीय साक्षरता से चरणदास महरा विकासखंड अधिकारी कोतमा, हेमा राठौर विकासखंड अधिकारी जैतहरी, मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र प्रकाश कुमार कुशवाहा विकासखंड अनूपपुर, एवं ग्राम पंचायत गौरेला में सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## नगर परिषद में लगे विकास विरोधी नारे, कौन है सूत्रधार

जितेंद्र शर्मा बकहो। देश के मुखिया एक तरफ जहां विकास की परिकल्पना को लेकर कई ग्राम पंचायतों को नगर परिषद का रुप दिया। मुखिया का सपना था कि ऐसा करनें से इस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा, और आमजन तक भाजपा का सबका साथ, सबका विकास की परिकल्पना पूरी होगी, ऐसा होनें से जहां कई नवगठित परिषद विकास की ओर अग्रसर हैं वहीं कई ऐसे भी हैं जहां राजनैतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते परिषद विकास से कोसो दूर रोजाना नये पहेलियों में उलझा नजर आ रहा हैं। कुछ ऐसा ही हाल इन दिनों शहडोल जिले के नवगठित नगर परिषद बकहो में देखनें को मिल रहा है जहां जहां हालात ऐसे हैं कि परिषद के चुनाव के दौरान से ही दो खेमों में बंटी भाजपा एक दूसरे के लिये ही मुसीबत बनती नजर आ रही हैं। भाजपा के दो खेमों की खटास नगर परिषद के विकास नें जहां बाधा उत्पन्न करती दिख रही हैं वहीं परिषद क्षेत्र में विकास न होनें से भाजपा की साख पर भी प्रभाव पड़ता नजर आ रहा हैं। इन सब के बावजूद संगठन न तो यहां डैमेज कंट्रोल दिख रहा हैं और न ही इस दिशा में संगठन द्वारा कोई कार्यवाही हो रही हैं जिससे भाजपा के पदाधिकारी ही भाजपा के विरोध में लगातार खडे होकर विकास में बाधा बनते दिखाई दे रहे हैं।

### तो मुदार्बाद के लगे नारे

नगर परिषद बकहो अपनें गठन के बाद से ही सुर्खियों में रहा हैं, यहां भाजपा का एक खेमा जहां विकास की दूरगामी सोच के साथ उनके क्रियान्वयन की दिशा में दूरगामी सोच रखता हैं वहीं भाजपा दूसरा खेमा इस विकास में बाधा उत्पन्न करता नजर आ रहा हैं। शनिवार को भी कुछ ऐसा ही देखनें को मिला जब परिषद के बाहर भाजपा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित नगर पालिका अधिकारी के विरुद्ध जमकर मुदार्बाद के नारे लगे। सूत्र बताते हैं कि इन नारों के पीछे भाजपा का सत्ता की चाह रखनें वाले उस विरोधी खेमे का नेटवर्क शामिल था जिसनें एक दिन पहले ही इस पूरी पटकथा को लिखकर तैयारी कर ली थी। जानकारों नें बताया कि भाजपा के दो पार्षद पति जो सत्ता की लालशा रखनें के बाद भी सत्ता तक न पहुंच सके वह अपनें अंदर के हार की आग को अब तक न बुझा सके हैं। सूत्रों नें बताया कि लगातार अपनी ही पार्टी के पदाधिकारियों किरकिरी करनें में आतातुर रहे इनमें से कुछ नें न सिर्फ व्हाट्अप ग्रुपों में शनिवार को मुख्यमंत्री के ऑनलाइन कार्यक्रम को लेकर अफवाह फैलाया बल्कि उस दौरान गलत जानकारी देकर भाजपा अध्यक्ष,उपाध्यक्ष सहित सी एम ओ के विरुद्ध मुदार्बाद के नारे भी लगवाये, जिससे भाजपा की छवि धूमिल हुई।

### हो चुकी हैं तालाबंदी

गौरतलब यह भी है कि यह कोई पहला मामला नहीं है जब परिषद में इस तरह की विरोधी गतिविधियां हुई हों, इसके पूर्व भी भाजपा समर्थित कुछ पदाधिकारियों द्वारा विकास कार्यों की आड़ में परिषद में ताला जड़ दिया गया था।

### अफवाह फैलाकर अपनी ही सरकार का किया विरोध

अहम पहलू यह है कि शनिवार को मुख्यमंत्री के ऑनलाइन कार्यक्रम में कुछ भाजपा के लोगों द्वारा आम जनता के बीच ऐसी जानकारी प्रचारित कर दी गई कि नगर परिषद बकहो में मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार शासकीय भूमि पर आवासरत ऐसे भूमिहीन जिनका सर्वे किया जा चुका हैं उन्हें पट्टा वितरित किया जायेगा, उक्त अधूरी जानकारी के आभाव में ऐसे कई लोग परिषद के सामनें एकत्र हो गये और पट्टा न निल पाने की स्थिति में वह परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सीएमओ विरोध में ही मुदार्बाद के नारे लगानें लगे। जानकारों नें बताया कि इन सब के पीछे भाजपा के चंद विरोधी खेमे के वह लोग शामिल थे जिनकी क्षमता 25-50 लोगों को भी एकजुट करनें की नहीं थी, अध्यक्ष,उपाध्यक्ष की जैसे पदों की चाह रखनें वाला यह खेमा अफवाहों से जन समुदाय एकत्र कर जनता के हितार्थ कम, अपनी ही सरकार का विरोध कर अपनी रोटी सेकता नजर आ रहा है।

### जानिये क्या है मूल सच और कारण

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के पहले प्रदेश के नगरीय निकायों में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से आवास बनाकर रह रहे व्यक्तियों को सर्वे करके आवासीय पट्टे दे दिए जानें के लिए नगरीय निकायों को सर्वे 30 मई तक पूरा करने व एक जून को सर्वे सूची का प्रकाशन करके दावे- आपत्ति आमंत्रित किये जानें के साथ 20 जून तक निराकरण कर सूची नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय को भेजी जानी थी, इसी दिशा में नवगठित नगर परिषद बकहो में भी सर्वे का सफल कार्य किया गया,जिसके तहत नगर परिषद के कुल 1407 हिताग्राहियों नें आवेदन किया। इन आवेदनों को परिषद नें राजस्व विभाग को समय पर अवलोकन के लिये प्रस्तुत भी कर दिया ताकि हितग्राहियों को इसका लाभ मिल सके, लेकिन राजस्व विभाग के पटवारी द्वारा प्रस्तुत समस्त आवेदनों में बकायदे कारण दर्ज करते हुये आवेदनों को निरस्त कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक इन आवेदनों में बडी तादाद में ऐसे आवेदक शामिल थे जिनके वर्तमान आवास स्थान राजस्व अभिलेखों में झुडपी जंगल दर्ज हैं, इसके साथ ही कई आवेदकों की भूमि पर ओरियंट पेपर मिल की भूमि पाई गई वहीं कई आवेदक ऐसे भी पाये गये जिनके आवास स्थान पट्टे की भूमि पर थे। इन परिस्थितियों में पटवारी द्वारा कारण स्पष्ट करते हुये अग्रिम कार्यवाही के लिये दस्तावेज प्रेषित किये गये जहां से उन्हें अपात्र कर दिया गया। इस योजना के अंतर्गत आवेदकों में कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं पाया गया जो शासकीय भूमि पर आवासरत हो।

### नहीं हुआ डैमेज कंट्रोल तो विधानसभा चुनाव में होगा नुकसान

एक तरफ जहां भाजपा समर्थित इस नवगठित परिषद में विकास के लिये पदाधिकारी पुरजोर प्रयासों में लगे है, वहीं एक खेमा अपनी पुरानी हार की आग को बुझानें के प्रयासों में लगा दिखाई दे रहा हैं। जानकार बताते हैं कि दूसरे विरोधी खेमे के चंद लोग एकजुट हो रोजाना न सिर्फ परिषद के विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करते हैं बल्कि पार्टी विरोधी गतिविधियों से आम जनता के बीच भाजपा की छवि भी धूमिल करनें का प्रयास करते हैं। स्थानीय राजनीतिज्ञों की मानें तो भाजपा का यह विरोधी खेमा लगातार अपनी विरोधी गतिविधियों से क्षेत्र में भाजपा की स्वच्छ, संगठित छवि को धूमिल कर रहा हैं जिसका परिणाम आनें वाले दिनों में विधानसभा के चुनावों में भी होनें की पूरी संभावना है।

## शहडोल में चल रहा 3का 13 वसूलने का धंधा

**दैनिक समाज जागरण**

शहडोल, । अधिक ब्याज दरों पर धन उधार लेकर विशेष रूप से गैरकानूनी उच्च ब्याज दर वसूलने या वसूलने करने का शपथपत्र अनुबंध करने बदस्तूर शहडोल जिले में जारी है, सूदखोरी के कारोबार को भले तत्कालिक पुलिस अधीक्षक अवधेश कुमार गोस्वामी ने जड़ से उखाड़ फेंकने में दो कदम आगे बढ़ते हुए सूदखोर की मिल्कियत नाप दी, लेकिन वर्तमान समय में सूदखोरो के सिंडिकेट ने पैंतरा बदलते हुए गिरवी गहन गोल्ड और बैंक एफडी एवं एल आई सी बांड में मनमाने तरीके से मानो रिजर्व बैंक की गाइडलाइंस की धज्जियां उड़ाते हुए अवैध बैंक ही शहडोल में खोल कर रख दिया है, अब भला कानून व्यवस्था शहर की कैसे ना बिगड़े, बीते मंगलवार ही शहर मल्टी प्लेक्स (सिनेमाघरों) के सामने एक महिला के गले से सोने की चैन बदमाश निकाल कर ले गए, हालांकि मामले मीडिया की खबरों से गायब भले ही हो गया है लेकिन शहर में कानून व्यवस्था सूदखोर बिगड़ने पर आमादा है ऊलजलूल ब्याज और तीनका तेरह वसूलने का धंधा परवान चढ़ाहुआ है इस ब्याज के कारोबार में ना जाने कितने लोगों की बली चढ़ चुकीं हैं बावजूद वर्तमान समय में शहडोल में ब्याज खोरों के इस कारोबार में रत्ती भर फर्क पड़ता है। गौरतलब हो कि शहडोल थानांतर्गत सूदखोर का गिरोह सोहागपुर, इतवारी मोहल्ला, हाऊसिंग बोर्ड, घरौला मोहल्ला, बलपूर्वक, गंज सहित आधा दर्जन ठिकाने पर अवैध बैक पुलिस की नाक के नीचे बेखौफ गुलजार है दरअसल जरूरतमंद लोगों को निशाना बनाकर लोगों से कोरे कागज, ब्लैंक चेक सहित पुश्तैनी भूमि के पट्टे पर ऋण उपलब्ध कराते हैं और बाकायदा इस अवैध लेन-देन का कानूनन रजिस्टर्ड एग्रीमेंट किया जाता है, और उदाहरण बतौर तीन का ऋण उपलब्ध कराया जाता है लेकिन लिखापढ़ी तेरह रूपए उधार देना और लेना स्वीकार किया जाता है, अब इतना पुख्ता प्रमाण के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों को कार्यवाही करने में पसीने छूट रहे हैं, मिली जानकारी के मुताबिक दीपक, डाबर, सतेन्द्र, बी खान, जुनून, राजू, बब्बू, सिकंदर, गुडडा नामक तीन लोगों का गिरोह सोहागपुर कोतवाली थाना क्षेत्र में सक्रिय हैं और यह हाल शहर का बाकी सूदर अंचल में हालत और बिगड़ी हुई है जिले की संवेदनशील कलेक्टर वंदना वैध एवं बेदाग छवि के पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक को मामले में पहल कर सूदखोरो से शोषित पीड़ित परिवारों को मुक्ति दिलाने की ओर पहल कर इस गोरखधंधे पर लगाम लगानी चाहिए.

## शहीद के सम्मान में आयोजित रक्तदान शिविर में दो महिलाएं सहित100 युवाओं ने किया रक्त का दान

झज्जर : जिला मुख्यालय के अंतिम छोर पर बसे वीरों की देवभूमि कहे जाने वाले गांव धरौली की सामाजिक संस्था मां-मातृभूमि सेवा समिति द्वारा 1965 भारत-पाक युद्ध में देश की रक्षा के लिए लड़ते हुए शहीद होने वाले लांस नायक हवा सिंह लांबा धारौली के सम्मान में जिला रेडक्रॉस सोसायटी, झज्जर और सिविल हॉस्पिटल झज्जर के सहयोग से शहीद हवा सिंह लांबा राजकीय माध्यमिक विद्यालय, धारौली में आयोजित रक्तदान शिविर में दूसरों को जिंदगी देने के लिए 100 लोगों ने रक्तदान किया ' सिविल हॉस्पिटल, झज्जर से डॉ आंचल, नर्सिंग ऑफिसर ममता, सुमन, अशोक और रेड क्रॉस सोसाइटी से दीपक कुमार की टीम मोजूद रही क

भाकली रेवाड़ी के दंपति माननीय मास्टर श्री सतीश यादव जी और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मुनेश देवी जी और रेवाड़ी के सुधराना गांव की लक्ष्मी सिंह जी ने रक्तदान किया क

**शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि 12 बार रक्तदान कर चुके रक्तदानी माननीय श्री सुखबीर जाखड़, चेयरमैन, रिलायंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने किया।**

12 बार रक्तदान कर चुके रक्तदानी माननीय मास्टर श्री अशोक कुमार ढोरिया, राजकीय प्राथमिक विद्यालय तुम्बाहेड़ी और 34 बार रक्तदान कर चुके रक्तदानी नितेश भौरिया , प्रो. अर्बन युवा रेडीमेड स्टोर, कोसली विशेष अतिथि के तौर पर शिरकत करते हुए रक्तदानियों की होंसला अफजाही की '

12 बार रक्तदान कर चुके रक्तदानी माननीय मास्टर श्री हरबीर मल्हान गिरधरपुर निवासी ने रक्तदान शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता की क

19 बार रक्तदान कर चुके युद्धवीर सिंह लांबा, अध्यक्ष, मां-मातृभूमि सेवा समिति, वीरों की देवभूमि धारौली ने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में



कार्यकरत वैज्ञानिक सतपाल लाम्बा धारौली निवासी रक्तदानी मंजीत अम्बोली, प्रो. श्री हँस बैग्स हाउस, कोसली, रक्तदानी मास्टर श्री हरबीर मल्हान गिरधरपुर निवासी, रक्तदानी सोनू धारौली प्रो. सोनू मोटर वाइंडिंग सेंटर कोसली, झाडोदा निवासी जिला रेवाड़ी के रक्तदानी दीपक सोलंकी, कोसली गांव के कमला मेडिकल स्टोर के प्रो. विक्रम यादव, कृष्ण ठेकेदार गिरधरपुर, मास्टर श्री रोहित यादव कोसली आदि की तरफ से रक्तदान शिविर में विशेष सहयोग रहा । रक्तदानी मंजीत अम्बोली जी, श्री हँस बैग्स हाउस, कोसली ने पहले 50 रक्तदाताओं को एक -एक इंडोर प्लांट क्रोटन निशुल्क भेंट स्वरूप किया क

# श्री श्याम मनुहार महोत्सव ऐतिहासिक रूप से हुआ संपन्न

## (जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा हजारीबाग )

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 3 सितम्बर 2023 :- क्यों घबराऊँ मैं ....... मेरा तो श्याम से नाता है ........ संजय मित्तल

51 दिनों के पदयात्रा के बाद पहली बार हजारीबाग झारखंड में संजय मित्तल ने किया भजन कीर्तन।

शहर में भक्ति भाव का माहौल हर तरफ देखने को मिल रहा है। भक्तों के द्वारा आस्था को लेकर विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इसी कार्यक्रम के बीच हजारीबाग शहर के मुनका बगीचा प्रांगण में श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के द्वारा एकदिवसीय द्वितीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन की शुरूआत सर्वप्रथम बाबा श्याम की पूजा अर्चना के साथ हुई। बाबा श्याम की पूजा अर्चना श्री राणी सती मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा के द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना कराई गई पूजा अर्चना के उपरांत बाबा की आरती के साथ भव्य कार्यक्रम की शुरूआत की गई।





कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से श्याम भक्तों को रिझाया। इसके बाद विभिन्न मंडल के सदस्यों ने बारंबार भजन प्रस्तुत किया। इसके बाद बाहर से आए कलाकारों में लव अग्रवाल, मंडल के सदस्य रोहित शर्मा एवं कृष्णा अग्रवाल जिनकी उम्र महज 16 वर्ष है इन्होंने अपनी प्रस्तुति श्याम भक्तों के समक्ष रखा।

इसके बाद हर एक श्याम प्रेमी के दिलों में एक अलग जगह स्थापित करने वाले सुप्रसिद्ध बाबा श्याम गायक संजय मित्तल ने अपनी प्रस्तुति से श्याम प्रेमियों को रिझाया। बताया जाता है कि संजय मित्तल कश्मीर से खाटू धाम की पदयात्रा 51 दिनों में समाप्त किया जिसके बाद उनकी हजारीबाग की पावन धरती पर पहली बार भजन संध्या आयोजित की गई। श्याम भक्त संजय मित्तल को कंठ करिश्मा के नाम से पुकारते हैं कहा जाता है कि उनके कंठ में मां सरस्वती सदैव विराजमान है। उनकी प्रस्तुति से पंडाल परिसर में बैठे हर एक श्याम भक्त झूम उठे, संजय मित्तल ने सबसे पहले गणेश वंदना के साथ भजन की शुरूआत की जिसके बाद उन्होंने

हनुमान जी, भोले बाबा सहित अन्य देवी देवताओं के भजन गाते हुए उन्होंने समस्त श्याम प्रेमियों को देर रात तक झुमाया। संजय मित्तल ने बाबा श्याम के भजनों में लड़खड़ा जो मैं जाऊँ कहीं...... तुम संभालोगे विश्वास है, क्यों घबराऊँ मैं ..... मेरा तो श्याम से नाता है ऐसे अनेकों भजन बाबा श्याम का उन्होंने प्रस्तुत किया।

भव्य भजन संध्या के दौरान बाबा श्याम का अखंड ज्योत, इत्र की वर्षा, फूलों की होली, मनोहारी श्रृंगार, सवामणि, छप्पन भोग एवं महाभोग का आयोजन किया गया, बाबा श्याम के दरबार के समक्ष अलौकिक झांकी के रूप में श्री कृष्ण के जन्म उत्सव अर्थात जन्माष्टमी की झांकी पर आधारित था दरबार।

भजन संध्या में झारखंड की समस्त मंडल को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया । भजन संध्या में रांची, कोलकाता के साउंड सिस्टम एवं दिल्ली के म्यूजिशियन अपनी प्रस्तुति दे रहे थे, इस कार्यक्रम में श्री श्याम परिवार तुलसी धाम कोलकाता का विशेष आशीर्वाद प्राप्त हुआ,श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार रामगढ़ कैंट का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ, कोलकाता के दो सबसे पुराने एवं सुप्रसिद्ध मंडल श्री श्याम मित्र मंडल कोलकाता एवं श्री श्याम कला भवन कोलकाता को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था जिन्होंने कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को चार चांद लगाया। वही कार्यक्रम में मौजूद हुए हजारीबाग शहर के सभी गणमान्य लोगों को आयोजन मंडली के द्वारा दुपट्टा उड़ा कर स्वागत किया गया। भजन संध्या की समाप्ति के उपरांत बाबा श्याम के भव्य आरती के बाद भव्य द्वितीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव संपन्न हुआ। मौके पर आयोजक मंडली ने कहा कि बाबा श्याम, कोलकाता रामगढ़ समेत झारखंड के विभिन्न जिलों से आए मंडल के सदस्य गण एवं हजारीबाग के श्याम प्रेमियों के आशीर्वाद से कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। हम विशेष धन्यवाद देते हैं संजय मित्तल एवं उनकी टीम का जिन्होंने हजारीबाग की धरती को श्याम मय कर दिया।

# चित्रांश भवन में जिलाध्यक्ष श्री एमके वर्मा की अध्यक्षा और राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश कुमार के संचालन में राष्ट्रीय कायस्थ वृन्द की एक आपात बैठक सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 3 सितम्बर 2023 :-चित्रांश भवन गिरिडीह में जिला अध्यक्ष श्री एमके वर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश कुमार के संचालन में राष्ट्रीय कायस्थ वृन्द की बैठक कि गई।

जिसमे राष्ट्रीय कायस्थवृन्द के जिला कमिटी के रिक्त पड़े पदों पर नये पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया।

**बैठक के दौरान सर्वसम्मति से -**

उपाध्यक्ष के पद पर श्री नवीन कुमार सिन्हा एवं श्री राजेश कुमार सिन्हा (राजू),सचिव सह मीडिया प्रभारी के पद पर श्री चंदन कुमार सिन्हा को तथा संयुक्त सचिव श्री विकास सिन्हा को बनाया गया। बैठक के दौरान सभी नवमनोनित पदाधिकारियों राष्ट्रीय व प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ जिला के पदाधिकारियों द्वारा उनके मनोनयन से सम्बंधित प्रमाणपत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं बैठक में भावी कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की गयी। जिसमे पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के साथ कुछ नये कार्यक्रम करने हेतु उसकी रूप रेखा तैयार की गई। वहीं बैठक के दौरान युवा कमिटी के पदाधिकारियों को एक माह के अंदर कमिटी का विस्तार करने और उसकी सूचना से जिला कमिटी को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया।



वहीं आगे की कार्य योजना को अमली जामा पहनाने हेतु अगली बैठक जिलाध्यक्ष श्री एमके वर्मा के घर मे आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसकी तिथि की घोषणा जिलाध्यक्ष द्वारा शीघ्र कर दी जाएगी। आज की इस बैठक की समाप्ति की घोषणा जिला महासचिव श्री संजीव सिन्हा सज्जन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर की गई। इस आपातकालीन बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री त्रिपुरारी प्रसाद बक्सी, प्रदेश अध्यक्ष श्री संजीव रंजन सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष उत्तम लाला, संयुक्त सचिव कुमार राकेश, जिला कोषाध्यक्ष श्री विशाल गौरव, युवा अध्यक्ष श्री अभय कुमार सिन्हा, युवा सचिव श्री रंजीत कुमार सिन्हा, वैभव विशाल एवं मुकेश कुमार सिन्हा के अलावे सभी नव मनोनीत पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद थे।

# महंगाई-बेरोजगारी के खिलाफ माकपा का अभियान तेज हुआ।

**दैनिक समाज जागरण**

रोको महंगी बांधो दाम, नहीं तो होगा चक्का जाम!, जो सरकार महंगी न रोके, वो सरकार निकम्मी है!, जो सरकार निकम्मी है, वो सरकार बदलनी है!, निकम्मी सरकार को एक धक्का और दो!, हम सब को रोजगार चाहिए, जीने का अधिकार चाहिए!, बेरोजगारों को काम दो - वरना गद्दी छोड़ दो! गगन भेदी नारों के साथ आज झरिया बाटा मोड़ से सीपीआई(एम) झरिया लोकल कमिटी ने पार्टी के देशव्यापी अभियान के तहत आज तीसरा दिन जुलूस निकाला और शहर का भ्रमण करते हुए केंद्र की मोदी सरकार के महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाने वाली नीतियों के खिलाफ पर्चा बांटे।




इस अवसर पर पार्टी जिला सचिव मंडल कॉ. राम कृष्णा पासवान ने मोदी सरकार की जनविरोधी और कॉरपोरेट परस्त नीतियों को महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाने वाली नीति बताया।

जुलूस का नेतृत्व पार्टी जिला कमिटी सदस्य तथा झरिया लोकल कमिटी सचिव कॉ. भगवान दास पासवान कर रहे थे।

इस अवसर पर रामवृक्ष धारी, जियाउल रहमान, मधुसूदन बैनर्जी, प्रजा पास-ावान, धर्मराज दाढ़ी, शंकर पासवान, कुंदन पासवान, हरे कृष्णा निषाद, नंदलाल बाउरी, हेमन्त बाउरी तथा कई अन्य साथी कार्यक्रम में शामिल हुए'

## 05 सितंबर को बीसीकेयू देगा भूख हड़ताल

**दैनिक समाज जागरण**

झरियाझ सुदामडीह रिभर साईड बीसीसीएल डिस्पेंसरी को अविलंब चालु करने या समुदाय भवन बनाने की मांग को लेकर दिनांक 05/09/2023 को बिहार कोलियरी कामगार यूनियन द्वारा ईजेएरिया भौरा महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष भुख हड़ताल किया जाएगा।



संयुक्त महामंत्री सह बीसीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य निताई महतो ने बताया कि बीसीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सभी सदस्यों द्वारा अनुसंशा किया गया है कि डिस्पेंसरी को अविलंब चालु किया जाए या समुदाय भवन बनाया जाए। उन्होने महाप्रबंधक ईजेएरिया भौंरा को पत्र लिखकर बताया कि सुदामडीह रिभर साईड डिस्पेंसरी करीब एक साल से ज्यादा समय से बंद पड़ा है जिसमें असामाजिक तत्वों का जमावड़ा हो रहा है,डिस्पेंसरी को चालू रखे या कम्पनी के देख रेख में समुदाय भवन बना दे ताकि रिभर साईड के मजदूरों द्वारा शादी विवाह में उपयोग कर सकें।

# रांची के धुर्वा थाना में करोड़ों के फजीवाड़े मामले में एक एजेंट व चार पोस्ट ऑफिस के कर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज,पुलिस जाँच में जुटी...

**दैनिक समाज जागरण**

झारखंड झराजधानी राँची के धुर्वा स्थित सब पोस्ट ऑफिस में 1.68 करोड़ रुपए का फजीवाड़ा हुआ है। पोस्टऑफिस के कर्मियों के साथ मिलकर धुर्वा के ही एक एजेंट ने वहां के जमाकर्ता के पैसे अवैध तर-ीके से निकाल लिए। इस मामले में धुर्वा थाना में पोस्ट ऑफिस से सब पोस्टमास्टर रामचंद्र उरांव ने पांच के विरुद्ध धोखाधड़ी,फजीवाड़ा,गबन, कूटरचना,अभिलेख के साथ गड़बड़ी करने की धाराओं (भादवि 408, 403, 467, 468, 471, 419, 420, 406, 381 के तहत) में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है उनमें पोस्टल असिस्टेंट मार्शल कुजूर, पोस्टल असिस्टेंट प्रबुधन उरांव, पोस्टल असिस्टेंट शशि भूषण स्वांसी, पोस्टल असिस्टेंट रंजना शरण और एजेंट संतोष कुमार सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

**9 लोगो ने की थी थाने में शिकायत, जिनके पैसे के की गई धोखाधड़ी**

पोस्ट अफिस में फजीवाड़ा व धोखाधड़ी मामले में 9 लोगो ने धुर्वा सब पोस्टऑफिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इनमें टंकी साइड धुर्वा निवासी यज्ञ नारायण तिवारी जिनका 30 लाख, हटिया सोलंकी निवासी प्रियंका शर्मा जिनका 18 लाख, बालालौंग निवासी सोमनाथ तिर्की जिनका 9 लाख, धुर्वा निवासी नरेंद्र कुमार जिनका 15 लाख, दीनानाथ शर्मा जिनका आठ लाख, मुकेश टोप्पो जिनका 23 लाख, कृष्णा कुमार सिंह जिनका 4 लाख, चंद्रशेखर सिंह जिनका 8.80 लाख और अवधेश सिंह जिनका 53 लाख 1,200 रुपए पोस्ट ऑफिस में जमा था और धोखाधड़ी हुई थी, इन लोगो ने धुर्वा थाना में शिकायत दर्ज कराई थी।

**एजेंट ने पोस्ट ऑफिस के कर्मियों के साथ मिलकर किया फजीवाड़ा**

दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि एजेंट संतो कुमार सिंह ने पोस्टल कर्मियों के साथ मिलकर फजीवाड़ा किया। इन लोगो के जमा पैसे इन पोस्टल कर्मियों के साथ मिलकर दूसरे एकाउंट में ट्रांसफर किए। जिस-ाकी जानकारी एकाउंट होल्डर तक को नहीं दी गई। एजेंट संतोष कुमार सिंह ने अवैध तरीके से विथ ड्रावल स्लिप पर पैसे भरे और इन कर्मियों के सहयोग से उसकी निकासी की।

# पत्रकार विमल चक्रवर्ती का निधन से कोयलांचल में शोक की लहर

**दैनिक समाज जागरण**

धनबाद झकतरास सालनपुर निवासी पत्रकार विमल चक्रवर्ती उम्र 54 साल का आज इलाज के दौरान निधन हो गया स्वर्गीय विमल चक्रवर्ती रांची से प्रकाशित राष्ट्रीय सागर अखबार में धनबाद जिला ब्यूरो के रूप में कम कर रहे थे बताया जाता है कि पिछले 10-15 दिन पूर्व स्थित दिनोली स्कूल के पास एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे जिनका आज इलाज के दौरान निधन हो गया उनके निधन पर प्रेस क्लब कतरास के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान, उपाध्यक्ष सोहन कुमार विश्वकर्मा, संरक्षक उमेश श्रीवास्तव मोहम्मद मुस्तकीम दिलीप अंजना अजय राणा राजकुमार मधु जितेंद्र पासवान कामदेव सिंह दिलीप दुख प्रकट किये '

# चास स्थित मदर टेरेसा मेमोरियल अस्पताल में मरीज के परिजनों ने किया बवाल

**दैनिक समाज जागरण , साजिद , ब्यूरो चीफ**

बोकारोः इलाज के दौरान मरीज की बिगड़ी हालत मरीज के परिजन ने किया बवाल चिकित्सक ने किया पैसा वापस मरीज को किया गया रिम्स रेफर। बोकारो के चास स्थित मदर टेरेसा मेमोरियल अस्पताल में इलाज रत एक मरीज के हालत गंभीर होने के बाद परिजन भड़क गए। परिजन ही नहीं बल्कि आसपास के लोग भी काफी संख्या में जमा हो गए लिहाजा अस्पताल प्रबंधन को अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस को बुलानी पड़ी। बता दें कि मदर टेरेसा मेमोरियल अस्पताल में पश्चिम बंगाल के संथाल पश्चिम बंगाल निवासी बनमली बावरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी हालत खराब हो गई।ऑपरेशन के बाद डॉक्टर ने मरीज के परिजन से 110000 रुपया जमा करवाए थे।जब मरीज की हालत बिगड़ने लगी तो चिकित्सक ने हाथ खड़ा कर दिया और बाहर ले जाने की सहमति दी। जिसके बाद परिजन भड़क गए और आसपास के कई सामाजिक संस्था से जुड़े लोग अस्पताल पहुंचकर इस दौरान अस्पताल प्रबंधन से शोरगुल करने लगे। अस्पताल पर-िसर में बवाल होने लगा। इस बढ़ते मामले को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस बुलाई और पुलिस के आने के बाद मरीजों पर पुलिस हावी होने लगी। इसके बाद उपस्थित लोगों ने पुलिस के साथ भी जमकर बवाल काटा और पुलिस के साथ कहा सुनी होने लगी। स्थिति और विस्फोटक होने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने मरीज के परिजन को दिए गए सारी राशि लौटा दिया और बेहतर इलाज के लिए मरीज को रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।



# मौहुदा स्थित प्रमोद सिंह के जमीन पर रंगदारी वसूलने के लिए मारपीट का एफ आई आर, किया प्रेस वार्ता

**दैनिक समाज जागरण , साजिद , ब्यूरो चीफ**

बोकारोः जमीन के लिए मांगा रंगदा-री की मारपीट मामला हुआ दर्ज बोकारो के सेक्टर वन' 4099 के प्रमोद सिंह ने मौहुदा थाना में गुरुवार को एक मामला दर्ज कराया है। जिस-ाको लेकर आज शुक्रवार को अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस करके उन्होंने जानकारी दिया उन्होंने कहा कि महुदा निवासी तिलकेश्वर महतो और हाशिम अंसारी द्वारा उनके ममेरे भाई पर धमकी देने और मारपीट का आरोप लगाया है। शुक्रवार को किया प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रमोद सिंह ने बताया की 19 जुलाई को महुदा स्थित छवि देवी से 27 डिसमिल जमीन की खरीद की गई थी उक्त जमीन पर प्रमोद सिंह और उनके मन मेरे भाई राकेश सिंह द्वारा पेड़ पौधे लगाए गए थे जिसकी देखभाल प्रमोद सिंह और राकेश सिंह करते थे। 24 जुलाई को तिलकेश्वर महतो और हाशिम अंसारी ने अवैध रूप से हमारी खरीद की जमीन पर घुसकर पेड़ पौधों को उखाड़ दिया पूछने पर उन्होंने अपनी गलती मानी और कहा गलती से ऐसा हो गया लेकिन आगामी 24 जुलाई को उक्त लोगों ने जेसीबी चलाना शुरू कर दिया 29 जुलाई को जब उनसे बात की गई तो वह लोग गाली गलौज और मारपीट करने लगे तथा ₹500000 की रंगदारी मांगने लगे। जिसकी जानकारी महुदा थाना को ऑनलाइन एफआईआर करके दिया है। शुक्रवार को किए प्रेस वार्ता में उन्होंने तिलकेश्वर मांझी और हासिम अंसारी पर मारपीट रंगबाजी का आरोप लगाया है।



# हायवा वाहन मालिक की बैठक संपन्न, लिए गए कई निर्णय

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवादादाता चतरा**

चतरा(झारखंड)03 सितम्बर 2023:- जिले के टंडवा मे रविवार को आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र के विस्थापित -प्रभावित हायवा एसोसिएशन की बैठक चुंदरु धाम में हुई। जहां चट्टी-बारियातु कोल परियोजना से कटकमसांडी तक टा-इकॉन नामक ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के प्रबंधक की मौजूदगी में 2 लाख टन होने वाले कोयला डिस्पैच में भाड़ा निर्धारण की मांग को प्रमुखता से रखा गया। जहां प्रति टन ढुलाई का भाड़ा 570 रुपए देने पर सहमति बनी। वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि झारखंड से बाहर की गाड़ियों का परिचालन होने से स्थानीयों का शोषण हो रहा है जिसे अविलंब बंद कराया जाएगा।साथ हीं, आगामी माह से कोयले की ढुलाई 720 रुपए प्रति टन के दर पर की जाएगी।इस मौके पर टायकॉन के जीएम शैलेश कुमार, रंजीत कुमार, अरुण चटर्जी,महाबीर साव, विजय साव, गणेश कुमार साहु, होरिल साहु, सुनील सुंडी, सरोज साव, कामाख्या सिंह, अमित सिंह, सुरेश कुमार समेत अन्य मौजूद थे।



# माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया रोड शो , डुमरी उपचुनाव के प्रचार का अंतिम दिन

**दैनिक समाज जागरण , साजिद , ब्यूरो चीफ**

बोकारोः डुमरी विधानसभा उपचुनाव में प्रचार का आखिरी दिन है और 5 सितंबर को मतदान होना तय है।दिनांक 3 सितंबर 2023 को चुनाव प्रचार 3:00 बजे थम गया और इससे पहले सभी दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से स्वर्गीय जगन्नाथ महतो की पत्नी श्रीमती देवी चुनाव में खड़ी है। श्रीमती बेबी देवी को इंडिया गठबंधन का समर्थन प्राप्त है और विगत कई दिनों से उनके पक्ष में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे। इसी क्रम में अंतिम दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रोड शो करके अपने जनशक्ति का प्रदर्शन किया। आपको बताते चलें की बेबी देवी के समर्थन में झारखंड मुक्ति मोर्चा,कांग्रेस ,मार्क्सवादी समन्वय समिति एवं अन्य कई दल ने विभिन्न कार्यक्रमों में डुमरी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से श्री बेबी देवी के पक्ष में वोट करते हुए भारतीय जनता पार्टी और समर्थक पार्टियों को ऐतिहासिक मत से हराने का अपील कर चुके हैं। अब आगामी 5 सितंबर को होने वाले मतदान पर सबकी नजर है। चुनाव आयोग की तैयारी पूरी हो चुकी हैं और आज प्रचार तंत्र का समय समाप्त हो चुका है। आज के रोड शो में हजारों की भीड़ देखने की मिला।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गिरिडीह जिले के डुमरी पहुंचे साथ में मंत्री आलमगीर आलम ,मंत्री बन्ना गुप्ता ,मंत्री सुबोध कांत सहाय , मंत्री बेबी देवी , मंत्री सत्यानंद भोक्ता , कुमार जय मंगल , जेएमएम के जिला अध्यक्ष हीरालाल माझी,कांग्रेस के जिला अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता,जेएमएम के जिला सचिव जय नारायण महतो,पूर्व पुलिस उपाधीक्षक श्री नसरुल्लाह खान , जेएमएम के जिला संगठन सचिव फैयाज आलम,मार्क्सवादी समन्वय समिति बोकारो महानगर अध्यक्ष मोहम्मद अजीम,मोहम्मद आतिफ खान एवं हजारों लोग रोड शो में शामिल हुए।



# सामुदायिक पुलिसिंग के तहत प्रखण्ड स्तरीय फुटबाल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया।

**जहां था उग्रवादियों का था डेरा, वहां अब पुलिस का सवेरा।**

**अफीम कि खेती से बनी थी बंजर भूमि, अब बनेंगे किसान, जहां गरजती थी गोलियों की तड़तड़ाहट वहां पहुंचा पुलिस का सौगात।**

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवादादाता चतरा**

चतरा।(झारखंड)03सितम्बर 2023:- जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के शनिवार को सांभे मड़वा गाँव के फुटबॉल मैदान में पुलिस विभाग द्वारा पुलिस और ग्रामीण के बीच बेहतर सम्बंध बनाने को लेकर सामुदायिक पुलिसिंग के तहत प्रखण्ड स्तरीय फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया। जहां यह टूनामेंट का उद्घाटन चतरा डीएसपी केदार राम, सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से विधिवत किक मार कर किया। वहीं खेल का संचालन मुखिया अमित चौबे ने किया। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत प्रखण्ड के सभी आठ पंचायतो से एक एक टीम का चयन कर उक्त टूनामेंट में खेलने तथा निखारने का मौका दिया गया। सभी खिलाड़ियों ने अपने अच्छे अंदाज में खेल का बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं विजेता और उप विजेता को शील्ड देकर सम्मनित किया गया। बता दें कि जिस गाँव में यह फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया है। वह पहाड़ के वादियों से गाँव घिरा हुआ है।यही कारण था कि कुछ दिनों पूर्व उग्रवादियों का डेरा रहा करता था। साथ हीं अज्ञानता के कारण पुरे क्षेत्र में अफीम की खेती लहलहाता नजर आता था। जिससे उपजाऊ भूमि को बंजर बना दिया गया था। जिसे लेकर पुलिस ने पुलिस और पब्लिक के बीच मधुर सम्बंध बनाने को लेकर इस तरह खेल का आयोजन किया गया है। चुकी यह गाँव बिलकुल हीं सुदूरवर्ती क्षेत्र है। मौके पर लावालौंग थाना प्रभारी बमबम कुमार, मुखिया नेमन भारती, मिथलेश चौबे, राजेश कुमार, मुकेश कुमार के अलावे पंचायत के सभी मुखिया एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण दर्शक और खिलाड़ी शामिल थे।





# बिजली विभाग की उदासीनता के चलते एक 13 वर्षीय आदिवासी बच्ची की गई जान

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक ,ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 3 सितंबर 2023 :- बगोदर प्रखंड के मुण्डरो पंचायत अन्तर्गत कोलहरिया आदिवासी टोला में विजली की पोल में लपेटा गया तार की चपेट तेरह वर्षीय आशा कुमारी की मौत हो गई। मौत की खबर पाकर मौके पर पहुंचे जिप सदस्य दुर्गेश कुमार ने विजली बिभाग को जिम्मेवार बताया और कहा कि बिभाग के कर्मचारी कभी ध्यान नहीं देते जिसका परिणाम इस तरह के होते हैं, परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।



# जिप उपाध्यक्ष ने किया 39वां आजाद कप फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन।

**भारी बारिश में फुटबॉल खेल खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन।**

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवादादाता चतरा**

चतरा(झारखंड)03 सितम्बर 2023:- जिले के इटखोरी प्रखंड के पथरिया गांव के मैदान में 39वे आजाद कप फुटबाल टूनामेंट का आयोजन रविवार को शुरू हुआ। राष्ट्रगान के पश्चात जिला परिषद के उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने अतिथियों की उपस्थिति में फुटबाल को कीक मारकर टूनामेंट का शुभारंभ किया। उद्घाटन मुकाबला कृष्णा क्लब सिंदुवारी तथा आजाद क्लब पथरिया के बीच खेला गया। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने खिला-ड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए मैदान में उतरे। उन्होंने कुछ समय के लिए पथरिया टीम की ओर से फुटबाल मैच खेला। इस मौके पर अपने संबोधन में जिला परिषद के उपाध्यक्ष ने हर वर्ष फुटबाल टूनामेंट का आयोजन करने के लिए आयोजन समिति की प्रशंसा की। उद्घाटन समारोह में पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा, पुलिस उपाधीक्ष-ाक केदारनाथ राम, पुलिस निरीक्षक शिव प्रकाश कुमार, भाजपा के पूर्व प्रत्याशी सुजीत भारती, दंत चिकित्सक शालिनी शर्मा ने भी संबोधित किया।पहला मैच पथरिया और सिंदुवारी टीम के बीच खेला गया।इसमें सिंदुवारी टीम ने पथरिया टीम को 3-2 गोल से हराया। मैच के दौरान भारी बारिश भी हुई। मगर मैच भारी बारिश में हीं संपन्न हुआ। इस मौके पर भाजपा के जिला मंत्री सतीश सिंह, किसान मोर्चा के जिला मंत्री टुन्नी सिंह,भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष देव कुमार सिंह, कोनी मुखिया रंजय भारती, कमेंटेटर सुशील वर्मा, शिव कुमार राणा, जीतेन्द्र रजक, श्री राम चौरसिया, लोकेश रजक,। टूनामैच को सफल बनाने में टूनामेंट कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना सिंह, सचिव प्रमोद दांगी, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी निशांत कुमार सिंह एवं खेल प्रबंधक गणेश दांगी, नितेश रजक और विक्की कुमार व कप्तान दिनेश विश्वकर्मा, उप कप्तान सुभाष राणा आदि जुटे हुए हैं।समिति सदस्य सेंकड़ो के संख्या में उपस्थित थे।

# लोहा लदे ट्रक से 6 बोरा डोडा जप्त, चालक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण शेखर सुमन ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड )**

ईचागढ़ - सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के मिलन चौक में एक लोहा लदे ट्रक से ईचागढ़ पुलिस द्वारा बोरा में डोडा चूर्ण बरामद कर जप्त कर लिया गया। पुलिस ट्रक सहित डोडा चूर्ण बोरा को जप्त कर लिया व चालक राजु को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ट्रक चालक से पुछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार जमशेदपुर से लोहे का इस्क्राप लेकर ट्रक संख्या पीबी 13 ए आर 1196 पंजाब जा रहा था, जहां ईचागढ़ पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि इस्क्राप लदे ट्रक पर डोडा चूर्ण ले जाया जा रहा है। सुचना पर ईचागढ़ पुलिस मिलन चौक व्यवसायिक सुरक्षा समिति के सदस्यों के सहयोग से ट्रक को पकड़कर जांच किया गया, तो ट्रक के ऊपर केबीन पर बोरा में कुछ छीपाया हुआ मिला। बोरा खोलने पर डोडा चूर्ण बरामद हुआ । ट्रक का जांच पड़ताल थाना



प्रभारी गौरव मिश्रा के देखरेख में किया गया। वहीं पुलिस डोडा सहित ट्रक को जप्त कर लिया व चालक को हिरासत में लेकर पुछताछ में जुटी है। पुलिस पता लगा रही है कि डोडा कहां से लेकर जा रहा था और इस व्यवसाय में किसकी संलिप्तता है। विशेष सुत्र से पता चला कि ईचागढ़ क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर सुनसान जगहों पर पंजाब जाने वाले ट्रकों पर अक्शर डोडा, पोस्ता आदि नशीले पदार्थ ले जाया जाता है और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगती। हांलांकि सरायकेला के नये एसपी के नशे व अबैध कारोबार के खिलाफ थाना प्रभारीयों को सख्त निर्देश के बाद कई थानों में नशीली पदार्थों पर सख्ती दिखाते हुए धर पकड़ में काफी कुछ बरामदगी व कारवाई किया गया है, जिससे अबैध कारोबारियों पर हड़-कंप मचा हुआ है। वहीं एसडीपीओ संजय कुमार सिंह ने बताया कि एक पंजाब नंबर का ट्रक से 6 बोरा में 30किलो डोडा चूर्ण एवं 10 किलो डोडा जप्त कर आगे की कार्रवाई किया जा रहा है।

# रेल टेका आंदोलन को सफल बनाने के लिए की गई बैठक

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड )**

ईचागढ़ - आदिबासि कुड़मि समाज के तत्वावधान में नीमडीह स्टेशन में होने वाले 20 सितंबर से "रेल टेका व डहर छेंका" आंदोलन को सफल बनाने को लेकर प्रखंड अध्यक्ष भोलानाथ महतो की अध्यक्षता में ईचागढ़ प्रखण्ड अंतर्गत सोड़ो पंचायत के जारगोडीह बूढ़ा बाबा मंदिर प्रांगण परिसर में एक तैयारी बैठक का आयोजन सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम का संचालन जिला प्रभारी प्रभात कुमार महतो ने किया। इस कार्यक्रम में जिला के विभिन्न क्षेत्रों से बुद्धिजीवी सह सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता आदिवासी कुड़मि समाज के प्रदेश अध्यक्ष पद्मलोचन महतो ने सम्बोधित करते हुए कहा कि 20 सितंबर 2023 का रेल टेका और डहर छेंका आंदोलन कुड़मि समुदाय नहीं बल्कि कुड़मियों से सरकार करवा रही है। एक साल पहले कुड़मियों ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया था। 8 महीने पहले सीओ के माध्यम से गृह मंत्रालय को अनुरोध किया है एवं 6 महीने पहले फिर से डीसी के माध्यम से गृह मंत्रालय को अनुरोध किया है कि कुड़मियों को अपना पहचान दिया जाए परंतु केंद्र सरकार अब तक कोई चिट्ठी या अनुरोध का जवाब ही नहीं दिया। संविधान पूर्व आदिवासी होने का पुख्ता सबूत होने पर एसटी के लिए एफिनिटी टेस्ट की जरूरत नहीं है। फिर कुड़मियों के पास आदिवासी होने का पुख्ता सबूत, संविधान पूर्व के तथा संविधान बाद के होने पर भी टीआरआई, सीआरआई, ओआरजीआई, एनसीएसटी, कमेंट्स एंड जस्टिफिकेशन, एथनोग्राफिक रिपोर्ट्स आदि के नाम पर एसटी लिस्ट में शामिल करने से क्यों रोक रही है? यह संस्थाएं हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों को क्यों नजर अंदाज कर रहे हैं ? भारत सरकार अपने ही कमीशन रिपोर्ट और नोटिफिकेशन



को क्यों नहीं मान रही है ? आज 73 सालों से कुड़मी जन-समुदाय अपना अस्तित्व और संवैधानिक अधिकार के लिए इंतजार करते आ रहा है । अपना हक के लिए सरकार के सामने कई बार कुड़मी समाज उग्र रूप को भी प्रदर्शित किया है । अबकी बार आर पार की लड़ाई में अंतिम एवं निर्णायक होगी । हमारी मांगें पूरी होने तक यह लड़ाई की ज्वाला धधक उठेगी। ऐसे ही आंदोलन तीनों राज्यों में एक साथ होने जा रहा है। हमारी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम मानसुन सत्र के पश्चात अगर कुड़मी जनजाति को एसटी सुची में सुचीबध्द न होने पर झाड़खंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल अर्थात तीनों राज्यों में फिर से एक साथ आर्थिक नाकेबंदी सहित अनिश्चितकालीन " रेल टेका (रोको) एवं डहर छेंका " 20 सितंबर 2023 से पुनः प्रारंभ होगी। इस बार झाड़खंड में चार जगहों पर नीमडीह, गोमो, मुरी एवं घाघरा में, ओडिशा में जराइकला (सुंदरगढ़), हरिचंदनपुर (क्योंझर), धनपुर (मयूरभंज) तीन जगहों पर एवं पश्चिम बंगाल में कुशटांढ़ एवं खेमाशूली दो जगहों पर रेल टेका (रोको) कार्यक्रम का संकल्प लिया गया है। इसमें प्रत्येक स्टेशन में हजारों एवं लाखों की भीड़ शामिल होंगे।

कार्यक्रम में जिला प्रभारी प्रभात कुमार महतो, कुकरू प्रखंड सचिव सीमंत कुमार महतो, समाजसेवी अशोक पुनअरिआर, जनसंपर्क सचिव गुणधाम मुतरुआर आदि ने भी मुख्य रूप से सभा को संबोधित किया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकिशोर महतो, परमेश्वर महतो, प्रणेश्वर महतो, रवींद्रनाथ महतो, घनश्याम महतो, रामविलास महतो, रंजीत महतो, हरेकृष्ण महतो, जीतू राम महतो, रवि महतो, लखविंदर महतो, दुर्गा चरण महतो, रामू महतो, आदि का अहम योगदान रहा।

# श्री राम पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव सह प्राइज नाईट आयोजित

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 03 सितंबर 2023:– आदित्यपुर के भाटिया बस्ती स्थित श्री राम पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव पूरे हर्ष और उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी रविन्द्र नाथ चौबे ने दीप प्रजवलित करके किया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यालय प्रांगण में उपस्थित विद्यालय के बच्चों तथा उनके अभिभावक से सफल होने के गुण बताए। और जीवन मे कैसे रसायन, भौतिक के अहमियत पर बच्चो को जोर डालने को कहा और अपने जीवन मे इस्का समागम कैसे हो वो भी बताया। उन्होंने संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय डॉ० श्री राम प्रसाद को याद करा और उनके शिक्षा में योगदान की भूमिका को अहम मानते हुए स्कूल का उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एच० ए० ल० के पूर्व जी एम आशुतोष कुमार सिन्हा और गंगोत्री नर्सिंग होम के मैनेजिंग डायरेक्टर जे०एन० दास भी मौजूद थे।कार्यक्रम में संस्था के निदेशक पंकज प्रसाद ने अपने संबोधन में



बताया कि वो प्रोफेशनल शिक्षा में 1999 से कार्य कर रहे है और अब औपचारिक शिक्षा में कदम रख के भी 12 साल हो गए। उन्होंने विद्यालय में उत्तम श्रेणी की सुविधा और शिक्षा प्रदान करने की अपने संकल्प को दोराहा और आने वाले दिनों में बच्चो की चौतरफा विकास को और मजबूत करने की बात कही ताकि बच्चे आने वाले दिनों में किसी भी परिस्थिति में अवल रह सके। इस कार्यक्रम में बच्चो को उनके ऐकडेमिक प्रदर्शन को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें सर्टिफिकेट प्रदान अतिथियों के द्वारा की गई।

इस आयोजन में विद्यालय के बच्चो ने रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें नाच गाना के साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा बच्चो और समाज को संदेश भी दिया गया।इस कार्यक्रम में बच्चो के साथ बड़ी तादात में उनके अभिभावक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के वोट ऑफ थैंक्स विद्यालय के सचिव श्रीमती रिंकी मूनका प्रसाद ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्था के आशीष पहाड़ी, मोहमद समशेर, सविता,नीलम, उषा, शम्पा,सुमित्रा, अर्चना, पूजा, कंचन, ज्योत्सना, लियोनिता, नीतू, शंकर, सुमित और कमलेश और सैकत ने एहम भूमिका निभाया।

# हेंसल: 22 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर कुल 106 यूनिट किया गया रक्तसंग्रह

**रविकांत गोप,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर(झारखंड)03सितंबर2023: राजनगर प्रखंड के हेंसल बजरंगबली पूजा कमेटी के तत्वावधान में रविवार को 22 वां स्वेचिक रक्तदान शिविर का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कमेटी के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया ।रक्तदान शिविर में युवाओं में खासा रुझान देखने को मिला।वहीं हेंसल हाता,जुड़ी,पोटका,सिजुलता,राजनगर एवं विभिन्न क्षेत्र से आये रक्तदाताओं ने स्वेच्छा पूर्वक रक्तदान किया। इस बार कई ऐसे रक्तदाता भी शिविर में पहुंचे जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया।शिविर में जमशेदपुर ब्लड बैंक द्वारा रक्तसंग्रह किया गया।हालांकि रक्तदान के समय जोरदार बारिश होती रही,लेकिन रक्तदान के प्रति युवाओं का उत्साह इतना कि बारिश होने के बावजूद भी शिविर में भीड़ उमड़ी रही।और कुल 106 यूनिट रक्तसंग्रह किया गया।

शिविर में डालमिया सीमेंट भारत



लिमिटेड जमशेदपुर ब्रांच का भी रहा योगदान

रक्तदान शिविर में कमेटी के सदस्य सह महाकुड़ इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर उत्तम महाकुड़ द्वारा शिविर में डालमिया सीमेंट को आमंत्रित किया गया था।जिनके द्वारा रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाने और मनोबल को बढ़ाने का कार्य किया।साथ ही साथ आकर्षक गिफ्ट देकर रक्तदाताओं को प्रोपसहित किया। मार्केटिंग टीम सेल्स ऑफिसर विजेन्द्र सिंह,सत्यम द्विवेदी,निखिल लायक आदि शामिल थे।

मौके पर बजरंगबली पूजा कमेटी के अध्यक्ष गोपाल सरकार, सचिव मनोज पटनायनक,आनंद साहू, विनोद ज्योतिषी, अशोक प्रधान,जमीनी महाकुड़, विद्याधर गोप,नीबू प्रधान,जोरासिंह साहू,संजीत अधिकारी,गणेश पहाड़ी,रजनी महाकुड़, अरुण बारीक ,आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।वहीं कार्यक्रम के सफल आयोजन में कमेटी के सक्रिय सदस्य मानस साहू,विशेय प्रधान,अशोक मिस्त्री, सुधान्य ज्योतिष, भोलानाथ गोप,लालटू गोप,आलोक ज्योतिष,पोल्टु गोप,प्रशांत पाणिग्राही, अजीत महाकुड़, देवाशीष पटनायनक, सोमनाथ गोप,चंडी गोप,वीरेन्द्र साव,अमूल्य गोप,सुभाष गोप, आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# अरूवां में विधायक दशरथ गागराई ने दुर्गा शेड निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां**

कुचाई प्रखंड अंतर्गत अरूवां में रविवार को विधायक दशरथ गागराई ने दुर्गा शेड कार्य निर्माण का शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर किया। उक्त योजना का निर्माण विधायक योजना मद टीएसपी वित्तीय वर्ष 2023-24 से किया जाएगा। इस दौरान उक्त गांव के महिला समूह द्वारा विधायक दशरथ गागराई को पीसीसी सड़क निर्माण के लिए एक ज्ञापन सौंपा। वहीं विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि क्षेत्र की हर छोटी बड़ी विकास कार्यों को धीरे-धीरे पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के उत्थान के लिए कई



योजनाएं सरकार चला रही है। सरकार योजना बनाकर विकास कार्यों को अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचाने काम कर रही है।सरकार द्वारा संचालित हो रही योजना से गांव की तस्वीर बदलेगी। गांव के विकास से ही देश का विकास संभव है। मौके पर खरसावां के जिला परिषद सदस्य कालीचरण बानरा, विधायक प्रतिनिधि मांगीलाल पुरती, सीताराम सरदार, हरिचरण सरदार, सुभाष सरदार,प्रवीण सिंह ठाकुर,चंद्र मोहन महतो,महेश्वर उरांव,सोम कुमार, राजेश कुम्हार,सीमा मुंडा,समेत काफी संख्या में गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

# चांडिल: सरायकेला जिले के नीमडीह थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है

**दैनिक समाज जागरण दयाल लायक ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड)**

जहां एक महिला ने पहले अपनी तीन बेटियों को कुएं में फेंककर मौत के घाट उतार दिया उसके बाद खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली` यह घटना बीते गुरुवार की बताई जा रही है` पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी और परिजनों ने सभी शवों का दाह संस्कार कर दिया` इस बीच पुलिस तब रेस हुई जब शुक्रवार को पुलिस को रघुनाथपुर स्थित कुरकुट वन में 31 वर्षीय महिला शंतना हांसदा का शव फंदे से झूलता मिला ` शनिवार को पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की पाया कि महिला ने आत्महत्या से पूर्व अपनी तीन बेटियों सेफाली (12), दिपाली (10) और रूपाली (9 माह) को घर के पास स्थित कुएं में फेंक कर मार डाला था` दो वर्षीय बेटी खेलने के कारण किसी तरह बच गई ग्रामीण इस घटना का कारण आर्थिक तंगी



बता रहे हैं बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह तीनों बच्चियों की कुएं में मौत के बाद शवों को निकालकर परिवारवालों और गांव वालों ने अंतिम संस्कार कर दिया घटना गुरुवार सुबह 11:00 बजे की है, लेकिन पुलिस को इसका पता शुक्रवार को चला इस घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई पुलिस तो शंतना की लाश नीमडीह के जंगल में मिलने के बाद जब छानबीन करने लगी तो सारी बातें परत दर परत खुलने लगीं गुरुवार को घटना के दौरान महिला का पति सुबोध हांसदा घर से बाहर था वह ट्रैक्टर चालक है सूचना मिलने के बाद वह घर पहुंचा तो देखा कि उसका परिवार खत्म हो चुका है उसका रो-रोकर बुरा हाल है वह अपनी दो वर्षीय बच्ची के साथ सदमे में है पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है

# ईचागढ़ एवं कुकडू प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का आतंक: फसलों को किया नष्ट, वन विभाग को हाथी भगाने का निर्देश

**दैनिक समाज जागरण शेखर सुमन ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड )**

सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ एवं कुकडू प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में हाथियों के झुंड के आगमन ने किसानों के लिए बड़ी समस्याएं पैदा की हैं। यह हाथियों के हमले से ग्रामीणों की फसलों को नष्ट कर दिया गया है, जिससे उनका आत्मविश्वास टूट गया है।

**हाथियों की दहलीज पर प्रखंड क्षेत्र में**

प्रखंड क्षेत्र में हाथियों के झुंड का आगमन गांवों के किसानों के लिए बड़ी समस्या बन चुका है। ये हाथियाँ अपने भोजन की तलाश में अभयारण्य से बाहर आकर किसानों के खेतों में घूमती हैं और वहां की फसलों को अपना निवाला बना लेती हैं, जिससे फसलें नष्ट हो जाती हैं। इसके बाद ये हाथियाँ ग्रामीणों के मकानों को क्षतिग्रस्त करती हैं और वहां के लोगों पर हमला करती हैं, जिससे लोगों के जीवन में खतरा बढ़ जाता है। विशेष रूप से कुकडू, और ईचागढ़ प्रखंड के गांवों में हाथियों का आगमन रात को होता है, जिससे ग्रामीण डर से कांप उठते हैं।

**किसानों की चिंताओं का समाधान**

इस समस्या के समाधान के लिए सरायकेला खरसावां के जिला परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती मधुश्री महतो ने वन विभाग को हाथी भगाने के लिए तत्काल कदम उठाने का आदेश दिया है। वहन विभाग को बाहर से आवागमन करने वाले हाथियों को रोकने और ग्रामीणों की फसल सुरक्षित करने के लिए कठिन कदम



उठाने का निर्देश दिया गया है। श्रीमती महतो ने यह भी निर्देश दिया है कि ग्रामीणों को टार्च लाइट और पटाखे प्रदान करने का इंतजाम किया जाए, ताकि वे रात के समय अपने मकानों को सुरक्षित रख सकें। साथ ही किसानों की फसलों की क्षति पूर्ति हेतु वन विभाग से फसलों का आवेदन विभागीय स्तर से त्वरित भरने का भी निर्देश दिया गया है। इसके अलावा, श्रीमती मधुश्रि महतो ने वन विभाग को आगामी हाथियों के आगमन के बारे में सचेत रहने और ग्रामीणों की सुरक्षा को महत्वपूर्ण मानते हुए उचित कदम उठाने का सुनिश्चित किया है।

**किसानों की आंदोलन की संभावना**

इसके बिना, ग्रामीणों की आक्रोश बढ़ सकता है और वे वन विभाग के खिलाफ जन आंदोलन कर सकते हैं। इसलिए, श्रीमती महतो ने समस्या के समाधान के लिए वन विभाग को कदम उठाने का आदेश देने के साथ-साथ वाणिज्यिक और जलवायु परिवर्तन के कारण हाथियों के झुंड के बढ़ते आगमन को भी ध्यान में रखने की सलाह दी है।

**कुकडू के ग्रामीणों की चिंता और उम्मीदें**

कुकडू क्षेत्र के ग्रामीण अब यह उम्मीद कर रहे हैं कि वन विभाग के कदम से हाथियों के झुंड का आगमन नियंत्रित होगा और उनकी फसलों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। यह उम्मीद है कि सरकार और वन विभाग समस्या के समाधान के लिए सकारात्मक कदम उठाएंगे, ताकि ग्रामीणों का जीवन फिर से सुरक्षित और अनुपम हो सके।

# मोदी सरकार का चुनावी स्टंट है एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में 200 की कटौती कर लोगो को ठग रही है: कांग्रेस

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 03 सितम्बर 2023:झ सरायकेला जिले के आदित्यपुर स्थित स्वर्णरेखा गेस्ट हाउस में रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा केंद्र की मोदी सरकार द्वारा एलपीजी सिलेंडर गैस मेंड्ढ200 की कटौती समेत कई मुद्दों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार, जिला प्रभारी संजीव श्रीवास्तव आदि शामिल हुए.अपने संबोधन में कार्यकारी जिला अध्यक्ष ने कहा कि कहा की वन नेशन वन इलेक्शन भी मोदी जी का चुनावी जुमला है,कहा कि मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में चुनाव हारने जा रहे हैं. जिसको लेकर वन नेशन, वन इलेक्शन का एक जुमला तैयार किया गया है. जिला प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि कहा की पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव को देखते हुए मोदी सरकार ने एलपीजी का दाम कम किया है.जबकि एक दशक में 400 के सिलेंडर को 1200 तक पहुंच कर 200 दाम कम कर जनता के जख्मों पर मरहम लगाने का काम किया है. कहा कि कहां की केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर तथा गरीबों को और गरीब बना रही है.पिछले दो 10 को में एलपीजी सिलेंडर की मूल्य वृद्धि पर बारीकी से नजर डालने पर देश की जनता की आंखें खुल जाएगी. स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है कि एलपीजी सिलेंडर की कीमत भाजपा के शासन में ही बढ़ाई गई है.इसके अलावे मोदी सरकार ने पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी विगत 7 साल में ढाई सौ प्रतिशत बढ़ाया है, जबकि डीजल में 850% की बढ़ोतरी की गई है। इन तमाम आंकड़ों के बावजूद मोदी सरकार द्वारा महंगाई को झूठलाया जाना यह प्रदर्शित करता है कि महंगाई को काबू करना मोदी सरकार के बस में नहीं है. कांग्रेसियों ने खाद्य पदार्थों में हो रहे बेतहाशा मूल्य वृद्धि पर केंद्र सरकार को घेरा है. पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस प्रदेश सचिव सुरेशधारी, नगर अध्यक्ष राहुल यादव समेत कई कांग्रेसी मौजूद थे. गौरतलब हैं कि इन्हें मुद्दों को लेकर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सरायकेला जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन के माध्यम से केंद्र सरकार पर हमला बोला जाएगा।

# बोंटा पंचायत भवन में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का जन जागरण बैठक

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के बोंटा पंचायत भवन में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का पंचायत स्तरीय बैठक किया गया जिसमें झारखंड में स्थानीय नीति, नियोजन नीति, विस्थापन नीति, उद्योग नीति, डिमना डैम विस्थापित लोगों को अभी तक उचित मुआवजा नहीं मिलने के संबंध में चर्चा किया गया और बैठक में आगे की रणनीति को कैसे सफल बनाया जाए उसके बारे में चर्चा किया गया ताकी डिमना डैम विस्थापित लोगों अपना हक,अधिकार मिले। इस बैठक में सोम मार्डी, मंगल मार्डी,शिव शंकर महतो, लालचंद महतो, बहादुर सहिस सहित दर्जनों आंदोलनकारी उपस्थित थे।

# काबलु महतो टीएमएच अस्पताल पहुंचकर चांडिल के लेंगडीह निवासी बैकुंठ महतो का हाल चाल जाना.

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड)**

विगत दिनों जहरीले सांप के काटने से सीसीयू में इलाजरत एवं चांडिल बाजार निवासी स्वर्गीय आनंद प्रमाणिक के बेटे राकेश प्रमाणिक डेंगू से पीड़ित होने पर उनका इलाज टीएमएच अस्पताल में चल रहा है दोनों का हाल चाल जाना। इस दौरान काबलु महतो ने चिकित्सकों से बात कर उनके तबीयत के बारे में जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने दोनों परिवार के परिजनों से भी मिलकर बात चीत कि।

# स्थानीय खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं : ईचागढ़ विधायक सविता महतो

**दैनिक समाज जागरण शेखर सुमन ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड )**

ईचागढ़ - चांडिल प्रखंड के डोबो में डोबो संग्राम समिति एवं भादूडीह पंचायत के हामसादा में रविवार को 16 दलों के बीच एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में



ईचागढ़ के विधायक सविता महतो शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान विधायक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्थानीय खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है। खिलाड़ी मन लगाकर खेल को खेले और अपना लक्ष्य की प्राप्ति करें। इस दौरान प्रतियोगिता में विजई दलों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक, केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, जिला सचिव बुद्धेश्वर मारडी, मुखिया बुद्धेश्वर बेसरा समेत आयोजक कमेटी के सदस्य व फुटबॉल प्रेमी उपस्थित थे।

# सरायकेला- खरसावां जिले के कपाली ओपी क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है

**दैनिक समाज जागरण दयाल लायक ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड)**

कई बार चोर पकड़े भी जाते हैं और कई बार चोरों का नामोनिशान तक नहीं मिलता ताजा मामला कपाली ओपी क्षेत्र के अलबेला गार्डन का है जहां अलबेला गार्डन के रहने वाले समीर खान के घर में चोरों ने घर का दरवाजा तोड़कर घर में रखे लाखों के समान



पर हाथ साफ कर दिया` इस संबंध में समीर खान ने बताया कि चोरों के द्वारा घर में रखे अलमारी को तोड़कर 3 लाख 75 हजार रुपए, दो सोने की चेन, दो सोने की अंगूठी, चार चांदी का चैन, दो रोलेक्स की घड़ी एवं दो मोबाइल फोन की चोरी कर ली गई` समीर ने बताया कि उनका एक घर मानगो के सहारा सिटी में भी है` वह शनिवार को अपने परिवार संग सहारा सिटी गया हुआ था` सुबह 9 बजे के करीब उसके पड़ोसी ने फोन कर बताया कि घर में चोरी हो गई है` सूचना पाते ही वह घर पहुंचा` घर पहुंचने पर पाया कि घर का दरवाजा टूटा हुआ है` इसके बाद उसने अपने स्तर से चोर की खोजबीन की लेकिन जब कुछ पता नहीं` इस संबंध में समीर ने कपाली ओपी में लिखित शिकायत की है` फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है

# क्षत्रिय जागृति मंच के अध्यक्ष बने नंदन कुमार उर्फ.चिंटू सिंह व उपाध्यक्ष मुन्ना कुमार सिंह

**समाज जागरण सत्येन्द्र चौरसिया प्रखण्ड संवाददाता नौडीहा बाजार**

पलामू (झारखंड)03सितंबर2023:- नौडीहा बाजार प्रखंड के क्षत्रिय जागृति मंच के बैनर तले रविवार के नंदन कुमार सिंह उर्फ चिंटू सिंह के आवास मे क्षत्रिय समाज की बैठक आहूत की गई । बैठक की अध्यक्षता नंदन कुमार सिंह और सफल संचालन तिलक कुमार सिंह ने किया । बैठक मे सर्व



सहमति से क्षत्रिय जागृति मंच इकाई नौड़ीहा बाजार के अध्यक्ष नंदन कुमार सिंह उर्फ चिंटू सिंह ,उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह- अजित कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष गुड्डु सिंह,मीडिया प्रभारी रौशन कुमार सिंह ,बिट्टू सिंह ,लल्लू सिंह एवं संगठन के संरक्षक रामाशीष कुमार के अलावा प्रत्येक गांव के पांच पांच सदस्य का चयन किया गया। इस बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा नेता सह पूर्व उपाध्यक्ष जिला परिषद पलामू के श्री बिनोद कुमार सिंह और नव निर्वाचित अध्यक्ष नंदन कुमार सिंह ने वीर कुंवर सिंह व लक्ष्मी बाई और भारत माता के प्रतिमा पर मालायार्पण का कार्यक्रम किया गया। इस बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे सम्बोधित करते हुए कहा कि आज भी हमारे समाज कुछ लोग रास्ते से भटक गये है वैसे लोगों को संगठन मे जोड़ने का काम किया जायेगा। वही पर नव निर्वाचित अध्यक्ष नंदन कुमार सिंह ने कार्यक्रम के सम्बोधित करते हुए कहा समाज ने मुझे मान सम्मान दिया है उसे मै निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करेंगे और सर्व सहमति से जो मुझे ताजपोशी किया है उसे हमेशा सम्मान करेंगे। इस बैठक मे भूषण कुमार सिंह ,प्रमोद कुमार सिंह ,प्रो संजय कुमार सिंह,चंद्र भूषण कुमार सिंह,मंटू कुमार सिंह ,पप्पू सिंह,धर्मेंद्र कुमार सिंह ,संतोष कुमार सिंह ,जितेंद्र सिंह ,पिंटू सिंह ,विनय कुमार सिंह सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

# बोड़ाम: बिंदास फुटबॉल टीम, बोड़ाम ने जीता 1 लाख पुरस्कार

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पश्चिम बंगाल के बंदवान प्रखंड के चिरुडीह ग्राम में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बिंदास फुटबॉल टीम, बोड़ाम ने वन मैन आर्मी डेंजर फुटबॉल टीम को 3-0 से हरा कर 1 लाख रुपया का पुरस्कार जीता जिसमें बिंदास फुटबॉल टीम के खिलाड़ी कृष्ण सिंह, सुकदेव सिंह और सनातन सिंह ने एक-एक गोल किया। बिंदास फुटबॉल टीम के खिलाड़ी अच्छे प्रदर्शन कर अपने प्रखंड का नाम रोशन दुसरे राज्य में भी जा कर रहे हैं इससे बोड़ाम प्रखंडवासी गर्व महसूस कर रहे हैं।फाइनल मैच में बिंदास फुटबॉल टीम के खिलाड़ी कृष्ण सिंह, देवेन सिंह, देवेन महतो, मनोज महतो, गोलक सिंह, विकास महतो, सुनिल सिंह, सनातन सिंह, विरबल बास्के, सुकदेव सिंह,मंगल माण्डी, संजय माण्डी, युधिष्ठिर मुर्मू सभी ने बहुत अच्छा खेल दिखाया।